* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

23 अप्रैल, 2024
चैत्र, शुक्ल पक्ष, पूर्णिमा
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
मंगलवार, वर्ष 09, अंक 183

कलम कलम बढ़ाये जा
# आजाद सिपाही







# सिंहभूम लोकसभा सीट से गीता कोड़ा ने भरा नामांकन

## ■ आज से असली जंग शुरू : गीता कोड़ा

## ■ कांग्रेस और झामुमो भ्रष्टाचार के सहोदर भाई : बाबूलाल

आजाद सिपाही संवाददाता

**चाइबासा।** पश्चिमी सिंहभूम लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी गीता कोड़ा ने सोमवार को निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त कुलदीप चौधरी के समक्ष नामांकन दाखिल किया। इस मौके पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, जेबी तुबिद, गीता बलमुचू और संजय पांडेय मौजूद थे। नामांकन के बाद गीता कोड़ा ने कहा कि आज से असली और विधिवत रूप से जंग शुरू हो गयी है। हम लोग पूरी तरीके से तैयार हैं। वहीं, बाबूलाल मरांडी ने कहा कि कांग्रेस और झामुमो भ्रष्टाचार के सहोदर भाई हैं। इस बार एनडीए गठबंधन को 14 सीट जीतनी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 400 सीट लेकर तीसरी बार देश की बागडोर संभाले, यही निवेदन करने आया हूं। नामंकन कार्यक्रम में भाजपा के संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दिनेशानंद गोस्वामी, राज्यसभा सांसद प्रदीप वर्मा, जिलाध्यक्ष संजय पांडेय, सुबोध सिंह गुड्डू, आरती कुजूर, जेबी तुबिद, बड़कुवर गहराई, शशिभूषण समद सहित कई अन्य मौजूद थे।



**चोरों के सरदार बनेंगे, तो जांच एजेंसी जेल में डालेगी ही:** बाबूलाल मरांडी ने कहा कि कोल्हान क्षेत्र में जहां आयरन ओर की खदानें बंद पड़ी हुई हैं, वह आज खुल गयी होती, अगर ऑक्शन कराया गया होता। लेकिन झामुमो की सरकार को ऑक्शन नहीं कराना था। क्योंकि वह रोजगार विरोधी है। उन्हें बस लूटना आता है। लूटते-लूटते आज हेमंत सोरेन जेल पहुंच गये हैं। कल्पना सोरेन को इडी की 191 पेज की चार्जशीट को पढ़ना चाहिए। बाबूलाल ने कहा कि भाजपा ने झारखंड बनाया। कांग्रेस ने कभी भी झारखंड का भला नहीं चाहा। वह तो चाहती ही नहीं थी कि झारखंड राज्य बने। वह तो अटल बिहारी वाजपेयी की देन है, जिन्होंने झारखंड राज्य हमें दिया। कांग्रेस ने अपने शासन काल में गांव की तरफ झांका भी नहीं। उनके राज में गांव में न सड़क थी न ही बिजली। कोई साधन नहीं था। भाजपा राज में गांव में अच्छी सड़कें हैं, बिजली है। आज सभी चोर परेशान हैं कि मोदी जी कैसे पीएम नहीं बनें, लेकिन मोदी जी ने ठाना है कि सभी भ्रष्टाचारी जेल की सलाखों के पीछे होंगे। हेमंत सोरेन जब मुख्यमंत्री थे, तो नदी-नाला से बालू तक नहीं छोड़ा। दिल्ली-मुंबई से दलाल को बुलाते हैं और बालू को लुटाते हैं। दारू में घोटाला हो रहा है। लोहा लूटा, कोयला लूटा, पत्थर लूटा। हेमंत सोरेन ने झारखंड को दलालों के हाथों सौंप दिया था। कौन सा मुख्यमंत्री है, जो अपने और पत्नी के नाम से खदान ली। इसीलिए हेमंत सोरेन जेल में हैं। इंडी गठबंधन कहता है कि भाजपा की सरकार बनेगी तो जमीन लूट लेगी। इतने साल झारखंड में भाजपा की सरकार रही, कोई बता दें कि कहां जमीन लूटी गयी है। लूटा तो हेमंत सोरेन ने है, कांग्रेस के लोगों ने लूटा है। हेमंत सोरेन की कहां जमीन नहीं है।

**हमारे साथ नरेंद्र मोदी की गारंटी:** गीता कोड़ा ने कहा कि मैदान में जोबा मांझी तो हैं, साथ ही उनके पीछे चंपाई सोरेन भी हैं। हमारे साथ नरेंद्र मोदी हैं और उनकी गारंटी भी है। यह लड़ाई नीति और नियति के साथ है। सामने जो प्रतिद्वंद्वी हैं, उसके पास न नीति है न सिद्धांत है। झारखंड मुक्ति मोर्चा ने झारखंड के लोगों के साथ छल किया है। झामुमो के नेताओं ने झारखंड के भोले-भाले लोगों को ठगा है। उनके साथ धोखेबाजी की है। जिस आशा-उम्मीद के साथ जनता ने सरकार को चुना, उनके साथ धोखा हुआ है। उन्हें गर्त में धकेलने का काम हुआ है। आज झारखंड में लोग भुखमरी, बेरोजगारी, शिक्षा के लिए तरस रहे हैं। केंद्र की मोदी सरकार की योजनाओ को भी यहां की सरकार ने बैरिकेड लगाने का काम किया है। झामुमो के नेता घड़ियाली आंसू बहाने का काम कर रहे हैं।

# आज अर्जुन मुंडा और कालीचरण करेंगे नामांकन

## अर्जुन मुंडा की तरफ से राजनाथ सिंह और काली चरण की तरफ से सीएम चंपाई रहेंगे

**रांची (आजाद सिपाही)। राज्य में चार चरणों में लोकसभा चुनाव होने हैं। इसके लिए 22 अप्रैल से भाजपा प्रत्याशियों ने नामांकन भी शुरू कर दिया है। खूंटी सीट से अर्जुन मुंडा मंगलवार को नामांकन करेंगे। इस दौरान उनके साथ केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी रहेंगे। 24 अप्रैल को पलामू और लोहरदगा से क्रमश: वीडी राम और समीर उरांव नामांकन करेंगे। वीडी राम के साथ केंद्रीय मंत्री वीके सिंह, जबकि समीर के साथ गुजरात के सीएम भूपेंद्र भाई पटेल भी रहेंगे। पटेल रांची आकर यहां से लोहरदगा जायेंगे। वहीं, खूंटी से इंडी गठबंधन प्रत्याशी कालीचरण मुंडा भी**





**मंगलवार को नामांकन दाखिल करेंगे। इस मौके पर मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन सहित कांग्रेस प्रदेश प्रभारी गुलाम मीर अहमद, विधायक दल के नेता आलमगीर आलम, प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, वित्त और खाद्य आपूर्ति मंत्री रामेश्वर उरांव, कृषि मंत्री बादल पत्रलेख, स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता समेत अन्य नेताओं के मौजूद रहने की उम्मीद है।**

# चमरा लिंडा ने खरीदा नामांकन पर्चा

**गुमला (आजाद सिपाही)। झामुमो के बिशुनपुर विधायक चमरा लिंडा ने आखिरकार चुनावी मैदान में उतरने का बिगुल फूंक ही दिया है। वह निर्दलीय चुनाव मैदान में उतर रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक सोमवार को उन्होंने नामांकन के लिए पर्चा खरीद लिया है। वह 24 अप्रैल को नामांकन दाखिल करेंगे। उन्होंने अपने प्रतिनिधि के माध्यम से नामांकन के लिए पर्चा मंगवाया।**



# पश्चिम बंगाल में 25 हजार शिक्षकों की नियुक्ति रद्द

## ■ हाइकोर्ट का आदेश, आठ साल का वेतन लौटायें

## ■ ममता बोलीं, फैसला गैरकानूनी सुप्रीम कोर्ट जायेंगे

आजाद सिपाही संवाददाता

**कोलकाता।** लोकसभा चुनाव के बीच कलकत्ता हाइकोर्ट की ओर से बंगाल सरकार को तगड़ा झटका लगा है। हाइकोर्ट की खंडपीठ ने सोमवार को बंगाल के स्कूल भर्ती घोटाले में 2016 का पूरा नियुक्ति पैनल रद्द करने का निर्देश दिया। हाइकोर्ट ने पश्चिम बंगाल स्कूल सेवा आयोग (एसएससी) की ओर से नौवीं, दसवीं और 11वीं, 12वीं में ग्रुप सी और ग्रुप डी में सभी नियुक्तियों को अवैध ठहराते हुए 25,753 लोगों की नौकरी रद्द करने का निर्देश दिया। इन लोगों को चार हफ्ते के भीतर 12 प्रतिशत की दर से ब्याज समेत पूरा वेतन लौटाना होगा। कोर्ट ने जिला अधिकारियों को छह हफ्ते के भीतर इन लोगों से रुपये वसूली करने का निर्देश दिया है। उधर, हाइकोर्ट के आदेश को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने गैरकानूनी बताया है। उन्होंने कहा कि हम उन लोगों के साथ खड़े रहेंगे, जिनकी नौकरियां चली गयीं। भाजपा नेता न्यायपालिका के फैसलों को प्रभावित कर रहे हैं। इस फैसले के खिलाफ हम सुप्रीम कोर्ट जायेंगे।

न्यायमूर्ति देबांशु बसाक और न्यायमूर्ति मोहम्मद शब्बीर रशीदी की खंडपीठ ने कहा कि पैनल अवधि समाप्त होने के बाद नौकरी की कोई वैधता नहीं है। इसके साथ ही खंडपीठ ने स्कूल सेवा आयोग को शून्य पदों पर नयी नियुक्ति शुरू करने का निर्देश दिया। खंडपीठ ने कहा कि सीबीआइ की जांच जारी रहेगी और केंद्रीय एजेंसी जिसे चाहे हिरासत में ले सकती है। हाइकोर्ट



ने 23 लाख परीक्षार्थियों की ओएमआर (उत्तर पुस्तिका) शीट के पुनर्मूल्यांकन का भी निर्देश दिया। इससे योग्य परीक्षार्थियों की नियुक्ति के रास्ते खुले हैं। जस्टिस देवांग्शु बसाक और जस्टिस शब्बर रसीदी की बेंच ने कहा कि कैंसर पीड़ित सोमा दास की नौकरी सुरक्षित रहेगी। पश्चिम बंगाल स्कूल सेवा आयोग नयी नियुक्ति प्रक्रिया शुरू करे।

बता दें कि यह घोटाला साल 2014 का है। उस समय पश्चिम बंगाल स्कूल सेवा आयोग ने सरकारी स्कूलों में शिक्षकों की भर्ती निकाली थी, जिसकी प्रक्रिया साल 2016 में शुरू की गयी थी। इन नियुक्तियों में अनियमितताओं की अनेक शिकायतें सामने आयी थीं, जिसमें कहा गया था कि जिन उम्मीदवारों के नंबर कम थे योग्यता सूची में उनके नाम सबसे ऊपर थे। वहीं जिनके नाम योग्यता सूची में नहीं थे, उन लोगों को भी नौकरी दी गयी थी। नौकरी चाहने वाले लंबे समय से यह शिकायत करते हुए प्रदर्शन कर रहे हैं कि उनकी योग्यता के बावजूद उन्हें नौकरी नहीं मिली। इस भर्ती घोटाले में तत्कालीन शिक्षा मंत्री पार्थ चटर्जी, दो विधायकों मानिक भट्टाचार्य और जीबनकृष्ण साहा और पार्टी के कई नेताओं कुंतल घोष, शांतनु बंद्योपाध्याय, सुजय कृष्ण भद्र और अन्य को गिरफ्तार किया गया है।




# चुनाव लड़ने पर निर्णय आज : सरयू

- फिर भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो पर साधा निशाना

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** विधायक सह भारतीय जन मोर्चा के प्रमुख सरयू राय ने कहा है कि धनबाद से लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए पांच लोगों की कमेटी बनायी गयी है। यह कमेटी तय करेगी कि मुझे चुनाव लड़ना चाहिए या नहीं। कमेटी की बातों से अवगत होने के बाद इसकी मंगलवार को आधिकारिक घोषणा कर दी जायेगी। सरयू राय सोमवार को सारायढेला में संवाददाता सम्मेलन में बोल रहे थे। इस मौके पर उन्होंने एक बार फिर भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो पर निशाना साधा। सरयू राय ने कहा कि चुनाव आयोग ने एक नियम बनाया है कि अगर किसी पार्टी के प्रत्याशी के ऊपर कोई गंभीर आरोप है, तो उन्हें चुनाव नहीं लड़ने दिया जायेगा। भाजपा की ओर से चुनाव आयोग को दी गयी सफाई में कहा गया है कि चार मामलों में प्रत्याशी को सजा मिल चुकी हं। जो भी इन पर केस चल रहे हैं वह बदले की भावना से किये गये हैं। यह पार्टी के सबसे अच्छे कार्यकर्ताओं में एक हैं, श्रेष्ठ कार्यकर्ता हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा के कार्यकर्ताओं को सोचना होगा कि यह उनका सम्मान है या अपमान। क्योंकि 2014 में बाघमारा को ढुल्लू के आतंक से मुक्त करने को लेकर भाजपा का सभी प्रमुख अखबारों ने बयान प्रमुखता से छपा था। ढुल्लू पर करीब 22 ऐसी धाराएं हैं, जिनमें पांच से 10 साल की सजा का प्रावधान है। इन पर अभी भी कई ऐसे कैस हैं, चल रहे हैं, जिसमें 5 से 10 साल सजा का प्रावधान है। ऐसे में पार्टी को सोचना होगा कि अगर 400 पार में धनबाद को रख रहे हैं, तो पार्टी को इस पर विचार करने की जरूरत है। प्रेस कांफ्रेस में मोर्चा के पदादिकारी धर्मेंद्र तिवारी, पीएन सिंह, आशीष शीतल मुंडा समेत अन्य लोग मौजूद थे।



### चुनाव से पहले ही भाजपा का खाता खुला


# सूरत के कैंडिडेट मुकेश दलाल निर्विरोध जीते

- कांग्रेस कैंडिडेट का पर्चा रद्द हुआ, आठ ने नाम वापस लिया

आजाद सिपाही संवाददाता

**सूरत।** लोकसभा चुनाव में भाजपा का खाता खुल गया है। गुजरात की सूरत लोकसभा सीट से सोमवार को भाजपा उम्मीदवार मुकेश दलाल निर्विरोध चुने गये। दरअसल, यहां से कांग्रेस कैंडिडेट नीलेश कुंभाणी का पर्चा रद्द हो गया था। उनके पर्चे में गवाहों के नाम और हस्ताक्षर में गड़बड़ी थी। इस सीट पर भाजपा और कांग्रेस समेत 10 प्रत्याशी मैदान में थे। रविवार को सात निर्दलीय प्रत्याशियों ने अपना नामांकन वापस ले लिया था। बीएसपी कैंडिडेट प्यारे लाल भारती ही बचे थे, जिन्होंने सोमवार को पर्चा वापस ले लिया। इस तरह मुकेश दलाल निर्विरोध चुने गये। मुकेश निर्विरोध निर्वाचित होने वाले भाजपा के पहले सांसद बने हैं। वहीं, गुजरात के चुनावी इतिहास में भी यह पहला मौका है, जब कोई सांसद बिना चुनाव लड़े जीता है।

**कांग्रेस बोली, कानूनी लड़ाई लड़ेंगे:** गुजरात कांग्रेस अध्यक्ष शक्ति सिंह गोहिल ने कहा कि हमारी लीगल टीम सभी पहलुओं की पड़ताल कर रही है। कानूनी टीम इस बात पर विचार कर रही है कि पहले हाइकोर्ट में याचिका दायर की जाये या फिर सीधे सुप्रीम कोर्ट से गुहार लगायी जाये।




घोषणापत्र पर दंगल

# पीएम मोदी ने साधा निशाना, तो खड़गे ने मांगा मिलने का समय

- मोदी ने कहा था, कांग्रेस लोगों की कमाई ज्यादा बच्चे वालों में बांटेगी
- खड़गे ने कहा, मोदी जी को अपना मैनिफेस्टो समझाना है

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस यदि सत्ता में आती है, तो वह लोगों की संपत्ति लेकर मुसलमानों को बांट देगी। दूसरे चरण की वोटिंग से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इस बयान ने सियासी हलचल बढ़ा दी है। वहीं इस बयान के बाद कांग्रेस और भाजपा दोनों में ठन गयी है। इस बीच कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा है कि वह प्रधानमंत्री से मिलेंगे और पार्टी के घोषणा पत्र के बारे में उन्हें समझायेंगे।

**क्या कहा मोदी ने :** प्रधानमंत्री ने एक चुनावी सभा में कहा कि अगर कांग्रेस की सरकार बनेगी तो हरेक की प्रॉपर्टी का सर्वे किया जायेगा। कांग्रेस केंद्र की सत्ता में यदि आती है तो वह लोगों की संपत्ति लेकर मुसलमानों को बांट देगी। मोदी ने यह बात पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के एक बयान का हवाला देते हुए कही। उसमें उन्होंने कहा था कि देश के संसाधनों पर 'पहला



हक' अल्पसंख्यक समुदाय का है। मोदी ने कहा कि ये अर्बन नक्सल वाली सोच है। मेरी माताओ-बहनों ये आपका मंगलसूत्र भी बचने नहीं देंगे। इस हद तक चले जायेंगे। उन्होंने दावा करते हुए कहा ये कांग्रेस का घोषणापत्र कह रहा है कि वे माताओं बहनों के सोने-जेवरात का हिसाब करेंगे, उसकी जानकारी लेंगे और फिर उस संपत्ति को बांट देंगे।

**क्या कहा कांग्रेस अध्यक्ष ने:** मोदी की इन बातों का लोगों में काफी असर हो रहा है। कांग्रेस परेशान है। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि पीएम हमारे मैनिफेस्टो को सही से समझ नहीं पाये हैं। उनसे मिल कर उन्हें मैनिफेस्टो समझाना है। खड़गे ने मोदी से मिलने के लिए समय मांगा है। वहीं, कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने कहा कि मैनिफेस्टो की प्रतियां हमारे पार्टी नेताओं और लोकसभा उम्मीदवारों की तरफ से प्रधानमंत्री को भेजी जायेंगी। वेणुगोपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री ने जो कहा, वह हमारे मैनिफेस्टो में नहीं है। वे वोटों के लिए सांप्रदायिक ध्रुवीकरण की कोशिश कर रहे हैं।

**चुनाव आयोग में शिकायत:** इधर कांग्रेस की तरफ से चुनाव आयोग के समक्ष प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की शिकायत दर्ज करा दी गयी है।

# झारखंड की राजनीति के 'डार्क हॉर्स' हैं सुदेश महतो

## ■ गठबंधन धर्म का पालन करने का उदाहरण पेश कर रहे हैं आजसू सुप्रीमो

## ■ राजनीति को पार्ट टाइम जॉब नहीं मानते, इनके खून में रची-बसी है

**आजाद सिपाही विशेष**

**लोकसभा चुनाव की गहमा-गहमी और राजनीतिक दलों-नेताओं की व्यस्तताओं के बीच से कई ऐसे उदाहरण सामने आते हैं, जो नजीर बन जाते हैं। झारखंड में भी कुछ ऐसा ही माहौल आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो बना रहे हैं। वह न केवल अलग किस्म की राजनीति कर रहे हैं, बल्कि गठबंधन धर्म के पालन के लिए अपना सब कुछ झोंक रहे हैं। आजसू झारखंड की केवल एक सीट पर चुनाव लड़ रही है, लेकिन सुदेश महतो गठबंधन धर्म के तहत भाजपा के लिए जम कर पसीना बहा रहे हैं। चाहे जमशेदपुर हो या चाइबासा, लोहरदगा हो या धनबाद या फिर हजारीबाग, आजसू नेता और कार्यकर्ता हर संसदीय क्षेत्र में ऐसे प्रचार कर रहे हैं, मानो वहां आजसू का ही प्रत्याशी चुनाव लड़ रहा है। वहां बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं की बैठक से लेकर जनसंपर्क अभियान की रूपरेखा तक तय कर ली गयी है। वास्तव में अपनी स्थापना काल से ही आजसू ने हमेशा अलग किस्म की राजनीति की है और इसलिए सुदेश महतो को आज की तारीख में झारखंड की राजनीति का 'डार्क हॉर्स' कहा जाने लगा है। यही कारण है कि सुदेश महतो से सीधे भाजपा का शीर्ष नेतृत्व बातचीत करता है, वह चाहे अमित शाह हों या भूपेंद्र यादव यहां तक कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तक उनका हाथ खींच कर अपने बगल में बैठाते हैं। यह सब तब हो रहा है, जब गठबंधन की अधिक जरूरत भाजपा को है। दरअसल, भाजपा दिसंबर, 2019 के झारखंड विधानसभा चुनाव में आजसू के साथ दोस्ती टूटने का खामियाजा भुगत चुकी है। इसलिए वह आजसू की अहमियत को समझती है। झारखंड की राजनीति में आजसू और सुदेश महतो की अलग और विशिष्ट कार्यशैली वाकई एक ऐसी राजनीतिक धारा का निर्माण कर रही है, जिससे हर राजनीतिक दल को सीखना चाहिए। सुदेश महतो अपनी इस कार्यशैली के कारण ही झारखंड की राजनीति में अलग धारा बना चुके हैं। वह सिर्फ चुनाव में जीत-हार का नफा नुकसान नहीं देखते, बल्कि कई अवसरों पर वह इंसानियत का भी परिचय देते हैं। स्पष्टवादिता में भी उनकी कोई शानी नहीं है। यही कारण है कि आज झारखंड में आजसू की पहचान एक सशक्त राजनीतिक दल की हो गयी है। झारखंड का कोई भी ऐसा विधानसभा क्षेत्र नहीं है, जहां आजसू ने अपनी छाप नहीं छोड़ी हो। हर दल के नेता भी सुदेश महतो की कद्र करते हैं। क्या है सुदेश महतो और आजसू की राजनीतिक धारा और इसका झारखंड के भविष्य पर क्या असर पड़ सकता है, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**


राकेश सिंह

पूरे देश के साथ झारखंड भी इस समय चुनावी तपिश में तप रहा है। हर राजनीतिक दल और नेता चुनावी कार्यों में इतना व्यस्त हैं कि उन्हें कुछ नया सोचने या करने का होश नहीं है। ऐसे में झारखंड की एक पार्टी और उसका नेता ऐसा है, जो अपने सहयोगी के लिए पसीना बहा रहा है। गठबंधन धर्म का पालन करने के लिए वह नेता अपनी पहल पर पूरी पार्टी को सक्रिय कर चुका है। वह इस इंतजार में नहीं बैठा रहा कि जब भाजपा के उम्मीदवार उसको बुलायेंगे या भाजपा नेतृत्व उनसे आग्रह करेगा तक चुनावी कार्य शुरू करेंगे। हम बात कर रहे हैं आजसू पार्टी और उसके अध्यक्ष सुदेश महतो की। आजसू पार्टी वैसे तो राज्य में केवल एक सीट गिरिडीह से चुनाव लड़ रही है, लेकिन बाकी 13 सीटों पर सुदेश महतो भाजपा के लिए जम कर मेहनत कर रहे हैं। जमशेदपुर, चाइबासा, हजारीबाग, लोहरदगा और धनबाद में आजसू पार्टी पूरी तरह भाजपा के पक्ष में काम करने में जुटी हुई है। खुद सुदेश महतो भी पूरे राज्य का दौरा कर भाजपा के लिए वोट मांग रहे हैं। वह इस इंतजार में नहीं रहते कि भाजपा वाले उन्हें हेलीकॉप्टर भेजेंगे और वह चुनाव प्रचार करेंगे। वह अपने संसाधन से कूच कर रहे हैं और हर सीट पर एनडीए उम्मीदवार के पक्ष में माहौल बना रहे हैं।

ऐसे में सवाल उठता है कि सुदेश महतो ऐसा क्यों कर रहे हैं। भाजपा की जीत से उन्हें क्या लाभ होगा। यही सवाल सुदेश महतो को सुदेश महतो और आजसू पार्टी को आजसू पार्टी बनाता है। आजसू पार्टी और सुदेश महतो राजनीति की उस धारा का निर्माण कर रहे हैं, जिसमें गठबंधन धर्म के पालन के लिए कहीं कोई दुराव-छिपाव नहीं होता है। इस सवाल का जवाब जानने के लिए बस पांच साल पहले झारखंड के विधानसभा चुनाव में लौटना होगा, जब भाजपा और आजसू की दोस्ती टूट गयी थी। एक नेता के अहंकार के कारण दोनों दलों में दूरियां इतनी बढ़ गयीं कि विधानसभा चुनाव में दोनों की मिट्टी पलीद हो गयी। भाजपा जहां महज 25 सीटों पर सिमट गयी, वहीं आजसू भी केवल दो सीट ही जीत सकी थी। विधानसभा चुनाव के परिणाम ने साबित कर दिया कि भाजपा और आजसू की दोस्ती टूटने के कारण दोनों को कम से 15 सीटों का नुकसान हुआ। विधानसभा चुनाव के तीन महीने बाद भाजपा को आजसू से दोस्ती के महत्व का आभास हुआ और अब आजसू एक बार फिर भाजपा की मदद के लिए मैदान में उतर चुका है।



2019 में हुए लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने आजसू के साथ अपनी दोस्ती को नया आयाम दिया था और गिरिडीह सीट उसके लिए छोड़ दी थी। आजसू ने भी निराश नहीं किया और गिरिडीह सीट जीत कर उसने भरोसा कायम रखा। इसके बाद विधानसभा चुनाव के दौरान दोनों की दोस्ती टूट गयी, तो दोनों को नुकसान उठाना पड़ा। लेकिन अब आजसू अपने दोस्त की मदद के लिए मैदान में है, तो राजनीति की नयी इबारत जरूर लिखी जायेगी।

### क्यों राजनीति के 'डार्क हॉर्स' हैं सुदेश महतो

सुदेश महतो ने झारखंड बनने के बाद से एक कुशल राजनीतिज्ञ के रूप में अपनी अलग पहचान स्थापित की है। अपने गृह क्षेत्र सिल्ली से लगातार दो बार विधानसभा का चुनाव हारने के बावजूद उन्होंने पार्टी के साथ-साथ अपना हौसला भी बनाये रखा। उन्होंने हमेशा मुद्दों की राजनीति की है और गंभीरता से अपनी पार्टी की रणनीति निर्धारित की है। विधानसभा में भी उनकी बात सभी पक्ष के सदस्य गंभीरता से सुनते हैं। अपने एक-एक कार्यकर्ता के साथ कंधे से कंधा मिला कर खड़ा रहना सुदेश के विशिष्ट गुणों में शामिल है। उनकी यही कार्यशैली उन्हें दूसरे राजनेताओं से अलग करती है। मई 2019 में हुए संसदीय चुनाव में उन्होंने भाजपा की जितनी मदद की थी, उसकी तारीफ चारों तरफ हुई थी। उस चुनाव में पहली बार भाजपा ने आजसू के लिए गिरिडीह सीट छोड़ दी थी, जो उसकी सीटिंग सीट थी। इसके बदले आजसू ने राज्य की दूसरी 13 सीटों पर भाजपा के लिए जम कर पसीना बहाया था। फिर बंगाल चुनाव में पहली बार भाजपा ने आजसू के लिए एक सीट छोड़ कर साबित किया कि वह अपने सहयोगी की कद्र करती है।

सुदेश महतो ने पिछले पांच-छह साल में अपनी पार्टी का जिस रफ्तार से विस्तार किया है, वह किसी अचंभे से कम नहीं है। आज की तारीख में आजसू का संगठन झारखंड के हरेक गांव में है और यह केवल नाम के लिए नहीं है, बल्कि पूरी तरह सक्रिय है।

दरअसल आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो हमेशा से ऐसे मुद्दों की तलाश में रहते हैं, जिन पर काम कर पार्टी को लगातार विस्तार दिया जा सके। 2019 के विधानसभा चुनाव से पहले भी सुदेश महतो लगातार पदयात्रा कर आम लोगों से जीवंत संपर्क में रहे थे। यही कारण है कि आजसू का संगठन आज झारखंड के हर गांव में है। चुनाव में भले ही आजसू को दो सीटें ही मिलीं, लेकिन भाजपा को इसके अलगाव की बड़ी कीमत चुकानी पड़ी थी। इसके बाद से ही झारखंड की राजनीति में आजसू के महत्व को भाजपा ने समझा। सुदेश की दूर की राजनीति की रणनीति ने कई बार साबित किया है कि आजसू लीक से हट कर चलती है। आरक्षण और नियोजन जैसे मुद्दे उठा कर सुदेश ने एक बार फिर यही बात साबित की थी और उनके फैसले ने बाकी दलों को पीछे छोड़ दिया था। सुदेश महतो की एक खासियत यह भी है कि वह राजनीति के तराजू पर संबंधों को तिलांजलि नहीं देते। अपने या पार्टी के लाभ के लिए वे अपने किसी सक्रिय कार्यकर्ता या नेता की बलि नहीं चढ़ाते। इसका सबसे बड़ा उदाहरण लोहरदगा में नीरू शांति भगत हैं। कमल किशोर भगत के नहीं रहने के बावजूद सुदेश महतो ने नीरू शांति भगत को राजनीति में स्थापित किया। यहां तक कि 2019 के चुनाव में भाजपा के साथ समझौता नहीं होने के पीछे लोहरदगा सीट भी एक बड़ा कारण बनी। भाजपा के तत्कालीन मुख्यमंत्री रघुवर दास ने कांग्रेस नेता सुखदेव भगत को भाजपा में शामिल करवाया था। भाजपा चाहती थी कि आजसू वह सीट भाजपा के लिए छोड़ दे, लेकिन सुदेश महतो ने अपने कर्तव्य का पालन करते हुए कमल किशोर भगत की पत्नी नीरू शांति भगत को लोहरदगा से आजसू का उम्मीदवार बनाया। जीत तो नहीं मिली, लेकिन उसका खामियाजा भाजपा को भी भुगतना पड़ा। सुखदेव भगत वहां से चुनाव हार गये। उस हार ने सुखदेव भगत को हिला कर रख दिया और अंततः उन्होंने भाजपा की छोड़ने का फैसला कर लिया।

भारतीय राजनीति में आरक्षण और नियोजन जैसे मुद्दे कितने संवेदनशील हैं, यह बात दोहराने की जरूरत नहीं है। आरक्षण पर कोई भी बात तत्काल असर करती है और किसी भी दल का स्टैंड तत्काल परिणाम देता है। इसी तरह नियोजन या बेरोजगारी भी युवाओं से जुड़ा मुद्दा है, जिसके उठाने से इस वर्ग पर अलग असर पड़ता है। तभी तो हर दल चुनाव में नौकरी की बात करता है, लेकिन यह केवल आजसू ही है, जिसने चुनाव के बाद भी इस मुद्दे को जीवित रखा है। यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगी कि पिछले 21 साल में केवल आजसू ने ही राजनीति की अलग लकीर खींची है और कदम-दर-कदम चल कर इसने अपना स्थान हासिल किया है। आगे का समय भी आजसू का हो सकता है, लेकिन उसके लिए उसे लंबा सफर तय करने को तैयार रहना होगा।

आजसू से दोस्ती का लाभ भाजपा को तो मिलेगा ही, खुद सुदेश महतो और आजसू भी भाजपा के लिए झारखंड में महत्वपूर्ण साबित होगी, क्योंकि यहां की जमीनी राजनीति में और खासकर कुर्मी मतदाताओं में सुदेश से मजबूत पकड़ कम से कम भाजपा के किसी नेता की तो नहीं है। अब यह देखना दिलचस्प होगा कि भाजपा और आजसू के मजबूत रिश्ते का झारखंड की सियासत पर क्या असर पड़ेगा और दोनों दलों को इसका कितना लाभ मिलेगा, लेकिन इतना जरूर है कि झारखंड में सुदेश महतो जैसे राजनीतिज्ञ की हमेशा जरूरत रहेगी।

# भाजपा राज से जनता मुक्ति चाहती है: सुप्रियो

## कहा- बसंत सोरेन की तबीयत ठीक नहीं, सुदिव्य सोनू गांडेय में व्यस्त थे

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** उलगुलान रैली को झामुमो ने सफल बताया है। महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने इसके लिए इंडी गठबंधन के घटक दलों का आभार व्यक्त करते हुए जनता को धन्यवाद दिया। वहीं कहा कि प्रभात तारा मैदान में जन सैलाब यह बताता है कि अब देश में परिवर्तन की बयार बन चुकी है। लोग परिवर्तन चाहते हैं। भाजपा राज से जनता मुक्ति चाहती है। उलगुलान न्याय महारैली से अब स्पष्ट हो गया है कि झारखंड का मूड क्या है। हम लोगों ने महसूस किया कि जन नेता



हेमंत सोरेन के साथ हुए अन्याय को लेकर लोगों के अंदर आक्रोश है। भाजपा को समझ लेना चाहिए कि जनता क्या चाहती है और बयानवीर को सार्वजनिक तौर पर माफी मांगनी चाहिए।

### मारपीट की घटना भाजपा की ओर से प्रायोजित थी

सुप्रियो ने कहा कि महारैली में मारपीट की जो घटना घटी, वह अप्रत्याशित थी। लगता है कि भाजपा की तरफ से उसे प्रायोजित किया गया था। भाजपा ने हताश और निराश होकर ऐसा काम किया है। मारपीट की घटना टारगेटेड थी, जो बीजेपी का कर्मकांड है।

बता दें कि झामुमो की अगुआई में उलगुलान न्याय महारैली का आयोजन 21 अप्रैल को किया गया था। इस कार्यक्रम का पूरा जिम्मा जेएमएम को सौंपा गया था, लेकिन इंडी गठबंधन के इतने बड़े कार्यक्रम में गिरिडीह विधायक सुदिव्य कुमार सोनू और पूर्व सीएम हेमंत सोरेन के छोटे भाई बसंत सोरेन की कार्यक्रम में अनुपस्थिति चर्चा का विषय बनी हुई है। इस पर सफाई देते हुए पार्टी के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि गिरिडीह विधायक गांडेय में व्यस्त थे। बसंत सोरेन की तबीयत खराब हो गयी थी। इसकी वजह से यह दोनों लोग कार्यक्रम में शामिल नहीं हो पाये।

# मारपीट मामले में दोनों पक्षों ने दर्ज करायी प्राथमिकी

आजाद सिपाही संवाददाता

**आचार संहिता उल्लंघन में जेएमएम के रांची जिलाध्यक्ष को नामजद आरोपी बनाया**

**रांची।** राजधानी के प्रभात तारा मैदान में रविवार को आइएनडीआइए की उलगुलान न्याय महारैली में हुई मारपीट मामले में सोमवार को दोनों पक्षों ने धुर्वा थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी है। एक पक्ष की ओर से चतरा लोकसभा सीट से कांग्रेस के उम्मीदवार केएन त्रिपाठी के भाई नंद गोपाल त्रिपाठी ने धुर्वा थाना में मारपीट की धाराओं में प्राथमिकी दर्ज करायी है। वहीं जिला प्रशासन ने जेएमएम के जिलाध्यक्ष समेत अन्य के खिलाफ आचार संहिता उल्लंघन का मामला दर्ज कराया है। इस प्राथमिकी में कहा गया है कि प्रभात तारा मैदान में दिन के 02.30 बजे चल रहे कार्यक्रम में काला बिल्ला लगा कर 23-25 लोग घुस गये और विरोध करने लगे। जब उन्होंने इसका विरोध किया तो उन पर कुछ लोगों ने हमला कर दिया। डंडे से उनके सिर पर हमला किया गया, जिसमें उनका सिर फट गया। इसमें प्रभु दयाल समेत 24 लोगों को आरोपित बनाया गया है। इधर, दूसरे पक्ष ने भी मारपीट समेत अन्य आरोपों में प्राथमिकी दर्ज करायी है। पुलिस ने दोनों पक्ष के आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच-पड़ताल शुरू कर दी है।

### क्या है मामला

महारैली में गठबंधन के नेता जनता को संबोधित कर रहे थे। इसी दौरान केएन त्रिपाठी के खिलाफ नारेबाजी शुरू हो गयी और फिर दोनों पक्षों में भिड़ंत हो गयी। दोनों दलों के कार्यकर्ता एक-दूसरे पर कुर्सी और डंडे आदि लेकर टूट पड़े। वहां मौजूद लोगों और सुरक्षाकर्मियों ने बीच-बचाव की कोशिश की, लेकिन तब तक कुछ लोगों को चोट लग चुकी थी। इससे रैली में अफरातफरी मच गयी। रैली में शामिल लोग भागने लगे। इस दौरान कई लोग जमीन पर गिर पड़े। इस मारपीट की घटना में चतरा से गठबंधन प्रत्याशी केएन त्रिपाठी के भाई नंद गोपाल त्रिपाठी का सिर फट गया।

# 29 अप्रैल को कल्पना गांडेय सीट के लिए करेंगी नामांकन



**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना मुर्मू सोरेन 29 अप्रैल को गांडेय सीट के लिए नामांकन दाखिल करेंगी। कल्पना सोरेन अब सक्रिय रूप से राजनीति का हिस्सा बन गयी हैं। दूसरी तरफ बीजेपी ने गांडेय विधानसभा उपचुनाव के लिए दिलीप कुमार वर्मा को अपना प्रत्याशी बनाया है। गांडेय उपचुनाव 20 मई को होना है। कल्पना सोरेन की दावेदारी से यह चुनाव काफी रोमांचक हो गया है। बता दें कि हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी 31 जनवरी को हुई। उनकी गिरफ्तारी के कुछ दिनों के बाद से ही कल्पना ने राजनीति ज्वाइन कर ली है। वह झामुमो का प्रमुख चेहरा बन गयी हैं।

### 31 दिसंबर से खाली है सीट

गौरतलब है कि गांडेय विधानसभा क्षेत्र के लिए उपचुनाव 20 मई को होंगे। गिरिडीह जिले की गांडेय सीट झारखंड मुक्ति मोर्चा विधायक सरफराज अहमद के इस्तीफे के बाद खाली हुई है। यह सीट 31 दिसंबर, 2023 से खाली है।

# भाजपा ने उलगुलान रैली को बताया परिवार तंत्र को मजबूत करने का जरिया

## रैली के सेंटर में कल्पना सोरेन, सीएम चंपाई सोरेन हुए किनारे : प्रतुल

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने सोमवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रेस ब्रीफिंग करते हुए न्याय उलगुलान रैली को परिवार तंत्र को मजबूत करने का जरिया बताया। प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल ने कहा कि रैली के दौरान कल्पना सोरेन को केंद्र में रख कर अगला नेता के रूप में प्रोजेक्ट करने की कोशिश की गयी। कल्पना सोरेन बिल्कुल केंद्र में बैठी रहीं, जबकि मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन को मंच पर उनके पद के हिसाब से उचित स्थान नहीं मिला। जब मुख्यमंत्री को बोलने का मौका दिया गया तो उनके समर्थन में नारे नहीं लगे और उस समय तक सभा स्थल से भीड़ जा चुकी थी। मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन का भाषण शुरू होने के वक्त मंच से कई बड़े नेता उतर कर चले गये। यह एक आदिवासी मुख्यमंत्री का अपमान के समान है। प्रतुल ने कहा कि संविधान बचाने की बात करने वाले इंडी गठबंधन के लोगों को बताना चाहिए की 1975 में आपातकाल क्यों लगाया और 1976 में 42वें संशोधन के जरिए संविधान के मूल स्वरूप से छेड़छाड़ करने की कोशिश क्यों की गयी? 42वें संशोधन के जरिये उच्च न्यायालय, सर्वोच्च न्यायालय और राज्यों की शक्तियों को भी छीन कर पीएमओ को दे दिया गया था। बाद में सर्वोच्च न्यायालय ने इसके विवादास्पद मुद्दों को खारिज कर दिया था। प्रतुल ने कहा कि लोकतंत्र बचाने की बात कहने वाले लोगों की रैली में सहयोगी दल के सैकड़ों समर्थकों के बीच में खूनी संघर्ष हुआ। कइयों के सिर फट गये। कई को अस्पताल में भर्ती करना पड़ा। प्रतुल ने कहा कि अब निराश हताश झामुमो और कांग्रेस बीजेपी पर हंगामा का आरोप लगा रही है, जबकि वीडियो फुटेज से स्पष्ट है कि कांग्रेस और राजद के नेता, कार्यकर्ता एक दूसरे को पीट रहे थे।

### बसंत सोरेन हुए नाराज, विनोद बिहारी महतो, निर्मल महतो और दुर्गा सोरेन को भूल गयी पार्टी



**प्रतुल शाहदेव ने कहा कि प्रभात तारा मैदान में रैली के एक दिन पूर्व बसंत सोरेन निरीक्षण करते नजर आये, लेकिन रैली के दिन पूर्णतः गायब रहे। मीडिया में ये खबरें फैलीं कि इस रैली से सिर्फ कल्पना सोरेन को प्रोजेक्ट करना था। सोरेन परिवार के किसी दूसरे सदस्य को नहीं बोलने देना था। संभवतः इसी कारण से वह नहीं आये और झारखंड मुक्ति मोर्चा इस मुद्दे पर झूठ बोलता नजर आया। रविवार को देर शाम उनके प्रवक्ता ने कहा कि वह अपने घर में दुमका से आये कार्यकर्ता को खाना खिला रहे थे, तो आज दोपहर में उनके एक अन्य प्रवक्ता ने कहा कि उनको डिहाइड्रेशन हो गया था। प्रतुल ने इस संबंध में दोनों प्रवक्ताओं के वीडियो को भी दिखाया। प्रतुल ने कहा कि रैली में शिबू सोरेन, हेमंत सोरेन, कल्पना सोरेन जिंदाबाद के नारे लगे। लेकिन झारखंड मुक्ति मोर्चा के संस्थापक में शुमार स्व विनोद बिहारी महतो, स्व निर्मल महतो और स्व दुर्गा सोरेन को पार्टी में पूर्ण रूप से भुला दिया गया। प्रतुल ने कहा कि जो कुछ भी रैली में हुआ, वह चाहे मारपीट की घटना हो या मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन का अपमान, वह परिवार वादी इंडी गठबंधन की सच्चाई को दर्शाता है।**

# कम मतदान से टेंशन में चुनाव आयोग, अब नया प्लान तैयार

बड़ा मुद्दा

सलोनी



**लोकसभा** चुनाव के पहले चरण में हुए मतदान का आंकड़ा करीब 65.5 फीसदी तक पहुंचा। बीते शुक्रवार को 21 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 102 निर्वाचन क्षेत्रों में वोटिंग हुई। लोकसभा चुनाव के लिए अब 6 अन्य चरण (26 अप्रैल, 7 मई, 13 मई, 20 मई, 25 मई और 1 जून) शेष हैं। मतगणना 4 जून को होगी। पहले चरण में सबसे ज्यादा सीट पर मतदान हुआ। हालांकि, वोटिंग में पिछले आम चुनाव की तुलना में इस बार करीब 3 प्रतिशत की गिरावट आयी है। इसे लेकर चुनाव आयोग भी चिंतित है और मतदान बढ़ाने को लेकर कुछ नयी रणनीतियों पर जोर दिया जा रहा है।

जानकारी के मुताबिक, चुनाव आयोग से जुड़े एक सीनियर अधिकारी ने बताया कि घटे मतदान को लेकर चिंता बढ़ी है। वोटिंग बढ़ाने के लिए कई सारी कोशिशें की गयीं, मगर उनका बहुत हद तक नतीजा नहीं मिला। उन्होंने कहा, इसी ने लोगों को वोट डालने के लिए प्रेरित करने को लेकर जबरदस्त काम किया। इसे लेकर कई सारे प्लान बनाये गये। साथ ही अलग-अलग प्रोग्राम के जरिए लोगों को जागरूक किया गया। जानी-मानी सेलिब्रिटीज की ओर से भी इसके लिए अपील की गयी। बीसीसीआइ के साथ मिल कर आइपीएल को भी प्लेटफार्म के तौर पर यूज किया गया। हालांकि, ऐसा लगता है जैसे कि ये प्रयास नाकाफी साबित हुए।

कम मतदान के कारणों पर हो रहा विचार

सूत्रों के हवाले से बताया गया कि इसी के अधिकारी फिलहाल उन कारणों पर विचार कर रहे हैं, जिनके चलते मतदान प्रतिशत नीचे आया। वीकेंड पर इसे लेकर बैठकें हुईं और अलग-अलग कारणों पर चर्चा की गयी।

चुनाव आयोग अब कुछ नये प्रोग्राम लेकर आगे आयेगा और मतदाताओं को जागरूक करने का पूरा प्रयास किया जायेगा। झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने कहा कि पूरे राज्य में वोटर अवेयरनेस प्रोग्राम जारी है। उन्होंने कहा कि मतदान के बाद सभी वोटर अवेयरनेस फोरम अपने संस्थान से जुड़े मतदाताओं की प्रतिक्रिया से आयोग को अवगत करायेंगे। इसके लिए गैर सरकारी संस्थानों में वोटर अवेयरनेस फोरम गठित है।

## पहले चरण में कम मतदान के बाद माइक्रो मैनेजमेंट में जुटी भाजपा



पहले चरण के लोकसभा चुनाव में हिंदी पट्टी के राज्यों में कम मतदान से सतर्क भाजपा ने अब मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव की तर्ज पर बूथ स्तर पर माइक्रो मैनेजमेंट में सारी ताकत झोंकने का फैसला किया है। पार्टी नेतृत्व ने राज्य इकाइयों से कहा है कि समर्थक मतदाताओं को हर हाल में बूथ तक पहुंचना सुनिश्चित करें। पार्टी के रणनीतिकारों का मानना है कि केंद्रीय मुद्दे के अभाव, प्रचंड गर्मी और कुछ दूसरे कारणों से समाज के सभी वर्गों के मतदान में कमी आयी है। पार्टी के वरिष्ठ चुनावी रणनीतिकार के मुताबिक प्रथम चरण के बाद शीर्ष स्तर पर बूथ प्रबंधन को लेकर नये सिरे से माथापच्ची हुई है। राज्य इकाइयों को लगातार समीक्षा करने और मतदाताओं को बूथ तक पहुंचाने के निर्देश दिये गये हैं। उन्होंने कहा, बीते साल मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव में भी कोई केंद्रीय मुद्दा नहीं था। ऐसे में पार्टी ने बूथ स्तर पर माइक्रो मैनेजमेंट के जरिए समर्थक मतदाताओं को बूथ तक पहुंचाने में सफलता हासिल की थी। इसी कारण दोनों राज्यों में हमें बड़ी सफलता हाथ लगी थी।

चुनावी हथियार

## नेताओं के पुराने वीडियो बन गये हैं चुनावी हथियार सोशल मीडिया के जरिये कर रहे एक-दूसरे पर वार

राजवीर



**लोकसभा** चुनाव में जनसंपर्क, रोड शो और जनसभाओं के अलावा भी पक्ष-विपक्ष का संघर्ष चल रहा है। सोशल मीडिया के सभी प्लेटफार्म इस चुनावी संघर्ष का मैदान बने हुए हैं। इसमें नेताओं के पुराने भाषणों के वीडियो सबसे प्रभावी हथियार बने हुए हैं। मजे की बात यह है कि हर दल के पास ऐसे 'हथियार' मौजूद हैं। सभी दलों के वॉर रूम में सक्रिय सोशल मीडिया टीम विरोधी दलों के नेताओं के पुराने वीडियो खोज कर उपयोगिता के हिसाब से उसे समकालीन परिस्थितियों में पेश कर रही है। दलों के अलावा उनके समर्थक भी अपने-अपने सोशल मीडिया अकाउंट से ऐसी सामग्री परोस रहे हैं। पाला बदल कर गठबंधन करने वाले नेताओं को भी जम कर ट्रोल किया जा रहा है। हालत यह है कि सभी दलों और गठबंधन में ऐसे नेता मौजूद हैं, जो पूर्व में अपने वर्तमान सहयोगी दल को ही जम कर खरी-खोटी सुनाते रहे हैं। यूपी में लोकसभा चुनाव में भाजपा का गठबंधन मुख्य रूप से अपना दल (सोनेलाल), रालोद, निषाद पार्टी और सुभासपा के पास है। इसमें रालोद और सुभासपा के साथ गठबंधन चुनाव से ठीक पहले हुआ है। दोनों ही दल सपा का साथ छोड़ कर भाजपा के साथ आये हैं। ऐसे में इन दोनों ही दलों के नेताओं की भाजपा पर की गयी टिप्पणियों को उनके मौजूदा विरोधी दल जम कर वायरल कर रहे हैं। इसी तरह यूपीए सरकार के शासनकाल में भाजपा के शीर्ष नेताओं द्वारा दिये गये भाषणों और पिछले दो लोकसभा चुनावों में किये गये वायदों को फिर से पेश कर घेरने की कोशिश की जा रही है। अलग-अलग अवसरों पर की गयी कुछ विवादित टिप्पणियों को भी इस समय चुनावी लाभ के लिए नये सिरे से सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर परोसा जा रहा है। कांग्रेस और सपा के गठबंधन पर भी पुराने भाषणों को आधार बना कर हमले किये जा रहे हैं। लोकसभा चुनाव से पहले मध्य प्रदेश में सपा और कांग्रेस का गठबंधन टूट जाने पर सपा के शीर्ष नेतृत्व की टिप्पणी को उनके विरोधी अपना हथियार बनाने में जुटे हैं। कांग्रेस के दिग्गज नेताओं की कई टिप्पणियां और उनके चुनावी भाषण भी खुद कांग्रेस को कठघरे में खड़ा करने में इस्तेमाल हो रहे हैं।

## जब वोट मांगने पहुंचे जदयू सांसद, तो जनता ने ही मांग लिया पांच वर्षों का हिसाब

जागरूक जनता

राजवीर




**पहले** चरण का मतदान खत्म होते ही दूसरे चरण की वोटिंग के पहले की चुनावी हलचल तेज हो गयी है। नेता जनता के घर घर जाकर वोट मांगने पहुंच रहे हैं। ऐसे में एक वीडियो बहुत तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें वोट मांगने पहुंचे नेता से जनता उनके पिछले पांच वर्षों का हिसाब मांगते दिख रही है। मामला जहानाबाद के काको थाना क्षेत्र का है। दरअसल यह वीडियो निवर्तमान सांसद चंदेश्वर प्रसाद चंद्रवंशी, जो एनडीए प्रत्याशी हैं, वह हाजिसराय गांव में वोट मांगने के लिए गये थे। वहां पर जैसे ही गांव के लोगों को पता चला कि सांसद वोट मांगने के लिए आये हैं, तो बड़ी संख्या में लोग जुट गये। लोग उनसे हिसाब मांगने लगे। लोगों ने कहा कि बिहार में अगर बाहरी लोग नौकरी करेंगे तो हम लोग गोल गप्पा बेचेगे? इसके बाद नीतीश सरकार से नाराज युवा शिक्षक भर्ती को लेकर सवाल करने लगे। वीडियो में युवा कहते हुए नजर आ रहे हैं कि जब नौकरी यूपी, एमपी और झारखंड के युवाओं को दे दी, तो वोट भी उनसे ही जाकर मांगिये। 45 हजार बाहर के लोगों को नौकरी मिली है। उनको अगर नहीं देते को यहां के युवाओं को रोजगार मिलता। युवाओं ने कहा कि बिहार में नौकरी अगर उनको मिलेगी, तो हम लोग गोलगप्पा बेचेंगे। जनता उनसे पूछ रही थी कि पांच वर्षों तक आप नजर नहीं आये, अब चुनाव के वक्त नजर आ रहे हैं। इसलिए इस बार आपको वोट नहीं देंगे। सांसद बनने के बाद क्षेत्र में आपने कोई काम नहीं किया। इस दौरान कुछ लोग पेपर आउट होने की शिकायत भी कर रहे थे। सांसद चुपचाप उनकी बातें सुन रहे थे। हालांकि सोशल मीडिया पर यह उनका पहला वीडियो नहीं है, जो वायरल हो रहा है। इससे पहले भी सांसद को विरोध का सामना करना पड़ा है। हालांकि यह वीडियो कब की है, फिलहाल यह स्पष्ट नहीं है। इस क्षेत्र में सातवें चरण में 1 जून को चुनाव होना है।

## पूर्वी दिल्ली सीट पर अब तक नहीं जीत सकी कोई महिला प्रत्याशी

चुनाव क्षेत्र

प्रशांत



**राष्ट्रीय** राजधानी की सात लोकसभा सीटों में से एक पूर्वी दिल्ली से अब तक कोई महिला प्रत्याशी जीत हासिल नहीं कर सकी है। यहां से कुल 19 महिला प्रत्याशियों ने दांव लगाया ,लेकिन कोई भी महिला प्रत्याशी जीत का खाता नहीं खोल सकी। पूर्वी दिल्ली लोकसभा क्षेत्र के मतदाताओं ने किसी महिला प्रत्याशी को सांसद में रूप में नहीं चुना है। वहीं चुनावों में इस बार किसी राजनीतिक पार्टी ने अपना दांव महिलाओं पर नहीं खेला है। इस लोकसभा क्षेत्र को अस्तित्व में आने के बाद कुल 14 चुनाव हो चुके हैं। इनमें से नौ चुनावों में महिला प्रत्याशियों ने अपना भाग्य आजमाया है, लेकिन किसी चुनाव में उन्हें सफलता हाथ नहीं लगी। इसी सीट से पूर्व मुख्यमंत्री शीला दीक्षित और आप नेता आतिशी को हार का सामना करना पड़ा था।

1984 में पहली बार दो महिला चुनावी मैदान में उतरी थीं। इनमें क्रांति तिवारी और हेमा भंडारी शामिल थी। लोकसभा चुनाव में क्रांति को 916 और हेमा को 506 मत मिले थे। इसके बाद 1999 के चुनाव को छोड़ दें तो सभी में महिलाएं मैदान में उतरीं। इस लोकसभा क्षेत्र में सबसे पहला चुनाव वर्ष 1967 में हुआ, उसमें तीन पुरुष प्रत्याशी मैदान में थे। वर्ष 1971, 1977 और 1980 में भी कोई महिला चुनावी महासमर में भाग्य आजमाने नहीं उतरी।

### शीला दीक्षित ने पाये थे सबसे अधिक मत

पूर्वी दिल्ली लोकसभा सीट के इतिहास में सबसे अधिक मत लेने वाली महिलाओं में शीला दीक्षित पहले नंबर पर थीं। वह वर्ष 1998 में कांग्रेस की टिकट पर यहां से चुनाव लड़ी थीं। उन्हें पांच लाख 17 हजार 721 मत मिले थे। इसके साथ ही दूसरे स्थान पर रही थीं। उस साल भाजपा के लाल बिहारी तिवारी सांसद चुने गये थे।

## बिहार की सियासत में दंपतियों का जलवा

चुनावी दंगल

विद्यासागर



**बिहार** की सियासत में कई ऐसे सियासी दिग्गज हुए, जो खुद तो सांसद हुए ही उनकी पत्नी भी सांसद हुईं। ऐसे दंपतियों की संख्या आठ है। इनमें पूर्व मुख्यमंत्री सत्येंद्र नारायण सिन्हा और उनकी पत्नी किशोरी सिन्हा, पूर्व मुख्यमंत्री चंद्रशेखर सिंह और उनकी पत्नी मनोरमा सिंह, निखिल कुमार और उनकी पत्नी श्यामा सिंह, दिग्विजय सिंह और उनकी पत्नी पुतुल देवी, अजीत सिंह और उनकी पत्नी मीना सिंह, आनंद मोहन और उनकी पत्नी लवली आनंद, सूरजभान और उनकी पत्नी वीणा सिंह और पप्पू यादव और उनकी पत्नी रंजीत रंजन शामिल हैं।


पूर्व मुख्यमंत्री सत्येंद्र नारायण सिन्हा ने 1952 में औरंगाबाद से जीत हासिल की। वे इस सीट से 1952, 1957, 1971, 1977, 1980 और 1984 में विजयी हुए। पत्नी किशोरी सिन्हा ने वैशाली से 1980 में और 1984 में जीत दर्ज की। पूर्व मुख्यमंत्री चंद्रशेखर सिंह ने 1980 और 1985 में बांका से चुनाव जीता। उनकी पत्नी मनोरमा सिंह 1984 और 1986 में यहां से चुनाव जीता। सत्येंद्र नारायण सिन्हा के पुत्र निखिल कुमार को भी 2004 में औरंगाबाद से सांसद बनने का अवसर मिला। यहां से उनकी पत्नी श्यामा सिंह को पहले ही 1999 में जीत मिली थी। औरंगाबाद में सत्येंद्र नारायण सिन्हा और उनके पुत्र दोनों को ही जीत मिली। अजीत सिंह ने 2004 के आम चुनाव में बिक्रमगंज से चुनाव जीता। इसके बाद उनकी पत्नी मीना सिंह ने आरा लोकसभा सीट से 2009 में जीत हासिल की। बाहुबली सूरजभान ने 2004 में बलिया लोकसभा सीट से चुनाव जीता। परिसीमन के बाद यह सीट खत्म हो गयी। फिर उनकी पत्नी वीणा सिंह ने मुंगेर लोकसभा सीट पर 2014 में जीत का परचम लहराया। बाहुबली आनंद मोहन 1996 में शिवहर से तो उनकी पत्नी लवली आनंद 1994 में वैशाली से जीतीं। बाहुबली पप्पू यादव पांच बार संसद पहुंचे तो उनकी पत्नी रंजीत रंजन दो बार विजयी हुईं। पूर्व केंद्रीय मंत्री दिग्विजय सिंह और उनकी पत्नी पुतुल देवी दोनों ने बांका क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया। दोनों ने ही इस सीट से निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में चुनाव जीता। दिग्विजय सिंह समता पार्टी के टिकट पर 1998 और 1999 में चुने गये। 2009 बांका से निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में सफलता प्राप्त की। 2010 में उनके निधन के बाद उनकी पत्नी पुतुल कुमारी ने बांका सीट पर निर्दलीय उपचुनाव जीता। दो मौके ऐसे आये जब पति और पत्नी एक साथ संसद पहुंचे। 1984 में औरंगाबाद से सत्येंद्र नारायण सिन्हा और वैशाली से उनकी पत्नी किशोरी सिंसद पहुंची। 2014 में पप्पू यादव ने मधेपुरा और उनकी पत्नी रंजीत रंजन ने सुपौल जीत हासिल की।

## चाउमीन बनाया, समोसे तले, गेहूं काटने खेत में भी उतरे

चुनाव प्रचार

### चुनाव जीतने में कितना कारगर है 'प्रतीकों की पॉलिटिक्स'

अक्षय



**एक** जमाने में फिल्मी पर्दे पर राज करने वाली 'ड्रीम गर्ल' हेमा मालिनी अब अपना लंबा राजनीतिक सफर भी तय कर चुकी हैं। वह मथुरा से बतौर सांसद हैट्रिक लगाने की तैयारी कर रही हैं। फिल्मों की तरह राजनीति में भी वह चर्चा में बने रहने के लिए अक्सर 'स्टंट' करते हुए नजर आती हैं। हाल में उनकी एक ऐसी ही फोटो वायरल हुई, जिसमें वह खेत में गेहूं काट रही महिलाओं के साथ हाथ में हंसिया लिये नजर आ रही हैं। हेमा ने अपनी यह फोटो खुद सोशल मीडिया पर पोस्ट की। जब यह फोटो चर्चा में आयी, तो मथुरा से ही कांग्रेस प्रत्याशी मुकेश धनगर से रहा नहीं गया। वह भी खेत में गये। उन्होंने गेहूं की फसल काटने के बाद वहीं बैठ कर रोटी-चटनी खाते हुए फोटो खिंचवायी। इतना ही नहीं, चुनाव प्रचार के दौरान वह भूसा भी ढो रहे हैं। वह खुद को असली किसान साबित करने में जुटे हैं और हेमा मालिनी को चुनौती भी दे दी है कि वह लगातार एक घंटे तक फसल काट कर दिखायें। बात इन दो प्रत्याशियों तक सीमित नहीं है। लोकसभा चुनाव है तो नेताओं को आम जनता से कनेक्ट होने के लिए प्रचार का यह बेहतर तरीका नजर आ रहा है। कई नेता फसल काटते हुए अपनी फोटो खिंचवा रहे हैं। फसल काटने के साथ नेता सिर पर गेहूं का बोझा और भूसा ढो रहे हैं तो चारा भी काट रहे हैं। कुछ नेता चाउमीन बनाते हुए और समोसे तलते हुए भी नजर आ रहे हैं। अब सवाल यह उठता है कि ऐसे प्रतीकों के जरिए नेता जनता से कितना कनेक्ट होते हैं? इसका वोटों पर भी कुछ असर पड़ता है या फिर हंसी-मजाक का माध्यम बन कर ये दृश्य वायरल हो जाते हैं? ये नेता गेहूं की फसल से सियासत की फसल कितना काट पाते हैं?

**गेहूं काट कर ढोया सिर पर बोझा :** दरअसल, प्रतीकात्मक तौर पर नेता कई तरह से जनता से जुड़ना चाहते हैं। चुनाव के मौसम में यह कोशिश और तेज हो जाती है। इस समय गेहूं की कटाई का सीजन है और ज्यादातर किसान इस काम में जुटे हैं। ऐसे में नेताओं को कनेक्ट होने के लिए यही सबसे बेहतर तरीका लग रहा है। सुभासपा नेता ओम प्रकाश राजभर भी गेहूं की फसल काटते हुए नजर आये। वह इन दिनों घोसी लोकसभा सीट पर अपने बेटे अरविंद राजभर के लिए चुनाव प्रचार कर रहे हैं। इटावा लोकसभा सीट से सपा प्रत्याशी जितेंद्र दोहरे भी इसमें पीछे नहीं हैं। चुनाव प्रचार के दौरान उनको हरा चारा काटने वाली मशीन दिखी। वह रुके और गांव में पब्लिक के सामने चारा काटने लगे। सपा के ही मीरजापुर के प्रत्याशी राजेंद्र एस. बिंद कहां पीछे रहने वाले। उन्होंने तो गेहूं फसल की कटाई करवायी और सिर पर बोझा भी ढोया।

**चाउमीन बना रहे और समोसे भी तल रहे :** लोकसभा चुनाव देशभर में हो रहे हैं तो प्रतीकों की यह राजनीति हर कहीं हो रही है। इस तरह की राजनीति में दो बड़े राष्ट्रीय नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राहुल गांधी बहुत आगे हैं। नुक्कड़ पर जाकर चाय पीना और चाय पर चर्चा को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ही लोकप्रिय बनाया। वहीं, राहुल गांधी कभी कुली बन कर सामान ढोते नजर आये हैं तो कभी रिंच हाथ में लेकर मोटर मैकेनिक भी बने हैं। धान की रोपाई करते हुए पिछले साल उनकी फोटो काफी वायरल हुई। इस चुनाव में भी वह हाल में मध्य प्रदेश के शहडोल पहुंचे। यहां कुछ औरतों को महुआ बीनते हुए देखा। उनके साथ महुआ बीनने लगे और बातचीत की। अभी तक राज्यसभा सदस्य रहे और दूसरों को चुनाव लड़ाते आये केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव इस बार खुद अलवर सीट से लोकसभा चुनाव लड़ रहे हैं। वह भी खेतों में किसानों के साथ फसल काटते हुए देखे गये। बिहार की सारण लोकसभा सीट से बीजेपी प्रत्याशी राजीव प्रताप रूडी एक गांव में पहुंचे। वहां पर चाउमीन के ठेले वाले का हाथ बंटाने लगे। उन्होंने अपने हाथ से चाउमीन बना कर सबको खिलाया। मध्य प्रदेश में लोकसभा चुनाव लड़ रहे केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के बेटे महाआर्यमन अपने पिता के लिए प्रचार कर रहे हैं। वह इस दौरान कभी समोसे तलते नजर आ रहे हैं तो कभी लोगों के साथ भजन गाते हुए।

**कितनी कारगर है प्रतीकों की राजनीति :** सोशल मीडिया स्ट्रेटजिस्ट कहते हैं कि फिल्म स्टार और नेता अक्सर इस तरह के चुनावी स्टंट करते हैं। उनको लगता है कि इस तरह भी लोग उनसे कनेक्ट हो सकते हैं। आज युवाओं के पास स्मार्टफोन हैं। उन्हें पता है कि यह चुनावी स्टंट है। वह पहले तय कर लेता है कि कहां वोट देना है। इस प्रतीकों की राजनीति से जुड़ने वालों की संख्या बहुत कम होती है।

मनोवैज्ञानिक भी कहते हैं कि इस तरह के स्टंट का कोई खास फर्क नहीं पड़ता। लोगों को मालूम है कि चुनाव के बाद नेता फिर ऐसा नहीं करने वाले। प्रतीकों के साथ नेता-नेता में भी फर्क होता है कि वे लोगों के साथ कितनी निकटता दिखा पाते हैं। फर्क इसका भी पड़ता है कि कुछ नेता स्थायी तौर पर प्रतीकों के साथ खुद को ढाल लेते हैं।

यूपी का रण

## मैनपुरी में मां डिंपल के लिए बेटी अदिति बहा रही पसीना

राजीव



**उत्तर प्रदेश** की आठ लोकसभा सीटों पर पहले चरण का मतदान हो चुका है। सभी राजनीतिक पार्टियां अगले चरण के मतदान के लिए अपने सियासी मोर्चों पर तैनात हो चुकी हैं। उत्तर प्रदेश की हाई प्रोफाइल सीटों में से एक मैनपुरी में चुनाव प्रचार दिन प्रतिदिन तेजी पकड़ता नजर आ रहा है। मैनपुरी लोकसभा सीट पर डिंपल यादव खूब पसीना बहा रही हैं। समाजवादी पार्टी की प्रत्याशी डिंपल यादव लगातार अपने संसदीय क्षेत्र में चुनाव प्रचार में पूरी ताकत झोंकती नजर आ रही हैं, लेकिन मैनपुरी में शुक्रवार को जो चुनाव प्रचार की झलकियां नजर आयीं, वो कुछ अलग ही थीं। दरअसल, सपा प्रत्याशी डिंपल यादव और समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की बेटी अदिति यादव चुनाव प्रचार करती नजर आयीं। वो गांव-गांव जाकर मां डिंपल के लिए 7 तारीख को मतदान करने की अपील करती भी नजर आयीं। बता दें कि मुलायम सिंह यादव के निधन के बाद मैनपुरी लोकसभा सीट खाली हुई थी। यहां हुए उपचुनाव में अखिलेश यादव की पत्नी डिंपल यादव ने विजय हासिल की। इस समय मैनपुरी से डिंपल यादव सांसद हैं। समाजवादी पार्टी ने डिंपल यादव को प्रत्याशी बनाया है। वो लगातार चुनाव प्रचार में जुटी हैं। यहां से बीजेपी ने योगी के मंत्री जयवीर सिंह को टिकट दिया है। जयवीर सिंह जीतने का दावा कर रहे हैं।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
Subscribe NOW


**वेदर**

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 39.0 °C | 25.8 °C |
| सूर्यास्त (आज) : | | 18.12 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.21 बजे |


आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 23 अप्रैल, 2024
www.azadsipahi.in




## महत्वपूर्ण खबरें

### शोध के दौरान नैतिकता पर विशेष महत्व देने की आवश्यकता : डॉ तपन कुमार शांडिल्य



रांची (आजाद सिपाही)। श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय,रांची के ग्रामीण विकास विभाग के तत्वावधान में सोमवार को शैक्षणिक लेखन विषय पर एक कार्यशाला सह व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य ने विस्तार से इस विषय पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शैक्षणिक लेखन एक ऐसी लेखन शैली है जिसका उपयोग विभिन्न अकादमिक कार्यों के लिए किया जाता है। उन्होंने इसके लक्षित समूह को इंगित करते हुए बताया कि प्रारंभिक स्तर पर विद्यालय, महाविद्यालय, विश्वविद्यालय और अनुसंधानकर्ता इसके प्रमुख उपयोगकर्ता हैं। उन्होंने काफी विस्तार से इसके महत्व को रेखांकित करते हुए बताया कि वर्तमान संदर्भ में विद्वानों को अपने विचार प्रस्तुत करने में, शोध का विश्लेषण करने में और एक प्रभावी तर्क तैयार करने में मदद करता है। उन्होंने उपस्थित विद्यार्थियों से निरंतर संवाद के क्रम में कई प्रश्न पूछे। उन्होंने उनसे शोध के अंतर्गत ऑब्जेक्टिव और परिकल्पना के मध्य अंतर को जानना चाहा। उन्होंने शैक्षणिक लेखन के चार प्रमुख विशेषताओं यथा वर्णात्मक, विश्लेषणात्मक, प्रेरक और आलोचनात्मक की विस्तार से जानकारी दी। ग्रामीण विकास विभाग की समन्वयक डॉ. रीना नंद के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यशाला में डीएसडब्ल्यू डॉ. एस.एम. अब्बास, रिसोर्स पर्सन के तौर पर डॉ. एकता बख्शी, मिस निरल बाखला और ग्रामीण विकास विभाग के शिक्षक विद्यार्थी उपस्थित रहे। यह जानकारी पीआरओ प्रो राजेश कुमार सिंह ने दी।

### पृथ्वी दिवस पर निबंध लेखन-पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता



रांची (आजाद सिपाही)।संतोष कॉलेज ऑफ टीचर्स ट्रेनिंग एंड एज्युकेशन की बीएड और डीएलएड इकाई द्वारा विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर निबंध लेखन-पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। पर्यावरण संरक्षण, पौधरोपण, जैव विविधता संरक्षण, पारंपरिक जीवनशैली को प्रोत्साहित करने का संदेश दिया। मौके पर संस्थान के सभी शिक्षक और विद्यार्थी उपस्थित थे।

### वाइबीएन विश्वविद्यालय में एनएसएस विंग ने पृथ्वी दिवस मनाया



रांची (आजाद सिपाही)। वाइबीएन विश्वविद्यालय में एनएसएस विंग ने 22 अप्रैल को पृथ्वी दिवस मना। इसका विषय- ग्रह बनाम प्लास्टिक था। जहां दोनों इकाइयों के सभी एनएसएस स्वयंसेवकों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। स्वयंसेवकों को निर्देश दिया गया कि वे ग्रह बनाम प्लास्टिक विषय पर पोस्टर बनाये। साथ ही उन्हें 2 घंटे का समय दिया गया था। इस प्रतियोगिता में डॉ कमल कांत पात्रा, डॉ रवि भूषण, एनी मिंज निर्णायक की भूमिका में दिखीं। चेयरमैन रामजी यादव, डॉ नरेश कुमार गुप्ता, मुख्य कार्यकारी अधिकारी दीपक कुमार, मुख्य वित्त अधिकारी अरविंद कुमार, अर्पणा शर्मा ने इसकी सराहना की। प्रतियोगिता में दीपशिखा, पंचमी मिंज को पहला, ओलिवा कच्छप, रिया रितिका कच्छप, आरती कुमारी को दूसरा, अमित तिर्की, सोशन टोप्पो, सोनाली डुंगडुंग को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ।

### नवीन जयसवाल की माता के निधन पर प्रदेश भाजपा ने जताया शोक



शांति जयसवाल। फाइल फोटो

रांची (आजाद सिपाही)। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने विधायक नवीन जयसवाल की माता शांति जयसवाल के निधन पर गहरा शोक प्रकट किया है। श्री मरांडी ने आत्मा की शांति केलिए ईश्वर से प्रार्थना की। कहा भगवान उनकी आत्मा को अपने चरणों में स्थान दें। तथा परिजनों को दुख सहने की ताकत एवम धैर्य प्रदान करें। शोक व्यक्त करने वालों में क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद दीपक प्रकाश, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ रविंद्र कुमार राय, प्रदेश महामंत्री एवं सांसद आदित्य साहू, डॉ प्रदीप वर्मा, मनोज सिंह , उपाध्यक्ष बालमुकुंद सहाय, राकेश प्रसाद, आरती कुजूर सहित अन्य शामिल हैं।

### कम्युनिटी रेडियो स्टेशन का भ्रमण किया



रांची (आजाद सिपाही)।रांची विश्वविद्यालय रांची के कम्युनिटी रेडियो स्टेशन, रेडियो खांची 90.4 एफएम में 22 अप्रैल 2024 को सिधु कन्हू मुर्मू विश्वविद्यालय दुमका, के रजिस्टार डॉ बिनय कुमार सिन्हा, सीसीडीसी डॉ अबअब्दुस सतार और मनोविज्ञान के विभागाध्यक्ष डॉ विनोद कुमार शर्मा ने रांची विश्वविद्यालय की कम्युनिटी रेडियो स्टेशन का भ्रमण किया। इस दौरान रेडियो खांची में उनका साक्षात्कार भी लिया गया। साक्षात्कार के दौरान रजिस्ट्रार डॉ बिनय कुमार सिन्हा ने कम्यूनिटी रेडियो स्टेशन के महत्व के बारे में बताया और कहा कि मैं इसी तरीके का एक कम्यूनिटी रेडियो स्टेशन अपनी यूनिवर्सिटी सिद्धू कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय में खोलना चाहता हूं, और इसी विषय में जानकारी प्राप्त करने हेतू मैं यहां आया हूं। डॉ बिनय कुमार सिन्हा और उनकी टीम रेडियो खांची की कार्य प्रणाली से बहुत ही प्रभावित हुई और डायरेक्टर के कार्यों का खूब सराहना किया। इस दौरान रेडियो खांची में रेडियो खांची के डायरेक्टर डॉ. बी.पी सिन्हा, प्रोडक्शन हेड प्रदीप कुमार मिश्रा, शानू प्रतीक टोपनो, वैभवी, संतोष मौजूद रहे।

## तमाड़ विधानसभा स्तरीय प्रखंड और ग्राम प्रभारियों की बैठक

# संगठनात्मक मजबूती हमारी ताकत है: सुदेश

**इंडी गठबंधन का उद्देश्य जनता को भ्रमित कर मोदी और एनडीए को रोकना**




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**बुंडू।** संगठनात्मक मजबूती हमारी ताकत है। राज्य के हर गांव में हमारी पहुंच है। इस पहुंच को और मजबूत व सुदृढ़ करने के लिए हम सभी को मिलकर काम करना है। पार्टी कार्यकर्ताओं को समर्पण भाव के साथ काम करते रहने की आवश्यकता है। यह साल हम सभी के लिए काफी महत्वपूर्ण है।

उक्त बातें पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने बुंडू स्थित पार्टी कार्यालय में आयोजित तमाड़ विधानसभा स्तरीय प्रखंड एवं ग्राम प्रभारियों की बैठक के दौरान कही। मौके पर उपस्थित सभी प्रभारियों के साथ उन्होंने विभिन्न रणनीतियों और भावी कार्यक्रमों पर विस्तृत चर्चा की।

उन्होंने कहा कि लोकसभा का यह चुनाव देशहित में सोचने वाले एनडीए गठबंधन और अपने निजी स्वार्थ व हित के बारे में सोचने वाले इंडी गठबंधन के बीच है। एक तरफ हमारे पास नरेंद्र मोदी जैसा प्रभावी चहेरा है वहीं दूसरी तरफ न कोई चेहरा है न कोई संकल्प है। इंडी गठबंधन का उद्देश्य देश का विकास नहीं बल्कि जनता को भ्रमित कर मोदी और एनडीए को रोकना है।

हमारा लक्ष्य राज्य की सभी 14 लोकसभा सीटों पर भारी मतों से एनडीए की जीत सुनिश्चित करना है। इस लक्ष्य को पूरा करने में पार्टी के सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की भूमिका महत्वपूर्ण है। पार्टी द्वारा दी गयी जिम्मेदारी को आप सभी पूरी निष्ठा के साथ निभाएं। इन दस सालों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हमारे देश ने विकास के नये आयाम स्थापित किये हैं। सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास,सबका प्रयास की अवधारणा के तहत सभी वर्गों के लिए कई जनकल्याणकारी कार्य हुए। पार्टी कार्यकर्ता इन सभी कार्यों और संकल्प पत्र में किये गये वादों को लेकर जनता के बीच जायें। साथ ही क्षेत्र के वोटरों को बूथ तक लाने में कार्यकर्ताओं की अहम भूमिका है।

बैठक में खूंटी लोकसभा प्रभारी रमेश मुंडा, केंद्रीय सदस्य रमेश भगत, केंदीय सदस्य केशव चंद्र महतो, बुंडू जिला परिषद सदस्य परमेश्वरी सांडिल, रांची जिला उपाध्यक्ष राजकिशोर कुशवाहा, अड़की प्रमुख कृष्ण सिंह मुंडा, दुति कृष्ण मुंडा, बुंडू प्रखंड अध्यक्ष हरिहर महतो, महिला अध्यक्ष राधिका देवी, बुंडू नगर अध्यक्ष सुमित्रा देवी, तमाड़ पूर्वी महिला अध्यक्ष सुनीता देवी, तमाड़ प्रखंड अध्यक्ष जगदीश गुप्ता, राम दुर्लभ सिंह मुंडा, योगेस्वर महतो,शुखसारन महतो, मो० सेराज, अभिषेक गोराई, प्रीति कुमारी, ननदे महतो, सुबोध माझी, आकाश बिट, आकाश कुमार, समीर गोराई, भीम महतो आदि उपस्थित थे।

### मंदिर की घंटी और लोटा चोरी में दो हजार रुपये का जुर्माना

**रांची।** मंदिर की घंटी और लोटा चोरी के मामले के आरोपी शेख कलीम उर्फ टिंकू ने जज के समक्ष दोष स्वीकार किया। इस बीच दोष सिद्ध शेख कलीम उर्फ टिंकू पर एसडीजेएम की कोर्ट ने दो हजार रुपये का जुर्माना लगाया। कोर्ट के आदेश पर आरोपी ने जुर्माने के दो हजार रुपये नजारत में जमा कर दिये, जिसके बाद अदालत ने न्यायिक अभिरक्षा से उसे मुक्त करने का आदेश दिया। बता दें, यह पूरा मामला 11 नवंबर 2022 का है, जब शेख कलीम ने आरपीएफ बैरक मुरी के शिव मंदिर से एक घंटी, लोटा और एक परात की चोरी की थी। हालांकि चोरी करने के दौरान उसे मौके पर ही पकड़ लिया गया था। इस मामले में सिल्ली थाना में प्राथमिकी दर्ज की गयी थी। वहीं मामले को लेकर आरोपी के खिलाफ कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की गयी, जिस पर संज्ञान लेते हुए अदालत ने समन जारी किया था। आरोपी ने कोर्ट में जज के समक्ष कहा कि हुजूर घंटी और लोटा मैंने चुराया है। मैं अपना गुनाह कबूल करना चाहता हूं। दोष स्वीकार करने की अनुमति दी जाये। मैं एक गरीब आदमी हूं, आगे मुकदमा नहीं लड़ना चाहता हूं। इस पर अदालत ने उसकी बातों को सुना और गुनाह कबूल करने की अनुमति को स्वीकृत किया।

### राशिफल

**डॉ एनके बेरा | 9431114351**

- **मेष** — आज का दिन अनुकूल है, जमीन-जायदाद संबंधी विवादों का समाधान मिलेगा।
- **वृष** — राजनीतिक लाभ,कर्मक्षेत्र में सहयोगियों से अनुकूलता, प्रशंसनीय कार्य करने का अवसर मिलेगा।
- **मिथुन** — इच्छित कार्य सफल होगा, लाभकारी वातावरण की शुरुआत है, नये काम में लाभ मिलेगा।
- **कर्क** — शुभ कार्य का संपादन करेंगे, सद्भावनाएं एवं शुभ संदेश प्राप्त होगा,उद्योग-व्यापार में सफलता।
- **सिंह** — सामाजिक संपर्क प्रभाव का लाभ उठा सकते हैं, आदर-सम्मान एवं कर्मबल की वृद्धि होगी।
- **कन्या** — नयी आशाओं का उदय होगा, धैर्य व साहस से सभी कार्य पूरे होंगे, धनागम के अवसर बढ़ेंगे।
- **तुला** — विविध समस्याओं का समाधान, परिश्रम से इच्छित सफलता की ओर अग्रसर रहेंगे।
- **वृश्चिक** — राजनीतिक सम्पर्क प्रभाव बढ़ेगा, चिन्तित मनोरथ की सिद्धि होगी, बिजनेस में शुभ परिवर्तन।
- **धनु** — आत्मविश्वास की वृद्धि, सामाजिक-राजनीतिक व्यक्तियों के लिए कुछ कर दिखाने का पर्याप्त अवसर मिलेगा।
- **मकर** — आजीविका संबंधी चिंता दूर होगी, साहसिक कार्य में सफलता, पारिवारिक सुख-साधनों में वृद्धि।
- **कुंभ** — लाभकारी प्रयास सफल होगा, स्वजन-मित्रों का सहयोग, स्वाभिमान और स्वावलंबन बढ़ेगा।
- **मीन** — चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी, परिश्रम का फल मिलेगा, कर्मक्षेत्र में प्रशंसनीय कार्य करने का अवसर मिलेगा।

### अमित अग्रवाल की याचिका खारिज

रांची। बरियातू स्थित सेना की 4.55 एकड़ जमीन गड़बड़ी मामले में आरोपी अमित कुमार अग्रवाल की डिस्चार्ज पिटीशन इडी के विशेष न्यायाधीश की कोर्ट ने खारिज कर दी। पूर्व में दोनों पक्षों की ओर से बहस पूरी होने के बाद इडी की विशेष अदालत ने मामले में फैसला सुरक्षित रख लिया था। इससे पूर्व मामले के दो अन्य आरोपी दिलीप घोष और भानु प्रताप प्रसाद की डिस्चार्ज पिटीशन इडी कोर्ट खारिज कर चुकी है। अब मामले में अमित अग्रवाल और अन्य आरोपियों पर आरोप गठन होना है।

## धरती को बचाने के लिए हरियाली जरूरी : किशोर



**चेंबर ने मनाया विश्व पर्यावरण दिवस**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड चेंबर की स्वच्छ भारत और पौधरोपण उप समिति की बैठक चेंबर भवन में किशन अग्रवाल की अध्यक्षता में सोमवार को हुई। कहा गया कि पर्यावरण प्रदूषण और वृक्षों के कटने के कारण धरती लगातार गर्म होती जा रही है और यही वजह है कि हमेशा प्राकृतिक आपदा आती रहती है। अध्यक्ष किशोर मंत्री ने कहा कि आज पर्यावरण प्रदूषण एक गंभीर समस्या है। इससे बचने के लिए अधिक से अधिक मात्रा में पौधरोपण करना चाहिए, ताकि पर्यावरण को बचाया जा सके। मौके पर उपाध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा, उप समिति के चेयरमैन किशन अग्रवाल, सदस्य आनंद जालान, परमजीत सिंह चाना, मनोज कुमार मिश्रा, स्वामी दिव्यज्ञान, मोनल श्रीवास्तव, कुमार शिवम आदि शामिल थे।

## गुमला प्रशासन की मनमानी पर भाजपा पहुंची चुनाव आयोग

# चुनाव आयोग ने सभी हेलीपैड की सूची मांगी

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** गुमला प्रशासन की मनमानी पर भाजपा पहुंची चुनाव आयोग। हैलीपैड का भाड़ा को अलग अलग जिले के अलग अलग दर पर लेने के खिलाफ भाजपा का एक प्रतिनिधिमंडल चुनाव आयोग पहुंचा। प्रतिनिधिमंडल मे भाजपा के विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक सुधीर श्रीवास्तव, प्रदेश कार्य समिति गुरविंदर सिंह शेट्टी, न्यायिक मामले के उप प्रमुख प्रकाश झा, शामिल थे। मामला है कि अभी चुनाव में राजनीतिक पार्टियां चुनाव प्रचार या नामांकन में जाने हेतु प्रशासन से हैली पैड किराये पर लेते हैं। गुमला में जब भाजपा की टीम अपने नेताओ के लिए हैली पैड भाड़ा पर लेने प्रशासन के पास गयी तो प्रशासन ने 53400 जमा करने का तुगलकी फरमान जारी किया। अभी झारखंड में कहीं भी 53400 भाड़ा नहीं है। सब खर्च मिलाकर लगभग 10000 भाड़ा है। गुमला प्रशासन की मनमानी को चुनाव आयोग ने गंभीरता से लेकर तत्काल सभी उपायुक्त को पत्र लिख कर सभी हेलीपैड की दर की सूची चुनाव आयोग द्वारा मंगायी गयी है। सुधीर श्रीवास्तव ने कहा कि जिस प्रकार आज हर मोड़ पर प्रशासन अपना रंग दिखा रहा है। उससे ये लग रहा है कि स्थानीय प्रशासन अब चुनाव आयोग का नियम कानून को नहीं मानने का मूड बना चुका है। बिना चुनाव आयोग के निर्देश पर हाल ही में पलामू में शिवाजी मैदान के लिए जबरदस्ती प्रशासन द्वारा भाजपा से 92000 जमा कराया गया था।

# हनुमान जन्मोत्सव पर आज गांव-गांव में अभियान

**घर और मंदिर में हनुमान चालीसा पाठ**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** विश्व हिंदू परिषद ने सोमवार को हनुमान जन्मोत्सव पर होनेवाले कार्यक्रमों की जानकारी दी। अध्यक्ष चंद्रकांत रायपत ने बताया कि रामोत्सव के बाद 23 अप्रैल को चैत्र पूर्णिमा के दिन हनुमान जन्मोत्सव मनेगा। सभी गांवों में इसे मनाया जायेगा। मिथिलेश्वर मिश्र ने बताया कि मंदिर और घरों में श्री हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ किया जायेगा। इसमें अन्य धार्मिक-सामाजिक संगठन के अन्य लोग भी सम्मिलित होंगे। रेखा जैन ने बताया कि हनुमान जन्मोत्सव के दिन एकल अभियान के द्वारा तैयारी कर ली गयी है। विद्या भारती के मनोज भारद्वाज ने बताया कि कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए विद्या भारती स्कूलों में इसकी तैयारी की गयी है। कार्यक्रम के माध्यम से युवाओं में ऊर्जा का संचार होगा। पत्रकारों से बातचीत में विशेष संपर्क प्रांत सहप्रमुख प्रिंस आजमानी, प्रांत प्रचार प्रसार सहप्रमुख प्रकाश रंजन, कैलाश केसरी, सतीश गुप्ता, वीके गद्यान, मुकेश अग्रवाल उपस्थित थे।

# रांची में भी बनेगा श्री रामलला का मंदिर

**श्री रामलला मंदिर निर्माण समिति ने की प्रेसवार्ता**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** राम नगरी अयोध्या के बाद श्री रामलला का दूसरा मंदिर झारखंड की राजधानी रांची में बनने जा रहा है। इसकी जानकारी श्री रामलला मंदिर निर्माण समिति के सदस्यों ने सोमवार को एक प्रेस वार्ता में दी। बताया कि यह मंदिर रातू रोड, मधुकम में बने साई विहार कॉलोनी के बीच स्थित सामुदायिक परिसर में बनाया जा रहा है। इस मंदिर में भी अयोध्या की तरह हांथों में धनुष-बाण और चेहरे पे मधुर मुस्कान लिये प्रभु राम के बाल रूप की काले पत्थर से बनी प्रतिमा स्थापित की जायेगी। जिसमें भगवान विष्णु के दस अवतार होंगे। इस प्रतिमा के एक तरफ गरुड़ तो दूसरी तरफ हनुमान जी होंगे। मूर्ति के मुकुट के चारों तरफ ॐ, पद्म, चक्र, सूर्य, गदा, संख एवं स्वस्तिक होंगे। मूर्ति में श्री रामलला कमल पुष्प पर विराजमान होंगे तथा मूर्ति के हाथ में सुनहरे रंग का धनुष-बाण होगा। पूरी मूर्ति एक हीं पत्थर से बनी होंगी, इसमें कोई और पत्थर नहीं जोड़ी जायेगी। इस मूर्ति की ऊंचाई लगभग 3 फीट और चौड़ाई लगभग 2.5 फीट होगी तथा वजन 150 किलो के आसपास होगा। इस काले रंग की शालिग्राम पत्थर से बनी मूर्ति पर दूध से अभिषेक का कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा और न हीं इसका रंग फीका पड़ेगा, बल्कि सैकड़ों वर्ष बाद भी मूर्ति की चमक बरकरार रहेगी।

रामनवमी के शुभ दिन 17 अप्रैल 2024 को कॉलोनी के 101 परिवार द्वारा सामूहिक रूप से एक साथ 101 नारियल फोड़ कर प्रभु श्री राम का आह्वाहन कर इस मंदिर का शिलान्यास किया गया। शिलान्यास के लिए शिलापूजन के लिए कॉलोनी के अजित सिन्हा द्वारा चित्रकूट के भरत कूप का पवित्र जल लाया गया था। पंडित सुमन पाठक ने समस्त पूजन कार्यक्रम विधि विधान से संपन्न कराया। इस परिसर में शिव परिवार मंदिर पहले से हीं बना हुआ है, इसमें एक देवी मंडप और एक हॉल का भी निर्माण कराया जायेगा। जिसमे सैकड़ों लोग एक साथ हवन में भाग ले सकते हैं। पूरे परिसर को पार्क, फाउंटेन एवं लाइट से सुसज्जित किया जायेगा। इस कॉलोनी को आज से करीब 20 वर्ष पूर्व में श्री अघोरेश्वर साई डेभलपेर्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा श्री अशोक कुमार जायसवाल और श्री आतिस तिवारी जी के कठिन परिश्रम से बसाया गया। उनके द्वारा 20 कट्ठा जमीन कॉलोनी के सामुदायिक और धार्मिक कार्यों के लिए लिए उपलब्ध करायी गयी। जिसकी कीमत आज लगभग 10 करोड़ के आसपास है। मूर्ति और मंदिर निर्माण कार्य करीब एक वर्ष में पूरा कर लिया जायेगा। भूमि पूजन के लिए राम नगरी अयोध्या की पवित्र मिट्टी और सरयू नदी से बालू लाने के लिए कॉलोनी के एक सदस्य बिनोद श्रीवास्तव अयोध्या गये हुए हैं। इस मौके पर अनील कुमार गुप्ता, रुपेश कुमार, अलोक कुमार, महेश राम, अम्बे चंद मिश्रा, बी. पी. सिन्हा, रमेश अगरवाल, अजित कुमार सिन्हा, मनोज कुमार सहित कई सदस्य उपस्थित थे।


## शपथ पत्र

शपथ पत्र के अनुसार क्र. सं. - 07 दिनांक 22.04.2024 मैं, रूपेश कुमार यादव, पिता दिनेश प्रसाद यादव, उम्र लगभग 22 वर्ष, धर्म-हिन्दू, राष्ट्रीयता-भारतीय, निवासी ग्राम-समयडीह, पोस्ट-नन्दुडीह, थाना- सतगावाँ, जिला-कोडरमा, राज्य-झारखण्ड, शपथ पूर्वक निम्नलिखित ब्यान करता हूँ कि :- 1. यह कि मैं उपरोक्त वर्णित स्थान का स्थायी निवासी हूँ तथा मेरा आधार सं0-9932 1725 1793 है। 2. यह कि मेरा आधार कार्ड में मेरा नाम रूपेश कुमार यादव दर्ज है, जो सत्य व सही है। 3. यह कि मेरा DL.No. JH12 20210003430 है जिसमें मेरा नाम रूपेश कुमार दर्ज है, जो गलत है। 4. यह कि यह शपथ पत्र मैं अपने उपरोक्त ड्राइविंग लाइसेंस में रूपेश कुमार के स्थान पर सुधार कर रूपेश कुमार यादव दर्ज करवाने हेतू बना रहा हूँ। 5. यह कि उपरोक्त बातें सत्य वो सही है, गलत पाये जाने पर सारी जवाबदेही मेरी होगी।

**सत्यापन**

मैं, रूपेश कुमार यादव सत्यापित करता हूँ कि उपरोक्त लिखित सारी बातें मेरी जानकारी वो विश्वास में सत्य एवं सही है, जिसे पढ़ समझकर आज दिनांक 22/04/2024 को अपना हस्ताक्षर बनाया।

## AFFIDAVIT

As per Affidavit Ref. No. 1098 Dated 20.04.2024 I, VIMAL ORAON ,S/o- Late Govind Oraon,resident of Vill-Cheto, Kairo P.o- As o P.s- Bero, Dist-Ranchi Presently living at KDH Subhash Nagar Colony. (Qtr. No-B/81), P.o- Dakra, P.s-Khalari, Dist- Ranchi, Jharkhand-829210 do hereby solemnly affirm and declare on oath as follows: 1. That I am a CCL Employee working under GM Office N.K.Area, at the Post of SR. P.A. (A1) having PIS No-12111944 2. That DEOMANI DEVI, Aadhaar No- 5505 3003 9051 is my mother Whose real and actual da of birth is 24-08-1957 which is recorded in her Aadhaar Card. 3. That in my service Sheet her date of birth is recorded as 40 yrs at the time of appointment .But it doesn't tally with the documents possessed by her. 4. That I was unknown about such mismatching/mistake and when I came to know the realities, I do hereby apply for correction in her name.5. That I want that her real and actual name should be recorded in my Service Sheet as per the documents possessed by her which reads as under.

## AFFIDAVIT

As per Affidavit Ref. No. 4368 Dated 16.04.2024 I, Simon Manjhi S/o Late Jowakim Manjhi Aged about 44 years Nationality Indian,by Occupation- Cultivation, by faith-Hindu, at Present Resident of Vill.-Keribanda P.o-Hesagarha P.s-Mandu District- Ramgarh (Jharkhand) do hereby solemnly affirm and declare as follows:-1. That my actual and correct name is Simon Manjhi, which has been mentioned in my Adhar Card No.2805 9477 3446 and Pan No. BFOPM1239R and Saving Bank Account with Bank Of India Topa Branch Bearing Account No. 486810110005071. That due to mistake my name Simon Hembrom which has been mentioned in my Voter Id No. GLM1202001 issued by Election commission of India.

3. That my Father's actual and correct name is Jowaki Manjhi which has been mentioned in my Adhar Card No.2805 9477 3446 and Saving Bank Account with Bank Of India Topa Branch Bearing Account No. 486810110005071. 4. That due to mistake my Father's name is JOVAKIM HEMBROM which has been mention in my Pan No. BFOPM1239R. 5. That Simon Manjhi, and Simon Hembrom all name are same and single person i.e my self and Jowaki Manjhi and JOVAKIM HEMBROM both are same and single person i.e. my Father. 6. That the statements of the affidavit are true and correct to the best of my knowledge, information and belief.

# क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम का कायापलट

देश के क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम में प्रस्तावित आमूल बदलाव को उस समय काफी ताकत मिली, जब शनिवार को चीफ जस्टिस डी वाय चंद्रचूड़ ने उसे युगांतकारी बताया। इस बदलाव का मुख्य वाहक बन रहे तीन कानून - भारतीय न्याय संहिता भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम - न केवल संसद के दोनों सदनों से पारित हो चुके हैं, बल्कि उन्हें राष्ट्रपति की मंजूरी भी मिल चुकी है। ये कानून इस साल एक जुलाई से लागू होने वाले हैं। चीफ जस्टिस के बयान की अहमियत इस मायने में है कि प्रस्तावित बदलावों को लेकर समाज के कुछ हिस्सों में कुछ आशंकाओं के भी संकेत मिलते रहे हैं। इन्हीं आशंकाओं का एक रूप साल के शुरू में ट्रक ड्राइवरों की राष्ट्रव्यापी हड़ताल के रूप में सामने आया। ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस का कहना था कि ड्राइवरों ने अपनी पहल पर काम बंद किया है और इसके पीछे प्रस्तावित नये कानूनों के तहत हिट एंड रन मामलों के लिए किये गये सख्त प्रावधानों के दुरुपयोग का डर है। सरकार उस डर को निराधार बता रही थी। फिर भी उसने आश्वासन दिया कि इससे संबंधित भारतीय न्याय संहिता की धारा 106 (2) को उनसे विचार-विमर्श के बाद ही लागू किया जाएगा। 1 जुलाई से तीनों कानूनों के बाकी प्रावधान लागू हो जायेंगे, लेकिन हिट एंड रन से जुड़े प्रावधानों के अमल पर रोक लगी रहेगी। जब भी कोई बड़ा बदलाव लाया जाता है, तो उसे लेकर शंकाएं-आशंकाएं होती ही हैं। इन आशंकाओं को सही नजरिए के साथ परखने की जरूरत होती है। इस लिहाज से देखा जाये तो चीफ जस्टिस का ताजा बयान जहां बदलते दौर की जरूरतों के मद्देनजर प्रस्तावित बदलावों की अहमियत को रेखांकित करता है, वहीं यह भी बताता है कि इन बदलावों के पीछे जो मकसद हैं, वे अपने आप हासिल नहीं हो जायेंगे। उसके लिए कई स्तरों पर समानांतर प्रयास चलाये जाने की जरूरत है। असल जरूरत यह समझने की है कि जब समाज और हमारा जीवन पूरी तरह से रूपांतरित हो रहा हो तब हम पुराने कानूनों से चिपके रहते हुए काम नहीं चला सकते। प्रस्तावित तीनों कानून हमारे क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम में उस तरह के बदलाव लाने वाले हैं, जिनकी जरूरत काफी समय से महसूस की जा रही थी। तलाशी और जब्ती प्रक्रिया की ऑडियो-विजुअल रेकॉर्डिंग की बात हो या क्राइम सीन पर फॉरेंसिक एक्सपर्ट की मौजूदगी की - जांच और न्याय प्रक्रिया में नवीनतम तकनीक का इस्तेमाल सुनिश्चित करने वाले इन उपायों का विरोध करने की कोई सुसंगत वजह नहीं दिखती। मगर ऐसे बदलावों के दुरुपयोग की आशंकाओं को भी खारिज नहीं किया जा सकता। जाहिर है, ऐसे में खुले दिल-दिमाग के साथ सतर्कता बरतते हुए आगे बढ़ना ही सबसे सही विकल्प है। हां, नागरिक अधिकारों और डेटा सुरक्षा को लेकर संवेदनशीलता इसकी अनिवार्य शर्त होनी चाहिए।

**चीफ जस्टिस के बयान की अहमियत इस मायने में है कि प्रस्तावित बदलावों को लेकर समाज के कुछ हिस्सों में कुछ आशंकाओं के भी संकेत मिलते रहे हैं। इन्हीं आशंकाओं का एक रूप साल के शुरू में ट्रक ड्राइवरों की राष्ट्रव्यापी हड़ताल के रूप में सामने आया।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**भारत में आगामी चुनाव 500 करोड़ रुपये के बाजार का अवसर प्रस्तुत करता है, क्योंकि 50 प्रतिशत से अधिक आबादी इंटरनेट का उपयोग करती है और यह संख्या 2025 तक बढ़ कर 900 मिलियन हो सकती है। प्रधानमंत्री मोदी के भाषणों ने इस बात पर प्रकाश डाला है कि जैनरेटिड एआइ मतदाताओं को बड़े पैमाने पर कैसे प्रभावित कर सकता है। क्षेत्रीय और राष्ट्रीय दोनों पार्टियां धीरे-धीरे एआइ की ओर बढ़ रही हैं। अतीत में, उम्मीदवार प्रचार करने के लिए मतदाताओं के घर जाते थे, एक कप चाय पीते थे और उनके वोट मांगते थे। लेकिन अब, वे मतदाताओं से जुड़ने के लिए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का उपयोग करते हैं।**


# सच और झूठ को धुंधला कर देता है आर्टीफिशियल इंटेलीजेंस

**कल्याणी शंकर**

2024 के लोकसभा चुनाव में निर्णायक कारक क्या होगा? सोशल मीडिया अभियानों ने 2014 के चुनाव में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी और आर्टीफिशियल इंटैलीजेंस (एआइ) संभावित रूप से पारंपरिक प्रचार अभियान की जगह ले सकता है, जिससे चुनाव परिणाम प्रभावित होंगे।

राजनीतिक दल और उम्मीदवार अब मतदाता डाटा का विश्लेषण करने के लिए एआइ का उपयोग करते हैं। यह प्रक्रिया जनसांख्यिकी, सोशल मीडिया गतिविधि और पिछले मतदान व्यवहार की जांच करती है। एआइ एल्गोरिदम फिर इस डाटा से अंतर्दृष्टि उत्पन्न करता है, जिसका उपयोग प्रभावी अभियान रणनीतियों को विकसित करने के लिए किया जा सकता है, जिसका 2024 के लोकसभा चुनावों में फायदा होगा। एआइ व्यक्तिगत मतदाताओं के लिए राजनीतिक कॉल तैयार कर सकता है और संभावित रूप से उनके विरोधियों की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचा सकता है। भारत में आगामी चुनाव 500 करोड़ रुपये के बाजार का अवसर प्रस्तुत करता है, क्योंकि 50 प्रतिशत से अधिक आबादी इंटरनेट का उपयोग करती है और यह संख्या 2025 तक बढ़ कर 900 मिलियन हो सकती है। प्रधानमंत्री मोदी के भाषणों ने इस बात पर प्रकाश डाला है कि जैनरेटिड एआइ मतदाताओं को बड़े पैमाने पर कैसे प्रभावित कर सकता है। क्षेत्रीय और राष्ट्रीय दोनों पार्टियां धीरे-धीरे एआइ की ओर बढ़ रही हैं। अतीत में, उम्मीदवार प्रचार करने के लिए मतदाताओं के घर जाते थे, एक कप चाय पीते थे और उनके वोट मांगते थे। लेकिन अब, वे मतदाताओं से जुड़ने के लिए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का उपयोग करते हैं। पिछले साल 5 राज्यों के चुनाव में कांग्रेस और भाजपा ने इसका सफलतापूर्वक इस्तेमाल किया। प्रमुख नेताओं के फर्जी वीडियो और धोखा देने (स्पूफ) का पहली बार प्रचार में इस्तेमाल किया गया।

**क्षेत्रीय और राष्ट्रीय दोनों पार्टियां धीरे-धीरे एआइ की ओर बढ़ रही हैं।**



भाजपा, कांग्रेस, आप, द्रमुक और अन्ना द्रमुक जैसी पार्टियां अपने समर्थकों के साथ संवाद करने के लिए एआइ का उपयोग करती हैं। उदाहरण के लिए भाजपा दक्षिण में मतदाताओं से जुड़ने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भाषणों का 8 क्षेत्रीय भाषाओं में अनुवाद करने के लिए एआइ का उपयोग करती है। यह सिर्फ एक उदाहरण है कि देश भर में राजनीतिक अभियानों में एआइ का उपयोग कैसे किया जाता है। प्रचारक उम्मीदवारों का समर्थन करने और गलत सूचना फैलाने के लिए एआइ-जनरेटेड वीडियो का उपयोग करते हैं। ये वीडियो, अक्सर डीपफेक वीडियो, 18-25 आयु वर्ग और पहली बार मतदान करने वाले मतदाताओं को लक्षित करते हैं, क्योंकि यह अत्यधिक सक्रिय सोशल मीडिया जनसांख्यिकीय है। इन वीडियो को शेयर करने के लिए व्हाट्सएप का इस्तेमाल किया जाता है।

उदाहरण के लिए कांग्रेस पार्टी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की एक नकली छवि सांझा की। 16 मार्च को भाजपा ने इंस्टाग्राम पर राहुल गांधी का एक झूठा वीडियो पोस्ट किया। तमिलनाडु में द्रमुक और अन्ना द्रमुक जैसी पार्टियों ने अपने दिवंगत नेताओं की रिकॉर्डिंग का इस्तेमाल किया। मतदाता का समर्थन प्राप्त करने के लिए कम्युनिस्ट पार्टियों ने भी अपने अभियानों में एआइ तकनीक का इस्तेमाल किया। एक वीडियो में असदुद्दीन ओवैसी को हिंदू भक्ति गीत गाते हुए दिखाया गया है। अखिलेश यादव, नवीन पटनायक और ममता बनर्जी जैसे क्षेत्रीय नेता भी इस टूल का इस्तेमाल करते हैं। डीपफेक वीडियो, एक प्रकार की एआइ-जनित सामग्री, भारत के 2024 चुनावों पर महत्वपूर्ण प्रभाव डालेगी। वे सत्य और झूठ के बीच की रेखा को धुंधला कर देते हैं, जिससे जनता के विश्वास और चुनावी अखंडता पर गहरा प्रभाव पड़ता है।

एआइ तकनीक का उपयोग चुनाव प्रक्रियाओं में कई तरह से मदद कर सकता है। एआइ चुनाव परिणामों की भविष्यवाणी कर सकता है। एआइ चैटबॉट और वर्चुअल असिस्टेंट सोशल मीडिया पर मतदाताओं से संवाद कर सकते हैं। एआइ चुनावी धोखाधड़ी को रोक सकता है और राजनीतिक विज्ञापन अभियान वित्त उल्लंघनों को नियंत्रित कर सकता है। दुर्भावनापूर्ण उद्देश्यों के लिए एआइ का उपयोग एक महत्वपूर्ण चिंता का विषय है। उन्नत एआइ के साथ मतदाताओं या उम्मीदवारों सहित किसी का भी प्रतिरूपण करना संभव हो गया है, जिससे पहचान की चोरी हो सकती है और चुनावी प्रक्रिया में हेर-फेर हो सकता है। यह निष्पक्ष और पारदर्शी चुनावी प्रक्रिया सुनिश्चित करने के लिए स्पष्ट नियमों की आवश्यकता पर प्रकाश डालता है।

राजनीतिक अभियानों में एआइ गोपनीयता संबंधी चिंताओं को बढ़ाता है और अनुचित प्रतिस्पर्धा और गलत सूचना को जन्म दे सकता है। पारदर्शी चुनावी प्रक्रिया सुनिश्चित करने के लिए स्पष्ट नियमों की आवश्यकता है। निष्पक्षता को बढ़ावा देने के लिए सरकारों को एआइ के उपयोग को विनियमित करना चाहिए। आइटी मंत्री ने सोशल मीडिया कंपनियों को नियमों का पालन करने की चेतावनी दी है। 2024 के लोकसभा चुनावों के लिए यह महत्वपूर्ण है कि भारत का चुनाव आयोग एआइ-जनित जानकारी को विनियमित करने के लिए स्पष्ट निर्देश जारी करे। इन दिशा-निर्देशों को अभियानों और मतदाता डाटा विश्लेषण में नैतिक एआइ उपयोग को संबोधित करना चाहिए।

चुनावी प्रक्रिया की अखंडता सुनिश्चित करने के लिए विनियम महत्वपूर्ण हैं। वे मतदाताओं के अधिकारों की रक्षा करते हैं और प्रक्रिया की निष्पक्षता और पारदर्शिता का आश्वासन प्रदान करते हैं। इन विनियमों के बिना, चुनावी प्रक्रिया से समझौता किया जा सकता है, जिससे परिणामों की वैधता पर संदेह पैदा हो सकता है। इसलिए, चुनावी प्रक्रिया की अखंडता बनाये रखने के लिए सख्त नियम बनाना महत्वपूर्ण है। हालांकि चिंताएं हैं। यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआइ) भी एक वरदान हो सकती है। कुछ एआइ-जनित प्रौद्योगिकियां संभावित रूप से स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनावों के प्रति हमारे दृष्टिकोण में क्रांतिकारी बदलाव ला सकती हैं। अधिक व्यापक रूप से अपनाए जाने से इ-चुनाव का मार्ग प्रशस्त हो सकता है, एक ऐसा भविष्य जहां चुनाव ऑनलाइन आयोजित किए जायेंगे, जिससे अधिक पारदर्शी और जवाबदेह चुनावी प्रक्रिया सुनिश्चित होगी।

बिहार चुनाव के दौरान, चुनाव आयोग ने पारदर्शिता सुनिश्चित करने और हेरफेर को रोकने के लिए एआइ-संचालित प्रणाली का उपयोग किया। सिस्टम ने गलत सूचना और अभद्र भाषा के मामलों का पता लगाया और चिह्नित किया, जिससे गिनती की प्रक्रिया में तेजी आयी और चुनाव के दौरान अभद्र भाषा पर अंकुश लगा। यह दर्शाता है कि एआइ का उपयोग कैसे प्रभावी ढंग से किया जा सकता है और मतदाताओं में विश्वास पैदा किया जा सकता है। राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री या विधायक मुख्य रूप से अपने एआइ अभियान की सफलता या विफलता के आधार पर जीत या हार सकते हैं। भोले-भाले मतदाताओं को आसानी से मूर्ख बनाया जा सकता है। तकनीकी प्रगति महत्वपूर्ण बदलाव ला सकती है और एआइ कोई अपवाद नहीं है।

## जमशेदपुर और रांची की खबरें

# जमशेदपुर कोर्ट के पूर्व जज आरपी रवि पर फायरिंग मामले में गैंगस्टर अखिलेश सिंह बरी

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** एडीजे-4 न्यायाधीश आनंदमणि त्रिपाठी के कोर्ट ने जमशेदपुर कोर्ट के पूर्व जज आरपी रवि पर फायरिंग के केस में दुमका जेल में बंद जमशेदपुर के गैंगस्टर अखिलेश सिंह को पर्याप्त साक्ष्य केअभाव में बरी करने का फैसला सुनाया है। केस में अनुसंधान पदाधिकारी समेत कुल 22 लोगों की गवाही हुई थी। लेकिन केस में गैंगस्टर अखिलेश सिंह के खिलाफ आइपीसी की धारा 307, 120 बी,आर्म्स की धारा साबित नहीं हो सकी। इस केस में आरोपी रहे बंटी जायसवाल, रितेश राय, मनोरंजन सिंह उर्फ लल्लू सिंह के खिलाफ अलग से सुनवाई चल रही है। हालांकि उक्त केस में अनुसंधान पदाधिकारी समेत सभी 22 लोगों की गवाही पूरी हो चुकी है।

**क्या है पूरा मामला**

आपको बता दें कि 16 साल पूर्व 19 मार्च 2008 को साकची थाना अंतर्गत उत्पाद कार्यालय के समीप जमशेदपुर कोर्ट के पूर्व जज आरपी रवि पर गैंगस्टर अखिलेश सिंह के गुर्गों ने फायरिंग की थी। गोली उनके छाती, पैर, कान के पास में गोली लगी थी। घटना के बाद उनकी पत्नी ने इलाज के लिए टेंपो में टीएमएच पहुंचा था। साकची जेल के तत्कालीन जेलर उमाशंकर पांडेय हत्याकांड में तत्कालीन जज आरपी रवि ने गैंगस्टर अखिलेश सिंह को उम्रकैद की सजा सुनायी थी। उक्त फैसले से नाराज गैंगस्टर अखिलेश सिंह ने जज से बदला लेने की नीयत से अपने गुर्गों ने फायरिंग करवायी थी। यह फायरिंग उस वक्त हुई, जब घर से बाहर सड़क पर निकले थे।

**किन लोगों पर है आरोप**

घटना के बाद पुलिस ने गैंगस्टर अखिलेश सिंह, सुधीर दुबे, बंटी जायसवाल, नितेश, पप्पू सिंह, मनोरंजन सिंह उर्फ लल्लू को आरोपी बनाते हुए केस किया था। कोर्ट में बचाव पक्ष की ओर अधिवक्ता प्रकाश झा, अधिवक्ता विद्या सिंह ने पक्ष रखा, जबकि आरोपी गैंगस्टर अखिलेश सिंह वीडियो कॉन्फ्रेसिंग से जुड़ा था।

**कई और केस में गैगस्टर अखिलेश सिंह बरी हो चुका है**

दुमका जेल में बंद गैंगस्टर अखिलेश सिंह एक और चर्चित केस में पर्याप्त साक्ष्य के अभाव में बरी हुआ। इसमें जज आरपी रवि फायरिंग केस के अलावा साकची श्रीलेदर्स के मालिक आशीष डे हत्याकांड, ट्रांसपोर्टर उपेंद्र शर्मा हत्याकांड, टाटा स्टील के सुरक्षा पदाधिकारी जयराम सिंह हत्याकांड, बिरसानगर श्रृष्टिगार्डन बेनामी संपत्ति केस, सिदगोड़ा समेत शहर के कई थाना में पकड़े गये हाइवा, ट्रेलर और अन्य गाड़ियों के केस में बरी हो चुका है।

# राजधानी के चौक-चौराहों पर एक माह तक अतिक्रमण हटाओ अभियान चलायें: हाइकोर्ट



रांची(आजाद सिपाही)। झारखंड हाइकोर्ट में राज्य में फुटपाथ दुकानदारों को हटाने के पूर्व उनका पुनर्वास करने को लेकर नेशनल हॉकर फेडरेशन की जनहित याचिका की सुनवाई सोमवार को हुई। कोर्ट ने मौखिक तौर पर रांची नगर निगम के अधिवक्ता एलसीएन शाहदेव से जानना चाहा कि लालपुर में सड़क पर लगे सब्जी मार्केट के दुकानदारों को हटाने पर क्या कार्रवाई हुई है। इस पर रांची नगर निगम की ओर से कोर्ट को बताया गया कि लालपुर में डिस्टलरी पुल के पास वेंडर मार्केट बना हुआ है। इसमें नॉनवेज के दुकानदारों को वेंडर मार्केट में शिफ्ट कर दिया गया है, लेकिन सब्जी विक्रेताओं के लिए वेंडर मार्केट पूरी से तैयार नहीं हुआ है। इसमें करीब दो माह का समय लगेगा। लालपुर में 273 सब्जी विक्रेता हैं, जिनमें से करीब 110 सब्जी विक्रेताओं को ही वेंडर मार्केट बनने पर शिफ्ट किया जा सकेगा। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई मंगलवार निर्धारित की है। इस पर कोर्ट ने रांची नगर निगम से कहा कि ऐसी व्यवस्था रखें, ताकि सभी सब्जी विक्रेता वेंडर मार्केट में शिफ्ट हो सकें। इससे लालपुर में सड़क लोगों के चलने के लिए सुलभ रहे। कोर्ट ने रांची नगर निगम के अधिवक्ता से यह भी पूछा कि लालपुर में जिन स्थानों से मीट विक्रेताओं को हटा कर वेंडर मार्केट में शिफ्ट किया गया है, उस खाली जगह को रांची नगर निगम ने कस्टडी में लिया है या नहीं। नगर निगम के अधिवक्ता से कोर्ट ने यह भी पूछा कि क्या आप संतुष्ट हैं कि वाकई में लालपुर से नॉनवेज बेचने वाले दुकानदार वेंडर मार्केट में शिफ्ट कर चुके हैं। कोर्ट ने मौखिक कहा कि रांची नगर निगम को लगातार एक माह तक मेन रोड, लालपुर चौक सहित मुख्य चौक-चौराहों पर सड़क से अतिक्रमण हटाने को लेकर अभियान चलाने की जरूरत है। कोर्ट ने यह भी कहा कि कचहरी चौक के पास वेंडर मार्केट बन चुका है, तो फिरायलाल चौक के आसपास फुटपाथ पर दुकान नहीं लगनी चाहिए, लेकिन हकीकत यह है कि शाम होने के बाद से ही मेन रोड में सड़कों पर फुटपाथ विक्रेता दुकान लगा लेते हैं। इससे जाम की समस्या प्रतिदिन होती है।

# सांस्कृतिक कार्यक्रमों से बढ़ता आपसी भाईचारा : मंगल कालिंदी



**जमशेदपुर(आजाद सिपाही )। जुगसलाई विधानसभा स्थित हितकु पंचायत में हादी बोंगा कमिटी गोड़ाडीह के द्वारा हांदी बोंगा आर परब (सरहुल पर्व) के अवसर पर संस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सोमवार को आयोजित संस्कृतिक कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी शामिल हुए। मौके पर सैकड़ो ग्रामीणों ने ढोल नगाड़ा के साथ विधायक का भव्य स्वागत किया। मौके पर विधायक ने कहा सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से ग्रामीणों में आपसी भाईचारा मजबूत होती है। विधायक श्री कालिंदी ने गांव में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए कमेटी के सभी सदस्यों के प्रति आभार जताया। उन्होंने कहा इस तरह की कार्यक्रम में सैकड़ो ग्रामीण एकजुट होकर एक दूसरे के बीच खुशियां बाटते है। मौके पर झामुमो नेता सह मुखिया पलटन मूर्मू, लाया मंगल सिंह, देवरी मोनो सरदार,संतोष सरदार, ग्राम प्रधान मनसा सरदार, मुखिया संजू भूमिज, भीमसेन भूमिज, दामोदर सिंह, जगन दास,रामदास मूर्मू, राजाराम मूर्मू, बुद्धन सरदार सहित क्षेत्र के सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित रहे।**

# योगेंद्र तिवारी की जमानत अर्जी पर फैसला सुरक्षित

**रांची (आजाद सिपाही)। शराब घोटाला से जुड़े मनी लांड्रिंग मामले में आरोपी योगेंद्र तिवारी की जमानत याचिका की सुनवाई हाइकोर्ट में हुई। मामले में दोनों पक्षों की सुनवाई पूरी होने के बाद कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखा है। ।**


# बैंक लोन के नाम पर ठगी मामले में सीआइडी ने दायर किया आरोप पत्र

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**रांची।** एसबीआइ बैंक से लोन दिलाने के नाम पर लोगों से दस्तावेज लेकर लोन पास कराकर बैंक अकाउंट में पैसा जमा कर ठगी मामले में सीआइडी की टीम ने पांच आरोपियों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया है। यह आरोप पत्र कमल कुमार सिंह, मोहम्मद जमीर मियां, बिट्टू कुमार रजक, मेहुल कुमार और राहुल कुमार के खिलाफ दायर किया गया। रामगढ़ और पतरातू इलाके में रहने वाले ये आरोपी बैंक अधिकारियों को पांडेय गिरोह के नाम से डरा धमका कर लोन पास करवाते थे। सीआइडी ने इन्हें 16 दिसंबर 2023 को गिरफ्तार किया था। सीआइडी थाना में दर्ज शिकायत के आधार पर सीआइडी ने 9 नवंबर 2023 को धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया था। रामगढ़ और पतरातू इलाके मे रहने वाले अधिकतर सीसीएल कर्मी आरोपियों के टारगेट में रहते थे। ये आरोपी लोन दिलाने के नाम पर लोगों से दस्तावेज लेकर एसबीआइ से उनके नाम पर लोन लेते थे। बिना उनकी जानकारी के लोन पास कराकर उनके पैसे को अपने बैंक खाते में ट्रांसफर कर लेते थे।

# महिला से पर्स छिनतई, जांच में जुटी पुलिस



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** साकची थाना अंतर्गत एएसजी आई अस्पताल के पास बाइक सवार दो युवकों ने महिला से पर्स छीनकर फरार हो गये। घटना को अंजाम देने के बाद महिला ने साकची थाना में लिखित शिकायत की। सोमवार को छिनतई की घटना का जानकारी मिलते ही पुलिस ने आस-पास में लगे सीसीटीवी कैमरा खंगालते हुए आरोपियों की पहचान के लिए जुट गयी। उधर बारीडीह के रहने वाली शिखा जयसवाल ने बताया वह साकची के एक फाइनेनशियल कंपनी में काम करती है। काम से घर लौटने के दौरान बाइक सवार दो युवक बंगाल कल्ब के पास से ही पीछा करते हुए एएसजी आई अस्पताल के पास पीछे से धक्का मार दी। मौके पर गिरने से दोनो युवकों ने पर्स छीनकर फरार होगया। उन्होंने बताया पर्स में नगद 2500 रुपिया और दो मोबाइल फोन व अन्य कागजात रखी थी। उधर पुलिस के द्वारा सीसीटीवी फूटेज में जांच के दौरान एक ही गैंग के द्वारा छिनतई की घटना को अंजाम देने की बात सामने आई है। सीसीटीवी में जो युवक दिख रहा है वही युवकों ने रविवार को भी साकची में पर्स छिनतई की घटना को अंजाम दिया था।शहर में छिनतई गैंग सिर्फ महिलाओं को निशाना बनाकर घटना को अंजाम दे रही है। फिलहाल पुलिस घटना की जांच करते हुए आगे की कारवाई में जुट गयी है।

# अबकी बार 400 पार के नारे को साकार करने में गठबंधन मजबूती से लगा हुआ है: बालमुकुंद सहाय

**ठाकुर प्रसाद महतो ने कहा कि गढ़वा में राजग गठबंधन मजबूती के साथ चुनाव में मिलजुल कर कार्य करेंगे**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय गढ़वा में राजग गठबंधन (एनडीए) का बैठक संपन्न हुआ। जिसमें भाजपा और आजसू पार्टी की बैठक में राजग गठबंधन पूरी मजबूती के साथ आगामी लोकसभा चुनाव में प्रत्याशी विष्णु दयाल राम को भारी बहुमत से जीता कर लोकसभा दिल्ली संसद में भेजे जाने का निर्णय लिया।

बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा के प्रदेश महामंत्री बालमुकुंद सहाय ने कहा कि राजग गठबंधन पूरे प्रदेश में मजबूती के साथ चुनाव मैदान में है। राजग के कार्यकर्ता में भारी उत्साह है। अबकी बार 400 पार के नारा को साकार करने में गठबंधन मजबूती के साथ लगा हुआ है। भाजपा जिलाध्यक्ष ठाकुर प्रसाद महतो ने कहा कि गढ़वा में राजग गठबंधन मजबूती के साथ चुनाव में मिलजुल कर कार्य करेंगे। आजसू जिला अध्यक्ष ने कहा कि गठबंधन में आजसू पूरे तन मन से राजग के प्रत्याशी विष्णु दयाल राम को जीतने का निर्णय लिया है। जो पूरी तरह से कार्यकर्ता समर्पित होकर चुनाव में कार्य करेंगे। कार्यक्रम का संचालन भाजपा जिला महामंत्री संतोष दुबे ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्य समिति सदस्य ओमप्रकाश तिवारी, सूरज गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष मुरली श्याम सोनी, राजीव रंजन तिवारी, जिला मीडिया प्रभारी विवेकानंद तिवारी, नगर मंडल अध्यक्ष उमेश कश्यप, राजकुमार मद्धेशिया आजसु जिला अध्यक्ष, सचिव त्रिपुरारी सिंह, जिला कार्यकारी अध्यक्ष विजय ठाकुर, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष रीता देवी, छात्र मोर्चा अध्यक्ष कुंदन चंद्रवंशी, केंद्रीय सचिव शंकर प्रताप विश्वकर्मा गुप्तेश्वर ठाकुर, चंपा देवी, केंद्रीय सदस्य नंदू ठाकुर, रवींद्रनाथ शर्मा संतोष केसरी दशरथ चौधरी इश्तियाक रजा, अजय केसरी राजू प्रसाद, वरिष्ठ नेता उमाकांत तिवारी, जिला उपाध्यक्ष आशीष कुमार जिला सचिव इंदल बैठा लाल मोहम्मद अंसारी विनय गुप्ता, युवा आजसू प्रदेश संयोजक रविंद्र नाथ ठाकुर, बिट्टू जायसवाल, दीनदयाल पासवान, विनीत तिग्गा हमीदुल्लाह अंसारी, संजय, सहित अन्य कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

# दो देसी कट्टा और कारतूस के साथ एक गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता



प्रेस कॉन्फ्रेंस करते एसडीपीओ सतेंद्र नारायण सिंह

**भवनाथपुर।** भवनाथपुर पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर सिंदुरिया गांव में रविवार की रात छापेमारी कर दो देशी कट्टा व पांच जिंदा कारतूस के साथ आलोक साह को गिरफ्तार किया है। सोमवार को थाना परिसर में श्री वंशीधर नगर एसडीपीओ सतेन्द्र नारायण सिंह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इसकी जानकारी दी।

बताया कि आगामी लोकसभा चुनाव को शांति पूर्ण, भयमुक्त और निष्पक्ष वातावरण में चुनाव कराने के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक गढ़वा के दिशा निर्देश के आलोक में गुप्त सूचना के आधार पर भवनाथपुर थाना प्रभारी कृष्ण कुमार के नेतृत्व में सिंदुरिया गांव में छापेमारी किया गया, जहां से आलोक साह को पास से दो देशी कट्टा व पांच जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया। जिसे गिरफ्तारी के पश्चात प्राथमिक दर्ज करते हुए जेल भेज दिया गया।

प्रेस कॉन्फ्रेंस में पुलिस निरीक्षक राजीव कुमार वीर, थाना प्रभारी कृष्ण कुमार, एएसआई परवेज आलम, उपस्थित थे।

# पेयजल आपूर्ति के लिए चल रहे निर्माण कार्य का किया निरीक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता



**मझिआंव।** गढ़वा उपायुक्त महोदय शेखर जमुवार के निदेर्शानुसार नगर पंचायत क्षेत्र में चल रहे पेयजल आपूर्ति हेतु निर्माण कार्य को निरीक्षण हेतु उपायुक्त महोदय के द्वारा एक टीम गठित की गयी। जिसमें प्रदीप कुमार कार्यपालक अभियंता पथ प्रमंडल गढ़वा, कार्यपालक पदाधिकारी नगर पंचायत मझिआंव, शंभू राम अंचलाधिकारी मझिआंव, सुश्री सुषमा कुमारी उप परियोजना प्रबंधक, राजू कुमार प्रजापति सहायक परियोजना प्रबंधक, राकेश कुमार कनीय अभियंता पथ प्रमंडल, मजहर हुसैन सहायक अभियंता पथ प्रमंडल, हिकेश कुमार संवेदक ने पेयजल आपूर्ति निर्माण कार्य स्थल को निरीक्षण किया। तत्पश्चात उसमें आ रहे समस्या को समाधान हेतु नगर पंचायत कक्षा में बैठक आयोजित की गयी। जिसमें बिंदुवार ढंग से सभी समस्याओं का समाधान हेतु निर्णय लिया गया। जिसमें प्रमुख रूप से पथ प्रमंडल से समन्वय स्थापित कर सड़क के फ्लैक के बाहर पाइपलाइन बिछाने का निर्णय लिया गया। तथा जांच दल के द्वारा अंबेडकर चौक के पास ब्लॉक परिसर से और बकरी बाजार में हेल्थ सेंटर के चार दीवारी के अंदर से पाइपलाइन बिछानी हेतु सहमति प्रदान किया गया। तत्पश्चात संवेदक को तीन माह के अंदर इंटेक वेल,वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट, ओभर हेड, वॉटर टैंक विद्युत कनेक्शन करने हेतु निर्देश दिया गया। मौके पर राकेश कुमार सिन्हा, अमित पाठक तथा कई लोग मौजूद थे।

# शादी की खुशी मातम में तब्दील, छोटे भाई के बारात जाने से पहले बड़े भाई की सड़क हादसे में मौत

आजाद सिपाही संवाददाता



फाइल फोटो राकेश यादव और सड़क जाम करते ग्रामीण

**सगमा।** मोटरसाईकिल दुर्घटना में धुरकी -बिलासपुर मुख्य पथ घघरी गांव में एसबीआई ग्राहक सेवा केंद्र के समीप मोटरसाईकिल दुर्घटना होने से राकेश यादव के घटना स्थल पर दर्दनाक मौत हो गयी। छोटे भाई संजय यादव ने बताया कि सोमवार को छोटे भाई संजय का बरात उत्तर प्रदेश के कराहिया गांव में जाना था, लेकिन बारात से पहले बड़े भाई का मौत हो गया। वहीं इधर मृतक के घर से आज छोटे भाई का बारात निकलना था, लेकिन बारात से पहले घर से अर्थी निकल पड़ी। वहीं इस घटना से मृतक के परिजनों के अलावा गांव व आसपास के लोग भी काफी मर्माहत हैं। घटना से आक्रोशित स्थानीय लोगों ने धुरकी-बिलासपुर मार्ग पर शव के साथ मुआवजे की मांगो को लेकर और आरोपी के ऊपर करवाई करने को लेकर 7 घंटे सड़क जाम किया। घटनास्थल पर पुलिस को पहुंचते ही नाराज ग्रामीणों ने पुलिस के खिलाफ जमकर किया, नारेबाजी धुरकी पुलिस मुर्दाबाद, प्रखंड के सीओ मुर्दाबाद, पुलिस प्रसाशन होश में आओ, पुलिस प्रसाशन बालू बेचवाना बंद करो ग्रामीणों के द्वारा इत्यादि नारेबाजी किया गया। इस दौरान पुलिस इंस्पेक्टर रतन कुमार और धुरकी थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार ने आक्रोशित ग्रामीणों को समझाया। प्रखंड विकाश पदाधिकारी सत्यम कुमार की ओर से भेजे गये प्रतिनियुक्त कर बिपिओ प्रभास पांडे परिजनों ने मुआवजे को लेकर एक आवेदन दिया और बिपिओ प्रभास पांडे ने आश्वासन दिया की सरकार की ओर से मिलने वाली हर सुविधा दिलवाने का काम करेंगे, तो जाकर इसके बाद जाम हटाया गया। थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस ने शव व दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को कब्जे में लेकर अग्रेतर कार्रवाई में जुट गयी है।

धुरकी पुलिस ने शक के आधार पर गांव के ही एक ट्रैक्टर अपने कब्जे में ले लिया और उन्होंने बताया कि घघरी गांव के ही अजय यादव के ट्रैक्टर है, जो की घटना को अंजाम देते हुए भागने में सफल रहा, लेकिन अजय यादव के ट्रैक्टर को बहुत जल्द अपने कब्जे में लेकर आगे की कानूनी करवाई करेगी। वहीं शव को पोस्टमार्टम के लिए गढ़वा भेज दिया गया है। इस दौरान पूर्व जीप सदस्य नंद गोपाल यादव, प्रखंड प्रमुख अजय साव, मुखिया प्रतिनिधि अशोक राम, हनुमंत यादव,, योगेंद्र यादव, दिलीप यादव, बबलू ठाकुर, दिनेश ठाकुर, धर्मजीत यादव, प्रताप यादव सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## आग लगने से 50 बोझा गेंहू की फसल जल कर राख

**विशुनपुरा (आजाद सिपाही)।** बिजली तार से निकली चिंगारी के चपेट में आने से कमता गांव के कामेश्वरी मंदिर के समीप खेत मे लगी गेंहू लगभग 50 बोझा गेंहू की फसल जलकर खाक हो गया। खेत कमता गांव निवासी उदय सिंह का बताया गया है, जिसको बटाईदार राजेंद्र मेहता खेती करते है। वहीं ग्रामीण जय कुमार सिंह, रूपेश सिंह, राजू वियार, मुकेश यादव सहित कयी ग्रामीणों ने बताया कि बिजली विभाग की लापरवाही से यह घटना घटी है। बिजली की तार लूज होने से जमीन से लगभग 6 फिट ऊपर झूलता रहता है। ग्रामीणों ने बताया कि इसकी जानकारी पूर्व में बिजली विभाग के अधिकारियों को दिया गया, लेकिन सुधार नही करवायी गयी। ग्रामीणों ने बताया कि 2005 में इसी जगह पर पिपरी खुर्द गांव निवासी स्व बबनु साव की बिजली की चपेट में आने से मौत हो गयी थी। उसके बाद से ही तार पोल जीर्ण शीर्ण अवस्था में पड़ी हुयी है।

# स्कूली और अन्य ग्रामीण बच्चों के बीच पुस्तक और शिक्षण सामग्रियों का वितरण

**आरकेवीएस संस्थान के प्रशिक्षणार्थियों ने कार्यक्रम का आयोजन किया**

आजाद सिपाही संवाददाता




**गढ़वा।** आरकेवीएस संस्थान के प्रशिक्षणार्थियों द्वारा महाविद्यालय सामाजिक सरोकार और उत्तरदायित्व कॉलेज (आउट रीच) कार्यक्रम के तहत उत्क्रमित मध्य विद्यालय नागदरवा पाल टोला के प्रांगण में स्कूली और अन्य ग्रामीण बच्चों के बीच पुस्तक और अन्य शिक्षण सामग्रियों का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विद्यालय के प्रधानाध्यापक बी पाल थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में स्कूल के अध्यक्ष विनोद पाल उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम के उद्घाटन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर चंद्रदीप पांडेय ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने कहा कि यह पहला अवसर है कि इस विद्यालय और क्षेत्र में ऐसा कार्यक्रम किया गया है। इससे बच्चों को आगे पढ़ने लिखने की अभिरुचि जागृत होती है। प्रशिक्षणार्थियों द्वारा विभिन्न तरह के सांस्कृतिक कार्यक्रम का प्रस्तुति किया गया। प्रस्तुत ऐसे प्रेरित कार्यों से बच्चे बहुत ही प्रभावित होते हैं। जिससे उनके अंदर भी आगे पढ़ने बढ़ाने की प्रेरणा का विकास होता है। महाविद्यालय द्वारा ऐसे कार्यक्रम को करना उनके मनोबल को मजबूत करता है।

इस अवसर पर स्कूल और कॉलेज के विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कॉलेज के प्रशासक एस के एल दास ने इस कार्यक्रम में सामाजिक सरोकार की महता पर प्रकाश डाला और कहा कि महाविद्यालय के प्रशिक्षणार्थियों कि सुदूर इलाके में जाकर बच्चों और लोगों को अपने कर्तव्य के प्रति जागरूकता फैलता है। इस कार्यक्रम का समापन महाविद्यालय के प्राचार्य द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। कार्यक्रम का संचालन अफरोजी खातून ने किया। इस कार्यक्रम में प्रोफेसर राजेंद्र चौबे, प्रोफेसर सतीश तिवारी, रितेश कुमार, प्राध्यापक रंजना कुमारी, रोहित कुमार और कार्यक्रम में पूजा रानी अंगद मंगल सरवन सौरभ नीलम पल्लवी ही ना समभुज विद्या सिमरन विशाल पूजा सुनंदी आदि छात्रों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

## आग लगने से सामान सहित करीब एक लाख रुपये का आर्थिक नुकसान

**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** कर्पूरी चौक स्थित तालाब के समीप सोमवार के सुबह एक घर में गैस सिलेंडर से आग लग गयी। इस अगलगी की घटना में घर में रखा हुआ फर्नीचर, नगदी और किराना का सामान सहित करीब एक लाख रुपये का आर्थिक नुकसान हुआ है। पीड़ित महिला रेणु कुंअर पति स्व. अनिल साह ने बताया कि मेरा छोटा पुत्र सोमवार के सुबह करीब आठ बजे गैस चूल्हा पर अंडा उबाल रहा था, उसी दौरान गैस सिलेंडर के पास बिक्री हेतु जरकिन में रखा हुआ पेट्रोल में आग लग गयी। देखते ही देखते आग पुरे घर में फैल गयी। आग से घर के अंदर रखा हुआ किराना का सामान, दो पलंग, कूलर, मोटर पंप, कुर्सी, 10 हजार रुपए नगद सहित करीब 1 लाख रुपये का आर्थिक नुकसान हुआ है। अगलगी की घटना की जानकारी मिलते ही भवनाथपुर पंसस चंदन ठाकुर पीड़िता के घर पहुंचकर घटना की जानकारी ली तथा सीओ से मिलकर अगलगी की घटना की जांचोपरांत मुआवजा दिलाने की आश्वासन दिया।

## युवती ने फांसी लगाकर किया सुसाइड

**मेराल (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के तेनार गांव में रविवार की देर शाम में एक युवती ने फांसी लगाकर सुसाइड करने का मामला प्रकाश में आया है। थाना पुलिस मामले की तहकीकात में जुट गयी है। जानकारी के अनुसार शिव कुमार बैठा की पुत्री पारो कुमारी 14 वर्ष की शव अपने ही घर में फांसी के फंदे में झूलता हुआ पाया गया। थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंच कर मामले की छानबीन के बाद शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गढ़वा सदर अस्पताल भेज दिया। पुलिस के समझाने बुझाने के बाद लोग शांत हुए। थाना प्रभारी विष्णुकांत ने बताया कि यह मामला प्रथम दृष्टया आत्महत्या का लग रहा है। परंतु गहनता से मामले की छानबीन की जायेगी।

## गर्मी को देखते हुए पनशाला खोली गयी

**श्री बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** स्थानीय गोसाईबाग स्थित श्री सर्वेश्वरी समूह शाखा नगर ऊंटारी के द्वारा भीषण गर्मी को देखते हुए पनशाला खोला गया। पनशाला का शुभारंभ शाखा आश्रम के प्रधान पुजारी सुशील कुमार सिन्हा ने अघोरेश्वर महाप्रभु अवधूत भगवान राम और गुरु पद संभव राम जी के चित्र पर माल्यार्पण और पूजा अर्चना शाखा कर किया गया। तत्पश्चात वहां उपस्थित लोगों और राहगीरों को प्रसाद वितरण और जल पिलाकर पनशाला का विधिवत उद्घाटन किया गया। मौके पर शाखा के उपाध्यक्ष हेमंत प्रताप देव ने कहा कि मानव मात्र की सेवा करना हम सबों का परम कर्तव्य है, इस भीषण गर्मी में राहगीरों को उचित स्थान पर बैठकर जलपान करने की व्यवस्था समूह शाखा के द्वारा किया गया है, हम सबको जितना बन सके उतना इस भीषण गर्मी में मानव मात्र की सेवा करने के लिए आगे आना चाहिए।

# उप स्वास्थ्य केंद्र परिसर में लगा चापाकल छह महीने से खराब

आजाद सिपाही संवाददाता



**कांडी।** प्रखंड के शिवपुर पंचायत अंतर्गत अधौरा गांव स्थित तीन विभिन्न जगहों पर लगा चापाकल खराब पड़ा हुआ है। जिसमें उप स्वास्थ्य केंद्र अधौरा उत्क्रमित प्रावि हरिजन टोला व शिवमंदिर का चापाकल खराब है। उप स्वास्थ्य केंद्र परिसर में लगा चापाकल छः महीने से खराब है। जिससे अस्पताल में आने वाले मरीज व अस्पताल कर्मियों को पानी को लेकर परेशानी हो रहा है। परिसर में लगा समरसेबुल पम्प को पहले ही अज्ञात चोरों ने चोरी कर लिए हैं। जिससे अस्पताल में रनिंग वाटर सिस्टम भी खराब पड़ा हुआ है। उसके बाद चापाकल भी खराब हो गया।उधर प्रावि हरिजन टोला का भी चापाकल खराब है। जिससे विद्यालय में अध्ययनरत 50 बच्चों को पानी पीने के लिए परेशानी हो रही है। बच्चे घर से बोतल में पानी लेकर विद्यालय आ रहे हैं। साथ ही एमडीएम संचालन में भी परेशानी हो रही है। विद्यालय प्रांगण में पंचायत निधि से लगा सोलर जलमीनार भी एक साल से टूटा फूटा पड़ा है। जिससे भी पानी आपूर्ति पूर्णतः बंद है। गांव स्थित शिव मंदिर के पास का चापाकल भी कुछ महीनों से खराब है। जिससे उसके आस पास के आधा दर्जन घरो को पानी के लिए दिक्कत हो रहा है। इस चिलचिलाती धूप में भी चापाकल खराब रहना सवाल खड़ा करता है। पेयजल विभाग द्वारा चापाकल मरम्मती अभियान भी नही चलाया गया।

## बाइक दुर्घटना में शिक्षक घायल

**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** भवनाथपुर केतार मुख्य पथ के सिंघीताली के समीप शिक्षक मुरलीधर पाठक मोटर साईकिल दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गये। जिन्हे घायलावस्था में चपरी गांव निवासी समाज सेवी महेंद्र पासवान ने अपनी निजी कार से पाठक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के लिए भर्ती कराया। जहां आयुष चिकित्सक निशंक निश्राम ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर ईलाज के लिए गढ़वा रेफर कर दिया है। घटना के बारे में शिक्षक जो वर्तमान में भवनाथपुर में रहते है और केतार के छाता कुंड के विद्यालय में शिक्षक है, सोमवार को अपने बाईक से विद्यालय से लौट रहे थे की सिंघीताली के समीप रात्रि में शादी विवाह कार्यक्रम में शामिल होने के कारण थके हुए थे और अचानक नींद लग गयी।

# आर्म्स एक्ट उल्लंघन के मामले में 35 अनुज्ञप्तिधारियों के हथियार का लाइसेंस रद्द

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** आर्म्स एक्ट 1959 तथा आर्म्स रूल 2016 का उल्लंघन के मामले में पुलिस अधीक्षक की अनुशंसा पर उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी ने 35 अनुज्ञप्तिधारियों का शस्त्र लाइसेंस रद्द कर दिया गया है।

बताते चलें कि लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के तहत गढ़वा जिले में 16 मार्च 2024 से आदर्श आचार संहिता प्रभावशाली है। आदर्श आचार संहिता लागू होने के उपरांत गढ़वा जिले में स्वच्छ, शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और स्वतंत्र निर्वाचन संपन्न करने के लिए निरंतर भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार कार्रवाई की जा



रही है। इसी क्रम में जिले के सभी निर्गत शस्त्र अनुज्ञप्तिधारियों को अपने शास्त्रों को थाना अथवा गन हाउस में जमा करने हेतु उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी गढ़वा शेखर जमुआर के स्तर से आदेश जारी किया गया और शस्त्र को जमा करने को कहा गया था। इसके बावजूद कुछ अनुज्ञप्ति धारी द्वारा शस्त्र जमा नहीं किया गया। जिसके पश्चात आर्म्स एक्ट 1959 तथा आर्म्स रूल 2016 का उल्लंघन के तहत पुलिस अधीक्षक गढ़वा दीपक कुमार पांडे द्वारा ऐसे अनुज्ञप्ति धारी का शस्त्र अनुज्ञप्ति रद्द करने की अनुशंसा की गई। उक्त अनुशंसा के आलोक में आर्म्स एक्ट की धारा 17 3( ) के तहत उपायुक्त- सह-जिला दंडाधिकारी द्वारा ऐसे कुल 35 अनुज्ञप्तिधारियों का लाइसेंस रद्द कर दिया गया है। इनमें मुख्य रूप से सुनील कुमार उपाध्याय, विनय पांडे, गोपाल कृष्ण चौबे, प्रदीप कुमार महतो, मोहम्मद रशिद खान, नागेंद्र प्रसाद केसरी, संजय कुमार उपाध्याय, जयप्रकाश गुप्ता, कामेश्वर विश्वकर्मा, केश्वर तिवारी, नागेन्द्र नाथ धर दुबे, जय किशोर शुक्ला, राजेश्वर तिवारी, द्वारिका प्रसाद केसरी, प्रभाकर चौबे, अनीता देवी, डॉ जितेंद्र सिहां, मोहम्मद शरीफ, रंगनाथ पांडे, चंद्रशेखर प्रसाद मेहता, सुनील पांडे, बलेंद्र कुमार सिंह, जयराम महतो, राम विनय सिंह, राजेश्वर प्रसाद सिंह, नीलम प्रताप देव, राजमणि प्रताप देव, सुरेंद्र कुमार जायसवाल, सूरजमणी सिंह, कंचन मणी सिंह, अनिरुद्ध पांडे, अजय कुमार चंद्रवंशी, बाबूराम शुभग सिंह, गिरिवर पांडे, मोहम्मद असलम अंसारी आदि लाइसेंसधारियों के नाम शामिल हैं।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त का कार्यालय, रामगढ़।
(मीडिया कोशांग)

चुनाव का पर्व DESH KA GARV

दूरभाष : 06553-296306 (0) Email ID: ramgarhdpro@gmail.com

::–सूचना–::

एतद् द्वारा सभी राजनितिक दल/अभ्यर्थी को सूचित किया जाता है कि भारत निर्वाचन आयोग के पत्रांक–491/Paid News/2019 Communication दिनांक–25/02/2019 एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी–सह–सचिव, मंत्रिमंडल (निर्वाचन) विभाग, झारखण्ड, राँची के पत्रांक–885 दिनांक 07.03.2024 द्वारा प्राप्त निदेश के आलोक में आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के स्वतंत्र एवं निश्पक्ष संचालन हेतु जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त, रामगढ़ की अध्यक्षता में जिला स्तरीय मीडिया प्रमाणन एवं निगरानी समिति (Media Certification and Monitoring Committee) गठित है जो प्रिंट/इलेक्ट्रॉनिक/सोशल/केबल नेटवर्क मीडिया एवं अन्य मामलों की गतिविधियों के संचालन एवं निगरानी का कार्य करेगी।

- निर्वाचन लड़ने वाले प्रत्याशी/उम्मीदवारों को किसी भी तरह के प्रचार समाग्री को प्रकाशन/प्रसारण होने की तिथि से 03 दिन पूर्व एवं या अन्य व्यक्ति को विज्ञापन प्रकाशन/प्रसारण की तिथि से सात दिन पूर्व जिला स्तरीय मीडिया प्रमाणन एवं निगरानी समिति (MCMC) कोशांग से अनुमति लेना अनिवार्य होगा।
- निर्वाचन लड़ने वाले प्रत्याशी/उम्मीदवारों को इलेक्ट्रोनिक/सोशल मीडिया/केवल नेटवर्क के माध्यम से कोई भी विज्ञापन प्रकाशित/प्रसारित करना चाहते हैं तो विहित प्रपत्र Annexute-A में जिला स्तरीय मीडिया एवं निगरानी समिति (MCMC) कोशांग को आवेदन समर्पित कर सकते हैं। उनके द्वारा दिये गय व्यय की विवरणी को उम्मीदवारों/प्रत्याशी के खाते में प्रविश्ट किया जाएगा तथा प्राप्त आवेदन के आलोक में विधिवत विज्ञापन प्रसारण हेतु Annexute-B में अनुमती प्रदान की जाएगी।
- प्रिंट मीडिया में मतदान दिवस एवं मतदान दिवस से एक दिन पूर्व विज्ञापन प्रकाशित करने हेतु (MCMC) का अनुमति अनिवार्य है।
- आवेदन के समय दिये जाने वाले दस्तावेज (I) आवेदन पत्र (II) दो प्रति प्रस्तावित विज्ञापन की हार्ड एवं सॉफ्ट कॉपी (III) दो स्व अभिप्रमाणित हार्ड कॉपी (IV) प्रस्तावित विज्ञापन का अनुमानित लागत (V) विज्ञापन कब–कब एवं कितने बार प्रकाशित/टेलिकास्ट होगा उसका विवरण।
- आदर्श आचार संहिता के दौरान किसी भी राजनितिक दल/प्रत्याशी के द्वारा बिना (MCMC) कोशांग से अनुमति लिए किसी भी तरह के प्रचार–प्रसार से संबंधित समाग्री का प्रकाशन/प्रसारण पेड न्यूज की श्रेणी में रखा गया है।
- (MCMC) कोशांग, रामगढ़ सूचना भवन रामगढ़ में कार्यरत है जो निर्वाचन कार्य के शांतिपूर्ण समाप्ति तक 24X7 संचालित रहेगी।
- प्रचार–प्रसार की अनुमति के लिए प्रारूप रामगढ़ ramgarh.nic.in पर उपलब्ध है।

ह०/–
वरीय पदाधिकारी, मीडिया कोषांग
–सह– जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी, रामगढ़।

PR 323977 Election(24-25)D

## पीपीके कॉलेज मतदाता जागरूकता अभियान



**बुंडू (आजाद सिपाही)।** पीपीके कॉलेज बुंडू में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत राष्ट्रीय सेवा योजना के द्वारा एक क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें 4-4 छात्रों की 5 टीमों ने भाग लिया। क्विज का संचालन राजनीतिशास्त्र प्रवक्ता कुमार गौतम एवं निर्णय डॉ. सुनील कुमार द्वारा किया गया। इस अवसर पर कॉलेज के सभी वरिष्ठ शिक्षकों की उपस्थिति ने छात्रों का प्रोत्साहन किया। इस कार्यक्रम के अंत में राष्ट्रीय सेवा योजना पदाधिकारी डॉ आराधना तिवारी ने धन्यवाद ज्ञापन के साथ ही छात्रों को मतदान का महत्व और इसके प्रति उनके उत्तरदायित्व का बोध कराते हुए समाज में लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करने के लिए उत्साहित किया।

### भाजपा प्रत्याशी ने कर्रा प्रखंड में जनसभाओं को किया संबोधित

# आनेवाली सदी भारत की होनी चाहिए : अर्जुन मुंडा

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** खूंटी संसदीय सीट से भाजपा प्रत्याशी और केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि आनेवाली सदी भारत की होनी चाहिए। इसके लिए हमें विकसित भारत का निर्माण करना है और इसके लिए नरेंद्र मोदी को हमें तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना जरूरी है और यह तभी संभव है जब आप लोकसभा चुनाव में अपना वोट भाजपा को देंगे। अर्जुन मुंडा सोमवार को कर्रा प्रखंड के लापा और उड़ीकेल गांव में आयोजित चुनावी सभाओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि 60 वर्षों तक देश में शासन करनेवालों ने गांवों के विकास को अवरुद्ध कर-के रखा। अर्जुन मुंडा नें कहा कि विकास के लिए हमे परंपरा और



परिवर्तन को साथ लेकर चलना होगा। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के लिए हमें विकास मं गतिशीलता लानी होगी। मौके पर शिवशंकर मिश्रा, दिलीप शर्मा, तोरपा विधानसभा प्रभारी अरूण चंद्र गुप्ता, विष्णु सोनी, राजेन मुंडा, जिला परिषद सदस्य जोरोंग आईंद, मंडल अध्यक्ष रामध्यान सिंह, सुधीर सिंह, मोहनलाल पाठक, अश्विनी शर्मा, बिट्टू शर्मा, मनोज मिश्रा, जगरनाथ साहू, कृष्णा हेमरोम, महादेव गोप, रावण गोप, महावीर गोप, सीमा देवी, प्रीति देवी सहित काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और ग्रामीण उपस्थित थे। **नेत्रहीन मांदर वादक से प्रभावित हुए अर्जुन मुंडा :** उड़ीकेल गांव में आयोजित स्वागत कार्यक्रम के दौरान गांव के ही नेत्रहीन मांदर वादक सुरदास मुंडा की प्रतिभा से अर्जुन मुंडा काफी प्रभावित नजर आये। उन्होंने सुरदास से हाथ मिलाया और कुछ दूर उसका हाथ पकड़कर पने साथ लेते गये।

### भुईहरी जमीन को हड़पनेवाले आदिवासियों का विकास क्या करेंगे

राज्य सरकार पर हमला करते हुए अर्जुन मुंडा ने कहा कि भुइंहरी की जमीन को हड़पने वाले न आदिवासियों का विकास करेंगे और न आदिवासियत की रक्षा। उन्होंने कहा कि आदिवासियों की जमीन को दलालों को देंनें के लिए ही इस सरकार ने सीएनटी एक्ट में बदलाव का भी प्रयास किया। तत्कालीन मंत्री मथुरा महतो के पास सीएनटी में सशोधन वाली फाइल अब भी पड़ी है। केंदीय मंत्री ने कहा कि भाजपा सरकार ने आदिवासियों खासकर खूंटी को काफी सम्मान दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पहले भगवान बिरसा मुंडा की जन्मस्थली उलिहातू ` कोई प्रधानमंत्री नहीं गया था। द्रौपदी मुर्मू पहली राष्टपति हैं, जिन्होंने उलिहातू जाकर धरती आबा को नमन किया। उन्होंने लोगों का आह्वान किया कि 13 मई को होनेवाले लोकसभा चुनाव में सभी कोई भाजपा के पक्ष में वोट देकर नरेंद्र मोदी का प्रधानमंत्री बनाने मे सहयोग करें। भाजपा नेता ब्रजेंद्र हमेरोम नें अतिथियों का स्वागत किया।

## कालीचरण मुंडा की जीत के लिए पुरा जोर लगायें युवा कांग्रेसी कार्यकर्ता: अरुण संगा



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** युवा कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी के निर्देश पर खूंटी जिला यूथ कांग्रेस के कार्यकताओं की सोमवार को कार्यकारी जिलाध्यक्ष अरूण संगा की अध्यक्षता में हुई बैठक में युवा न्याय यात्रा और खूंटी लोकसभा चुनाव कें संबंध में विचार विमर्श किया गया। की बैठक जिला कार्यकारी अध्यक्ष अरुण संगा के अध्यक्षता में की गयी। बैठक का संचालन जिला अध्यक्ष कुणाल कमल ने की। मौके में प्रदेश प्रभारी इशिता शेडा ने कहा कि युवा कांग्रेस राहुल गांधी की न्याय गारंटी योजना को घर-घर तक पहुंचाने का कार्य कर रही है। जिला कार्यकारी अध्यक्ष अरूण संगा ने कहा कि खूंटी लोकसभा में कांग्रेस प्रत्याशी कालीचरण मुंडा भारी मतों से विजयी होगे। इसकें लिए युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता पूरा दम लगायेंगे। मौके में खूंटी जिला प्रभारी सह प्रदेश उपाध्यक्ष कुलदीप रवि, प्रदेश उपाध्यक्ष निशा भगत, सोशल मीडिया प्रभारी गुलाम गौस, जया एक्का, जिला उपाध्यक्ष बहा मुंडा, नगर अध्यक्ष गुलीट मिश्रा, खूंटी विधानसभा अध्यक्ष ऋतुराज, जिला महासचिव सुमन जायसवाल, रिया धान, एंजेला हंस, दशरथ पाहन, संजीत, शांति प्रिया, अनीशा, आशा, खुशबू, मोनू आदि मौजूद थे।

## पोस्टल बैलेट से मतदान की दी गयी जानकारी



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** लोकसभा चुनाव 2024 अन्तर्गत पोस्टल बैलेट कोषांग के अब्सेंटी वोटर्स एसेंसियल सर्विस कैटेगरी के मतदाताओं से संबंधित वीडियो का अवलोकन तथा घोषणा पत्र से संबंधित बैठक का सोमवार को आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता वरीय पदाधिकारी सह उप विकास आयुक्त ने की। लोकसभा आम निर्वाचन में आवश्यक सेवा में लगे अनुपस्थित मतदाता (अब्सेंटी वोटर्स) को डाक मतपत्र (पोस्टल बैलट) द्वारा मतदान की सुविधा उपलब्ध कराने को लेकर विशिष्ट बिंदुओं पर चर्चा की गयी। इस दौरान आवश्यक सेवाओं से जुड़े पुलिस, कारा, रेलवे, मीडिया, बिजली, बीएसएनएल, डाक, स्वास्थ्य एवं अग्निशमन सेवाओं के प्रतिनिधि उपस्थित थे। वीडियो के माध्यम से डाक मतपत्र संबंधित सभी प्रक्रियाओं एवं तकनीकी बारीकियों की विस्तारपूर्वक जानकारी दी गयी। आवश्यक सेवाओं में तैनात व्यक्तियों-कर्मियों को डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान कराया जायेगा। आवश्यक सेवा के ऐसे सभी पदाधिकारी और कर्मी डाक मतपत्र के लिए रिटर्निंग अधिकारी के समक्ष अपने विभाग, कार्यालय के नोडल पदाधिकारी के माध्यम से फॉर्म 12 डी प्रस्तुत करेंगे, जिसके जांचोंपरांत निवार्ची पदाधिकारी द्वारा उन्हें मतदान के लिए डाक मतपत्र निर्गत किया जायेगा।

# यशस्विनी सहाय ने माता देवड़ी का लिया आशीर्वाद





आजाद सिपाही संवाददाता

**ईचागढ़/तमाड़।** रांची लोकसभा क्षेत्र के इंडिया गठबंधन की उम्मीदवार यशस्विनी सहाय टिकट मिलने के बाद सोमवार को ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र के दौरे पर पहुंची। कांग्रेस पार्टी ने रविवार को ही रांची संसदीय क्षेत्र के लिए उनके नाम की घोषणा उम्मीदवार के रूप में किया था। रांची सीट से उम्मीदवार घोषित होने के दूसरे दिन ही उन्होंने अपने पिता सह पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय के साथ ईचागढ़ प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों का तूफानी दौरा किया। इस दौरान उन्होंने लोगों से मुलाकात कर अपनी भावी योजनाओं के बारे में बताया और समर्थन मांगा। लोगों से मिलने के दौरान उन्होंने केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार के कार्यकाल में बेरोजगार युवाओं की समस्या, महिलाओं के साथ हो रही अन्याय, अत्यचार और कमर तोड़ मंहगाई जैसे मुद्दों पर अपनी बातों को रखा। इंडिया गठबंधन की साझा प्रत्याशी यशस्विनी सहाय ने सोमवार को दिऊड़ी मंदिर में मां दुर्गा की पूजा-अर्चना करने के बाद अपना प्रचार अभियान शुरू किया। सबसे पहले ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र के टीकर पहुंची। टीकर में भगवान गणेश जी की पूजा-अर्चना करने के बाद चुनाव-प्रचार अभियान का श्रीगणेश किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि पिछले दस साल से देश की जनता मोदी सरकार का दंश झेल रही है। अब आम जनता मोदी के जुमलों से छुटकरा पाना चाहती हैं। कांग्रेस की सरकारों ने जनता के लिए जो सुविधाएं दी है, उनका एक प्रतिशत भी मोदी सरकार नहीं दे सकी है। मोदी सरकार सिर्फ प्रचार करने में ही कांग्रेस की सरकार से आगे है। उन्होंने सोमवार को टीकर में लोगों से मिलने और चर्चा करने के बाद चिपड़ी में ग्रामीणों से बात की।

इस दौरान चिपड़ी में महिलाओं ने उनका जोरदार अभिनंदन किया। यशस्विनी सहाय ने मिलन चौक में भी प्रचार अभियान चलाया।

## भारत आदिवासी पार्टी की प्रत्याशी बबिता कच्छप ने दाखिल किया पर्चा



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** भारत आदिवासी पार्टी की प्रत्याशी बबिता कच्छप ने सोमवार को जिला खूंटी संसदीय सीट से अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। नामांकन के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए बबिता कच्छप ने कहा कि यहां के जल, जंगल और जमीन की रक्षा करने के लिए मैं चुनाव लड़ रही हूं और यहां के आदिवासी- मूलवासियों की आवाज को संसद में उठाऊंगी। उन्होंने कहा कि कुछ वर्ष पहले मैने यहां के आदिवासी-मूलवासियों की समस्याओं को लेकर जन आंदोलन किया था, जिसे कुछ लोगों ने पत्थलगड़ी आंदोलन करार दिया था। मेरे आंदोलन को कुछ असामाजिक तत्वों ने बदनाम करने की भी कोशिश की। उन्होंने कहा कि अनुसूचित क्षेत्रों में चुनाव कराने का कोई नियम नहीं है। यहां पर इलेक्शन नहीं सेलेक्शन की बातें होती थी। आजादी के पहले इतिहास का देखा जाय, तो आदिवासी क्षेत्रों में चुनाव नहीं होता था। 1950 से पहले जो भी अंग्रेजी कानून होते थे, जो भी रेगुलेशन होते थे, उसमे चाहे बंगाल रेगुलेशन या मद्रास रेगुलेशन, इसमें साफ था कि आदिवासी क्षेत्रों में अंग्रेजों का कानून लागू नहीं होता था। आजादी के बाद एसटी कमिशन की जो रिपोर्ट है, उसमें साफ-साफ कहा है कि जितने भी पुराने और नए कानून बने हैं, उसको आदिवासी क्षेत्रों में लागू करने के लिए यहां के रीति-रिवाज और स्थानीय लोगों की जमीन को ध्यान में रखते हुए लागू किया जाना चाहिए।

## माइक्रो आब्जर्वर को दिया गया लोकसभा चुनाव का प्रशिक्षण



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** आसन्न लोकसभा चुनाव को स्वतंत्र, स्वच्छ एवं शांतिपूर्ण संपन्न कराने के निमित प्रशिक्षण कोषांग, खूंटी द्वारा सोमवार को बिरसा कॉलेज, खूंटी परिसर में 54 माइक्रो आब्जर्वर का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण कोषांग के वरीय पदाधिकारी आलोक शिकारी कच्छप ने उनके कार्य एवं दायित्वों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। कोषांग के मास्टर ट्रेनरों ने मतदान की सभी प्रक्रियाओं से अवगत कराया। पीपीटी के माध्यम से निर्वाचन की प्रक्रियाओं से अवगत कराया गया। मॉक पोल, सिलिंग और वास्तविक मतदान, मतदान समाप्ति और पैकेटिंग से संबंधित प्रक्रियाओं के संबंध में विस्तार से बताया गया। इस दौरान जिला निर्वाचन प्रबंधन योजना, भेद्यता मानचित्रण, मतदान दल और मतदान दिवस की व्यवस्था, मतदान केंद्र आदि से संबंधित प्रशिक्षण उपल्ब्ध दिया गया।

# जीवन में सुख, शांति और खुशहाली के लिए सिङ्बोंगा की स्तुति जरूरी: धर्मगुरु सोमा कंडीर

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** अड़की प्रखंड के बिरबांकी में सोमवार को सरना धर्म सोतोः समिति का शाखा स्थापना दिवस सह सरना धर्म प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में धीरजू मुंडा, बुधराम सिंह मुंडा व सोमा मुंडा की अगुवाई में अनुयायियों के साथ सरना स्थल में भगवान सिङबोंगा की पूजा कर सुख, शांति और खुशहाली की कामना की गयी। इस अवसर पर धर्मगुरु सोमा कंडीर ने अनुयायियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज हम जीवन की भाग-दौड़ में अपने धर्म-संस्कृति से दूर होते जा रहे हैं, जिससे हम आर्थिक संपन्नता में भी तरह-तरह की समस्याओं से जूझ रहे हैं। समाज में बुराइयां फैल रही हैं। लोभ, लालच व अहंकार से हम त्रस्त हैं। अतः जीवन में सुख, शांति और खुशहाली के लिए सिङबोंगा की स्तुति जरूरी है। उन्होंने आगे कहा कि भगवान के सामने सब बराबर हैं, जिससे सबको समान कृपा मिलती है। हमें इसके लिए सदा धर्म के रास्ते पर चलना चाहिए और समाज में प्रेम व भाईचारा के साथ रहना चाहिए। धर्मगुरु बगरय मुंडा ने कहा कि हमारे महापुरुषों ने जिस समृद्ध समाज की कल्पना की थी वह आज भी अधूरी है। हमारे महापुरुष अपनी धर्म, संस्कृति और समाज के साथ ही जल-जंगल-जमीन के संरक्षण व संवर्धन के लिए हमेशा तत्पर रहे। आज हमें उनसे प्रेरणा लेकर सरना धर्म कोड के लिए डटकर संघर्ष करना चाहिए। कार्यक्रम में श्वेता बाखला, मोती नाग, मथुरा कंडीर, बाजीनाथ मुंडा, एतवा मुंडा, गुरूआ मुंडा, रमण मुंडा, सागर मुंडा, करमू हेंब्रोम, सूरज मुंडा, विश्राम टूटी, मंगा मुंडा, सलीम मुंडा, बिरसा कंडीर, चौतन मुंडा, मंगल सिंह मुंडा आदि ने भी विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में अड़की, दलभंगा, कोचांग, खूंटी, मुरहू, बंदगांव आदि क्षेत्रों के सरना धर्मावलंबी शामिल हुए।

# पिपरवार पुलिस ने चलाया वाहन चेकिंग अभियान

कई वाहनों का काटा गया चालान

आजाद सिपाही संवाददाता



**पिपरवार।** आगामी लोकसभा चुनाव और पर्व त्योहार को लेकर सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र में स्थानीय पिपरवार पुलिस पुरी तरह से सर्तक है। पिपरवार के सीमांत क्षेत्रों में पुलिस के द्वारा बैरियर लगाकर वाहनों की जांच और हर आने जाने वालों की तलाशी ली जा रही है।जानकारी के अनुसार चतरा-रांची और चतरा हजारीबाग के सीमांत क्षेत्र पर पिपरवार पुलिस के द्वारा बैरियर लगाया गया है, जिसमें प्रत्येक दिन वाहनों की जांच और आने-जाने वाले लोगों की तलाशी ली जा रही है। चतरा पुलिस अधीक्षक विकास पांडेय के निर्देश पर पिपरवार थाना प्रभारी प्रशांत कुमार मिश्रा के नेतृत्व में यह अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें दो पहिया और चार पहिया वाहनों की तलाशी ली जा रही है,साथ ही वाहनो से संबंधित कागजात की जांच की जा रही है। इस संबंध में पिपरवार थाना प्रभारी प्रशांत कुमार मिश्रा ने बताया कि आने वाले पर्व त्योहार और लोकसभा चुनाव को लेकर पिपरवार पुलिस पूरी तरह से सतर्क है और सीमांत क्षेत्रों में बैरियर लगाकर सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के माध्यम से शरारती तत्व एवं मनचलो पर कड़ी नजर रखी जा रही है। उन्होंने थाना क्षेत्र के सभी लोगों से मोटर अधिनियम एक्ट का पालन करते हुए वाहन चलाने के वक्त सीट बेल्ट लगाने, दो पहिया वाहन चलाने के दौरान हेलमेन्ट का उपयोग करने, नशा का सेवन नहीं करने, क्षमता से अधिक लोगो के वाहन में नहीं बैठने, नाबालिक से वाहन नहीं चलाने,वाहन से संबंधित दस्तावेज साथ मे रखने की अपील की है। उन्होंने कहा कि नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जायेगी। साथ ही यह अभियान आगे भी जारी रहेगी। वाहन चेकिंग अभियान के दौरान दर्जनो वाहनो का चालान काटा गया।

## सीसीएलकर्मी की घर में बेहोश होकर गिरने से हुई मौत



**खलारी (आजाद सिपाही)।** पुरनाडीह परियोजना में कार्यरत डंपर ऑपरेटर झरी गंझू की मृत्यु सोमवार की सुबह हो गयी। मृतक की पत्नी षाको देवी ने बताया कि उनके पति काफी दिनों से बिमार चल रहे थे। इस दौरान उनका ईलाज भी चल रहा था। सोमवार की सुबह में बेती पंचायत के हरगड़ी गांव स्थित घर में उनके पति बाथरूम से आने के बाद अचानक बेहोष हो कर गिर गये। जिसके बाद आनन फानन में उन्हे डकरा केन्द्रीय अस्पताल ले आया गया। जहां चिकित्सकों ने उन्हे मृत घोशित कर दिया। इधर डंपर ऑपरेटर झरी गंझू की मृत्यु की सुचना पाकर जनता मजदूर संघ के एरिया अध्यक्ष गोल्डेन प्रसाद यादव सहित काफी संख्या में पुरनाडीह परियोजना के डंपर ऑपरेटर और कामगार एकत्रित हो गए और मृतक के आश्रित को नौकरी देने की मांग करने लगे। इस दौरान प्रबंधन से हुई मोबाईल वार्ता में प्रबंधन की ओर नियम संगत कार्रवाई करने का आष्वासन दिया गया। इधर रैयत विस्थापित मोर्चा के द्वारा प्रबंधन से सीसीएल कर्मी मृतक झरी गंझू के आश्रित को जल्द से जल्द प्रक्रिया पुरी कर नौकरी देने कर मांग किया है।

# असंगठित मजदूरों को कोल इंडिया का तय वेतन नहीं मिला, तो आंदोलन : अब्दुल्ला

आजाद सिपाही संवाददाता

**खलारी।** राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर संघ कांग्रेस इंटक के एनके एरिया सचिव अब्दुल्ला अंसारी ने असंगठित मजदूरों का हक अधिकार दिलाने के लिए सीसीएल डकरा व केडीएच परियोजना पदाधिकारी को पत्र दिया है। उन्होंने कहा है कि एन के एरिया में काम कर रही आउटसोर्सिंग कंपनियों द्वारा उनके साथ काम कर रहे असंगठित मजदूरों को कोल इंडिया द्वारा तय वेतन नहीं दिया जा रहा है। जिसके कारण मजदूरों में सीसीएल प्रबंधन के प्रति आक्रोश बढ़ते जा रहा है। एरिया के डकरा, केडीएच परियोजना में चल रहे सभी आउटसोर्सिंग कंपनी द्वारा कोल इंडिया के नियम के तहत मजदूरों का वेतन तय किया जाय, नहीं तो मजदूरों द्वारा आंदोलन किया जायेगा। अब्दुल्ला अंसारी ने



एनके एरिया सचिव अब्दुल्ला अंसारी।

आरोप लगाया कि ऐसा प्रतीत होता है कि कंपनी व सीसीएल अधिकारी मिलीभगत कर मजदूरों का वेतन आपस में बांट रहे हैं। चेतावनी दिया कि जल्द से जल्द कोल इंडिया का तय वेतन मजदूरों को नहीं दिया गया तो मजदूर हड़ताल पर चले जाएंगे जिसकी पूरी जबाबदेही प्रबंधन की होगी।

# उर्सुलाइन कॉन्वेंट स्कूल के छात्रों ने प्लास्टिक के दुष्प्रभाव से पृथ्वी को बचाने का बच्चों ने दिया संदेश






आजाद सिपाही संवाददाता

**खलारी।** विष्व पृथ्वी दिवस पर सोमवार को उसुर्लाइन कॉन्वेंट स्कूल के छात्रों ने सामाजिक जागरूकता को लेकर खलारी बैंक चैक और केडी हिंदूगढ़ी चैक पर नुक्कड़ नाटक कर लोगों को जागरूक किया। इस दौरान बच्चों ने नुक्कड नाटक के माध्यम से प्लास्टिक के दुष्प्रभाव से पृथ्वी को बचाने और प्लास्टिक का किसी भी रूप में बहिष्कार करने के लिए लोगों को बताया। साथ ही प्लास्टिक के उपयोग से कैंसर जैसे असाध्य रोग सहित विभिन्न प्रकार के होने वाली बीमारियों के बारे में लोगों को बताया गया। वहीं लोगों से प्लास्टिक का उपयोग एवं प्लास्टिक का उत्पादन नही करने की अपील की गयी। खलारी बैंक चैक पर नुक्कड़ नाटक के प्रदर्षन के बाद केडी हिन्दुगढ़ी चैक तक बच्चों द्वारा जागरूकता फेरी भी निकली गयी। वहीं इस दौरान मुख्य रूप से उपस्थित जिप सदस्य सरस्वती देवी ने बच्चों की काफी सरहाना किया। प्राचार्या सिस्टर जयंती ने पृथ्वी संरक्षण, प्लास्टिक कचरा के उचित प्रबंधन, पर्यावरण संरक्षण और पृथ्वी को सुरक्षित बचाए रखने से संबंधित विभिन्न जानकारियां दी। इस दौरान नुक्कड़ नाटक और जागरूकता फेरी में विद्यालय की प्राचार्या सिस्टर जयंती, शिक्षक मुकेश कुमार सिंह, षिक्षिका अलका राही, नोरबेता मैम सहित छात्र-छात्राओं में आयुष कुमार, रिशु पासवान, नरेंद्र कश्यप, सचिदानंद गौड़ा, आशुतोष प्रसाद, षगुफ्ता साहिन, अद्यासा मोहंती, नैंसी कुमारी, प्रियांशी गुप्ता, तेजस्विनी, अनुष्का तिर्की, अनन्या राज, मोनालिसा मिंज, अमृता कुमारी, कोमल कुमारी, परिनिका कुमारी, मैरी रोज खेस, रिसव गुप्ता, लॉरेंस मैथवेस, जिया कुमारी, शैली चैहान, सानिया परवीन, सुहाना सैफी, काशवी दाधीच, अर्पिता राज, अभिनव बिस्वास, अनन्या सिंह, अनमोल कुशवाह, शौरभ मिश्रा, शिवम कुमार शामिल थे।

## आरयू मासकॉम का भ्रमण किया, मांगा सहयोग



**रांची (आजाद सिपाही)।** 22 अप्रैल को सिदो कान्हो विश्वविद्यालय दूमका के कुलसचिव डा विनय नारायण सिन्हा, सीसीडीसी डा अब्दूस्स सत्तार तथा पीजी साइकोलौजी के हेड डा विनोद शर्मा रांची विश्वविद्यालय के रेडियो खांची पहुंचे। यहां उन्होंने रेडियो खांची तथा मास कौम के निदेशक प्रो डॉ बीपी सिन्हा से मुलाकात की। रेडियो खांची में कुलसचिव का एक साक्षात्कार भी रिकार्ड किया गया। इसके बाद तीनों पदाधिकारी आरयू के स्कूल आफ मास कम्युनिकेशन विभाग पहुंचे और निदेशक प्रो (डॉ)बीपी सिंहा के साथ मास कौम के स्टूडियो, कंप्यूटर लैब, लायब्रेरी, कक्षाओं तथा आडिटोरियम को देखा। सिदो कान्हो के रजिस्ट्रार तथा सीसीडीसी ने कहा कि रांची विश्वविद्यालय का मास कम्युनिकेशन विभाग हर मायने में बहुत ही आधुनिक और व्यवस्थित है। उन्होंने आरयू मास कौम के निदेशक प्रो सिन्हा से सिदो कान्हो विश्वविद्यालय को भी आधुनिक और सुविधाओं से लैस करने के लिये विमर्श किया और सहयोग का आग्रह किया। निदेशक प्रो डॉ बीपी सिंहा ने हर संभव सहयोग करने की बात कही। इस अवसर पर विभागीय शिक्षक संतोष उरांव, मनोज कुमार शर्मा भी उपस्थित थे।

**हिदायत :** कांग्रेस पर लगाया मुसलमानों को धोखे में रखने और छलावा करने का आरोप

# मुसलमानों को नजरअंदाज करना आइएनडीआइए गठबंधन को चुनाव में पड़ेगा भारीः मुस्तफा अंसारी

## खिजरी विधायक पर लगाया मुसलमानों की अपेक्षा का आरोप

आजाद सिपाही संवाददाता

**अनगड़ा।** झारखंड रत्न से सम्मानित क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ता मुस्तफा अंसारी ने आइएनडीआइए गठबंधन पर लोकसभा चुनाव में अल्पसंख्यकों के साथ धोखेबाजी करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि झारखंड में 22 फीसदी मुसलमान है, बावजूद इसके लोकसभा की एक सीट से मुस्लिम प्रत्याशी नहीं बनाया गया। यह अल्पसंख्यकों के साथ घोर नाइंसाफी और छलावा है। जिसका खामियाजा चुनाव में आइएनडीआइए गठबंधन को भुगतना पड़ेगा। खासकर कांग्रेस के खिलाफ अल्पसंख्यक समुदाय काफी गुस्से में है। मुस्तफा अंसारी ने यह भी आरोप लगाया कि कांग्रेस मुसलमानों को अबतक गुलाम समझती रही है। लेकिन अब मुस्लिम समुदाय भी उसके चाल चरित्र को समझ चुकी है। कांग्रेस के अंदर टिकट बंटवारे को लेकर यह आवाज उठी थी कि यहां मुस्लिम-यादव को तरजीह नहीं दी जा रही है। अब गोडा से प्रदीप यादव को प्रत्याशी बना दिए जाने के बाद यादव जाति का मुद्दा तो समाप्त हो गया। लेकिन असल मामला अब भी यथावत बना हुआ है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि वर्तमान राज्य सरकार का कार्यकाल समाप्ति की ओर है। पर आज तक बोर्ड, निगम, बीस सूत्री समिति आदि का गठन नहीं किया गया है। उन्होंने खिजरी के कांग्रेसी विधायक पर मुसलमानों के साथ पक्षपातपूर्ण रवैया अपनाने का आरोप लगाया है। कहा कि खिजरी विधानसभा क्षेत्र में मुस्लिमों की अच्छी खासी आबादी है पर वर्तमान कांग्रेस विधायक की ओर से एक भी मुस्लिम को प्रखंड विधायक प्रतिनिधि नहीं बनाया गया है। मुस्तफा अंसारी ने कहा कि मुसलमानों को नजरअंदाज किया जाना आइएनडीआइए गठबंधन को भारी पड़ेगा। अंदर ही अंदर गठबंधन खासकर कांग्रेस के खिलाफ अल्पसंख्यक समुदाय एकजुट हो रहा है। जल्द ही धरातल पर जोरदार विरोध शुरू होगा जिसका असर लोकसभा चुनाव में भी दिखेगा।


मुस्तफा अंसारी। फाइल फोटो

## चान्हो प्रखंड में भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ी नल-जल योजना

**प्रचंड गर्मी में भी आधे से अधिक जल मीनार से पानी की सप्लाई बंद, बूंद बूंद को तरस रहे ग्रामीण**

आजाद सिपाही संवाददाता



**चान्हो।** प्रखंड के महुआ टोली शंकर लोहरा और गूंजरि देवी के घर के पास लगाया गया जल मीनार दिखावे की वस्तु बनकर रह गया है। यह देख प्रतीत हो रहा है कि करोड़ों रुपए की लागत से निर्मित होने वाली यह सरकारी योजना भ्रष्टाचार के चंगुल में फंसती चली जा रही है। बताया जा रहा कि इस महत्वाकांक्षी योजना से हर घर में नल से जल पहुंचाना था। पर विभागीय अधिकारियों की लापरवाही और संवेदकों के घटिया कार्य के कारण ऐसी सैकड़ों योजनाएं गांव में अधूरी दिख रही है। किसी नेता और अधिकारी का ध्यान इस ओर नहीं है। ग्रामीण बताते हैं कि अभी त्योहार का समय है। धीरे-धीरे प्रचंड गर्मी पढ़ने लगेगी और पेयजल आपूर्ति के लिए ग्रामीण दर-दर की ठोकर खाएंगे। नदी और नालों का पानी पीने को मजबूर हो जाएंगे जिससे उनके स्वास्थ्य पर भी असर पड़ेगा। इस तरह के कार्य में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों और संवेदकों पर सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए।

## सीओ और बीडीओ ने बूथों से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर की समीक्षा, दिये कई दिशा-निर्देश

**लोकतंत्र के महापर्व के सफल क्रियान्वयन को लेकर बैठक**

आजाद सिपाही संवाददाता




**बेड़ो।** लोकतंत्र के महापर्व की सफलता को लेकर सीओ प्रताप मिंज व बीडीओ राहुल उरांव की अगुवाई में सोमवार को प्रखंड के कई सेक्टरों में बैठक की गई। जहां एक ओर विधि व्यवस्था के साथ सफल क्रियान्वयन के लिए दिशा निर्देश दिया गया। वहीं, दूसरी ओर स्वीप कार्यक्रम के तहत उत्क्रमित मध्य विद्यालय डोरंडा और राजकीय मध्य विद्यालय नरकोपी में मतदाता जागरूकता अभियान चलाकर वोट प्रतिशत बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है। बीडीओ राहुल उरांव ने कहा कि लोकसभा चुनाव लोकतंत्र का सबसे बड़ा त्योहार है, जिसका सफल क्रियान्वयन हम सभी की जिम्मेदारी है। इसलिए यह जरूरी है कि न केवल मतदान के दिन, बल्कि उसकी संपूर्ण तैयारी में गुजरने वाले हर एक दिन को हम उत्सव की तरह मनाएं और इसकी तैयारी में लगे रहे। वहीं, सीओ प्रताप मिंज ने कहा कि प्रत्येक मतदान केंद्र में सभी सुविधा मुहैया कराना हम सभी का दायित्व है। बिजली, पानी, शौचालय जैसी बुनियादी सुविधाओं के अलावे मतदान कर्मी एवं पुलिस बल की सुविधाओं का भी खास ख्याल रखना है। उन्होंने उपस्थित कर्मियों, जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों से कहा कि हम सभी का फर्ज है कि मिलकर लोगों को जागरूक करते हुए ज्यादा से ज्यादा ग्रामीणों को मतदान करने के लिए प्रेरित करें। इस दौरान बूथों से संबंधित जानकारी ली गई और दिशा निर्देश भी दिए गए। खासतौर पर ब्लू एवं संबंधित कर्मियों को निर्देश दिया गया के लोगों को प्रेरित और जागरूक कर शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित किया जाए। पदाधिकारियों ने बच्चों के साथ संयुक्त रूप से मध्याह्न भोजन ग्रहण किया। मौके पर बीपीओ संजय तिर्की के अलावे क्षेत्रीय कर्मी भी उपस्थित थे।

## राज मिस्त्री सरबर अंसारी हत्याकांड का खुलासा, 5 गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** बेड़ो पुलिस ने राज मिस्त्री सरबर अंसारी हत्याकांड मामले का खुलासा करते हुए पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें पंचम उरांव, शंकर उरांव और महावीर उरांव शामिल है। मामले में दो नाबालिग को निरुद्ध किया गया है। इनके पास से घटना में इस्तेमाल की गयी बाइक भी बरामद की गयी है। ग्रामीण एसपी सुमित अग्रवाल ने सोमवार को संवाददाता सम्मेलन कर बताया कि 20 अप्रैल को मुबारक अंसारी ने रात आठ बजे फोन कर थाना में सूचना दी थी कि उसके छोटे भाई सरबर अंसारी, जो राज मिस्त्री का काम करता है, वह शाम को अपने लेबर बिरसमुनी उराइन को पैसा देने के लिए चरिया गांव गया था। वह अभी तक घर नहीं आया है और उसका फोन भी बंद है। सूचना के बाद पुलिस सरबर अंसारी कीखोजबीन करने के लिए चरिया गांव पहुंची और काफी खोजबीन करने के बाद रात एक बजे सरबर अंसारी का शव खिरदा मोड़ के अंदर बिजली के टावर के पास खेत से बरामद किया गया। एसपी ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए डीएसपी बेड़ो अखिल नितिश कुजूर के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मृतक का पेशन प्रो बाइक घटनास्थल से करीब 500 मीटर की दूरी पर खेत में बरामद किया।

## सीआइटी में टीसीएस ने किया प्री प्लेसमेंट टॉक का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**नामकुम।** आईटी सेक्टर की नामचीन कंपनी टीसीएस ने सोमवार को कैंब्रिज इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (सीआईटी) में इंजीनियरिंग के फाइनल व प्री फाइनल सेशन के विद्यार्थियों के लिए प्री प्लेसमेंट टॉक का आयोजन किया। इस दौरान कंपनी के एचआर टीम के संदीप रॉय एवं आकाश घोष ने विद्यार्थियों को संबोधित कर कंपनी की चयन प्रकिया के बारे में विस्तृत जानकारी दी व विद्यार्थियों द्वारा पूछे गये सवालों का जवाब दिया। कंपनी के प्रतिनिधियों ने चयन के लिए टीसीएस द्वारा सालाना आयोजित होने वाले (एनक्यूटी) ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की प्रकिया के अलावे इंटर्नशिप, कैरियर ग्रोथ, अपग्रेड स्किल्स, कटऑफ, टेस्ट पैटर्न के बेसिक व एडवांस आदि की जानकारी दी। मौके पर चीफ कोऑर्डिनेटर प्रो अंकित सिंह, प्रोफेसर इंचार्ज ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट डॉ केपी दत्ता, कौशिक चटर्जी आदि उपस्थित थे। संभावना है कि कंपनी जल्द ही संस्थान में प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन करेगी। सत्र में कंप्यूटर साइंस के अलावे इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनिरिंग के विद्यार्थियों ने भाग लिया।

## शिक्षा के बिना मनुष्य पशु समान है : हिंदिया टोप्पो



**देवगांव पंचायत के नवाटोला बाजार टांड में इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल का उद्घाटन**

आजाद सिपाही संवाददाता

**लापुंग।** प्रखंड के देवगांव पंचायत अंतर्गत नवाटोली बाजार टांड के समीप इंटरनेशनल पब्लिक नामक स्कूल का शुभारंभ हुआ। जिसका उद्घाटन लापुंग प्रखंड की जिप सदस्य हिंदिया टोप्पो ने किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा के बिना मनुष्य पशु के समान है। इस लिए हमें अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा देने की जरूरत है, ताकि आने वाला भविष्य बच्चों का उज्वल हो सके। वहीं, स्कूल के निदेशक जितिया उरांव ने कहा कि यह स्कूल 2014 से चलाया जा रहा है। बीते सालों में प्रखंड टॉपर तक स्कूल में दिया है। लेकिन महामारी कोरोना काल में मजबूरन स्कूल को बंद करना पड़ा था। लेकिन फिर से उक्त स्कूल को चालू किया जा रहा है। आप अपने बच्चों का नामांकन करा सकते हैं। इस मौके पर स्कूल के प्रधान शिक्षक समीर उरांव, मुखिया दुर्गा उरांव, फगुआ भगत, सुनील उरांव, लेला उरांव, लिटिया पहान, सुकरा भगत, सुनील लोहरा, सुखदेव भगत और कार्तिक उरांव आदि उपस्थित थे।

## 10वीं के छात्र-छात्राओं को दी गयी विदाई




**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** नगडी स्थित हिज ब्लेसिंग कान्वेंट स्कूल में सत्र 2023 24 के 10वीं के छात्र-छात्राओं के लिए समारोह आयोजित कर विदाई दी गई। जिसका शुभारंभ प्रधानाचार्य पुरुषोत्तम केसरी ने किया। विद्यार्थियों की ओर से पेश किये गए सांस्कृतिक कार्यक्रम में यह बताने का प्रयास किया गया कि विद्यार्थियों का जीवन कैसा होना चाहिए। वहीं, शिक्षकों ने यह बताया कि विद्यालय में वह प्रथम दिन से विदाई समारोह तक का समय सुनहरा सफर होता है जिसमें विद्यार्थियों के जीवन में आने वाले संघर्षों से सामना करना सिखाया जाता है। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में विदाई लेने वाले सभी विद्यार्थियों के माता-पिता उपस्थित हुए और अपना आशीर्वचन दिया। मंच संचालन टिकैट कुमार और धन्यवाद ज्ञापन सूरज कुमार ने किया।

**श्रीश्री संकट मोचन हनुमान मंदिर की दूसरी वर्षगांठ पर निकाली गयी कलश यात्रा**

## सनातन धर्म में हनुमानजी आज भी जीवित हैं और सबका कल्याण करते हैंः संजय सेठ

आजाद सिपाही संवाददाता

**ओरमांझी।** प्रखंड के कुरुम तेतरिया टोला में स्थापित श्रीश्री संकट मोचन हनुमान मंदिर के तृतीय वर्ष गांठ पर सोमवार से दो दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन किया गया है। इस दिन सुबह दोनों मंदिर परिसर से गाजे बाजे के साथ जय श्री रामस हर हर महादेव आदि का जयकारा लगाते हुए कलश यात्रा निकाली गई। गुरगाई स्थित भैरवी नदी के तट पहुंच कर आचार्य दिवाकर पाठक व उपासक सुनील महतो, रामकिशोर महतो, परमेश्वर महतो, जयमंगल महतो द्वारा विधि पूर्वक मां गंगा की पूजा कर कलश में जल भर कर मंदिर परिसर में स्थापित कर अनुष्ठान शुरू किया गया। इस असर पर कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में रांची के सांसद संजय सेठ, राज्यसभा सांसद प्रो आदित्य प्रसाद साहू, पूर्व सांसद रामटहल चौधरी, प्रखंड प्रमुख अनुपमा देवी, भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष अमरनाथ चौधरी, सांसद प्रतिनिधि राजेश गुप्ता, प्रमुख अनुपमा देवी, सरिता देवी, पूजा समिति के अध्यक्ष सत्यनारायण तिवारी, भाजपा ग्रामीण जिला उपाध्यक्ष मानकी राजेंद्र साही, ओरमांझी उपमुखिया संतोष गुप्ता, विहिप मंत्री शशि मेहता, रणधीर चौधरी, कामेश्वर महतो, मुखिया वीरेंद्र मुंडा, आनन्द महतो आदि लोग उपस्थित हुए। सांसद संजय सेठ ने कहा कि सनातन धर्म में भगवान हनुमानजी आज भी जीवित हैं और सबका कल्याण करते हैं। वहीं, राज्यसभा सांसद ने कहा कि धार्मिक अनुष्ठान धर्म के साथ लोगों में प्रेम बढ़ाता है। वहीं कार्यक्रम के सफल संचालन में समिति के अध्यक्ष सुनील कुमार, सचिव रामकिशोर महतो, उपसचिव दिनेश महतो, कोषाध्यक्ष उमेश महतो, संरक्षक चन्द्र मोहन महतो कृष्णा कुमार महतो, रामजीत महतो, कलेश्वर महतो और काली शंकर महतो आदि की भूमिका सराहनीय है।


कलश यात्रा में शामिल सांसद संजय सेठ, राज्यसभा सांसद आदित्य साहू व अन्य।

## आठ साल बाद भी नहीं बना मॉडल स्कूल भवन



अनुज कुमार गुप्ता

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को अंग्रेजी माध्यम से बेहतर शिक्षा देने के लिए सरकार ने प्रखंड के टेरो राजकीय बुनियादी उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय परिसर में 2016 में करोड़ों रुपये की लागत से मॉडल स्कूल भवन निर्माण कार्य शुरू कराया था, लेकिन आठ वर्ष बीत जाने के बाद भी भवन निर्माण कार्य पूरा नहीं हो सका है। भवन निर्माण पूर्ण कराने को लेकर जिम्मेदार भी उदासीन हैं। वहीं, ग्रामीणों में निराशा है। मॉडल स्कूल में पढ़ रहे बच्चों के अभिभावक व ग्रामीणों का कहना है कि अधूरा भवन रहने से जनता की राशि का दुरुपयोग हो रहा है। भवन बनने से इस स्कूल में पढ़नेवाले बच्चे-बच्चियों को मूलभूत सुविधाएं मिलती। बच्चों को अभी कोई सुविधा नहीं मिल रही है। बच्चे प्रतिदिन अपने घर से ही विद्यालय आना-जाना करते हैं, जबकि उन्हें आवासीय व्यवस्था के साथ स्कूल में ही रहकर पढ़ाई करनी है।

**जब स्कूल का ही भविष्य तय नहीं तो बच्चों का कैसे होगा**

स्कूलों में बच्चों का सर्वांगीण विकास होता हैं, लेकिन जब ये स्कूल ही दम तोड़ने लगे तो बच्चों का भविष्य कहां तक टिक पाएंगे। प्रखंड के इस मॉडल स्कूल में ना शिक्षक है ना ही पुस्तक और ना ही भवन है। झारखंड सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों में मेधावी छात्रों को उच्च स्तरीय शिक्षा देने के लिए मॉडल विद्यालय बनाया है। कक्षा 6 से 10 तक के बच्चों के लिए बना यह मॉडल स्कूल अब बदहाली के आंसू रो रहा है।

### सरकार उदासीन

केंद्रीय विद्यालय की तर्ज पर ग्रामीण क्षेत्र के मेधावी बच्चों को अंग्रेजी भाषा में बेहतर शिक्षा देने के उद्देश्य से स्थापित मॉडल स्कूल सरकार की उदासीन रवैया के कारण आज बेकार साबित हो रहा है। स्थापना के दो दशक बाद भी प्रखंड मुख्यालय स्थित प्रोजेक्ट बालिक विद्यालय परिसर में चल रहे मॉडल स्कूल के पास न तो अपना भवन है और ना ही पर्याप्त संख्या में शिक्षक है। सरकार की बेरुखी का सीधा असर विद्यालय पर पड़ रहा है जिसके चलते छात्रों की संख्या घटती जा रही है। वहीं चालू सत्र में घटकर 101 रह गए हैं। शिक्षकों की कमी के कारण अभिभावक भी अब इस विद्यालय में अपने बच्चों को नामांकन करने से कतरा रहे हैं।

### कक्षा पांच और शिक्षक महज चार

मॉडल स्कूल में फिलहाल कक्षा छह से लेकर 10वीं तक की पढ़ाई होती है। यानी कुल पांच कक्षाओं के लिए मात्र चार शिक्षक ही कार्यरत हैं। विज्ञान व संस्कृत के शिक्षक ही नहीं है। बेहतर तरीके से पढ़ाई के लिए कम से कम विषय वार पढ़ाई के लिए यहां नौ शिक्षकों की आवश्यकता है।

### आठ साल में नहीं बन पाया भवन

वर्ष 2010 में मॉडल स्कूल को स्वीकृति मिलने के बाद तत्कालीन व्यवस्था के तौर पर प्रखंड मुख्यालय के प्रोजेक्ट बालिका उच्च विद्यालय के एक हिस्से में इसे चालू किया गया। उम्मीद थी कि जल्द ही विद्यालय का अपना भवन बनेगा और बच्चे बेहतर व अच्छे माहौल में पढ़ सकेंगे। लेकिन आठ साल बाद भी भवन अधूरा है। निर्माण कार्य भी फिलहाल ठप पड़ा है। निमार्णाधीन भवन के चारों तरफ झाड़ियां उग आई है।

## झारखंड कांग्रेस प्रभारी को चिट्ठी लिखकर चार नेताओं का निष्कासन हटाने की मांग



**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस के पद पर आदिवासी अध्यक्ष की नियुक्ति की मांग कर रहे प्रदेश स्तर के चार नेताओं आलोक कुमार दूबे, डॉ राजेश कुमार गुप्ता, किशोर नाथ शाहदेव और साधु चरण गोप को करीब एक साल पहले पार्टी से निष्कासित कर दिया गया था, जो गलत हुआ है। लोकसभा चुनाव को देखते हुए रमेश उरांव ने झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर को पत्र लिखकर इन चारों नेताओं का निष्कासन समाप्त करते हुए वापस पार्टी चुनाव में सकारात्मक भूमिका निभाने की जिम्मेदारी सौंपने की मांग की गई है। रमेश उरांव का कहना है कि चारों नेताओं पर से निष्कासन हटाना 14 लोकसभा क्षेत्रों में काफी उपयोगी साबित हो सकता है। उन्होंने पत्र की प्रतिलिपि पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और महासचिव केसी वेणुगोपाल को भी प्रेषित किया है। साथ की उम्मद जताई है कि पार्टी हित के लिए उनकी मांगों पर सकारात्मक विचार किया जाएगा।

## जयराम स्पोर्ट्स एकेडमी ने मैराथन दौड़ प्रतियोगिता का किया आयोजन

**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** अमर शहीद जीतराम बेदिया के शहादत दिवस पर जयराम स्पोर्ट्स एकेडमी बीसा के तत्वावधान में रविवार को मैराथन दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें 50 से भी अधिक बालक-बालिकाओं ने भाग लिया। गेतलसूद से शहीद जीतराम बेदिया चौक बीसा तक आयोजित इस प्रतियोगिता का शुभारंभ भाजपा नेता जैलेंद्र कुमार, ग्रामप्रधान बालेश्वर बेदिया, एकेडमी के अध्यक्ष जयराम बेदिया, गेतलसूद मुखिया शांति मुंडा, बीसा मुखिया मंजोती देवी, उपमुखिया संजय भोगता, विभीषण बेदिया, छोटू बेदिया, जुकेश्वर बेदिया आदि ने किया। उन्होंने हरी झंडी दिखाकर धावकों को रवाना किया। इस प्रतियोगिता में बालक वर्ग के लिए 5 किमी और बालिका वर्ग के लिए 3 किमी दूरी तय करना निर्धारित था। बालक वर्ग में रामगढ़ के छोटेलाल महतो ने प्रथम स्थान, चाईबासा के रसिक चंद्र हेसा ने दूसरा एवं रांची के प्रहलाद उरांव ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। वहीं बालिका वर्ग में हराबेड़ा की लक्ष्मी कुमारी ने प्रथम स्थान, हराबेड़ा की हीं संकरी कुमारी ने दुसरा एवं रांची की सुशांति कुमारी ने तीसरा स्थान हासिल किया। सभी सफल प्रतिभागी धावक आगामी 23 अप्रैल को शहीद जीतराम बेदिया के शहादत दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में पुरस्कृत किए जाएंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने में जयराम स्पोर्ट्स एकेडमी व जयराम कोचिंग सेंटर बीसा के संचालक जयराम बेदिया, महेश बेदिया, सहीराम बेदिया, सोनाराम बेदिया, पीकेश्वर बेदिया, रामदेव बेदिया, केशो बेदिया, युकेश्वर बेदिया आदि का योगदान रहा।

### पृथ्वी दिवस : पर्यावरणविद ने पौधरोपण कर किया हिंडाल्को के कार्यक्रम का शुभारंभ

# पृथ्वी से केवल लेना ही नहीं, देना भी सीखें : पर्यावरणविद कौशल

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** हिंडालको इंडस्ट्रीज लिमिटेड के कठौतिया ओपन कास्ट कोल माइंस की सीएसआर की ओर से पृथ्वी दिवस पर सोमवार को कजरी मध्य विद्यालय में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि के रूप में विश्व व्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वन राखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल के अलावा पाटन वन क्षेत्र के प्रभारी वनपाल राजू रजक और पंचायती राज पदाधिकारी मनोज मिश्रा ने भाग लिया। पर्यावरणविद ने कार्यक्रम का उद्घाटन पर्यावरण धर्म के प्रार्थना के साथ थाईलैंड प्रजाति के बारहमासी आम का पौधा लगा कर किया। उन्होंने पृथ्वी दिवस पर पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए हिंडाल्को के सीएसआर की टीम की सराहना की। कहा कि प्रकृति से हमें सिर्फ लेने का ही नहीं, कुछ देने की परंपरा को भी विकसित करने की जरूरत है। मानवीय भूल के कारण बड़े पैमाने पर वनों को समाप्त कर दिया गया। जिसका परिणाम यह है कि पूरा पर्यावरण प्रदूषित हो गया। जिस कारण आज तापमान लगातार बढ़ रहा है और सुखाड़ अकाल की विभीषिका झेलनी पड़ रही है। इससे बचने के लिय हम सभी को पर्यावरण धर्म के आठ मूल मंत्र अपनाने होंगे। अपने घरों में होने वाले उत्सवों को यादगार बनाने के लिए पौधारोपण कर उसे बचाने का संकल्प लेने की जरूरत है। पर्यावरण धर्मगुरु कौशल ने कहा कि वे 1967 से लगातार पर्यावरण संरक्षण के लिए जागरूकता कार्यक्रम के साथ पौधारोपण एवं वितरण करते आ रहे हैं। उनके इस उल्लेखनीय कार्यों को आइसीएससी एवं सीबीएसई पाठ्यक्रम में पढ़ाया जा रहा है। उन्होंने कार्यक्रम का समापन वृक्षों पर रक्षाबंधन कर किया। वहीं, प्रभारी वनपाल राजू रजक ने कहा कि आने वाले कल की खुशहाली के लिए सभी को पौधरोपण करना होगा। पंचायती राज पदाधिकारी मनोज मिश्रा ने लोगों से पौधा लगाने के साथ ही अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की। सीएसआर हेड शोभा रानी मोहंती ने कहा कि जब तक सामूहिक भागीदारी नहीं होगी तब तक पर्यावरण का संरक्षण नहीं कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि आज प्लास्टिक के प्रयोग से सबसे ज्यादा प्रदूषण फैल रहा है। प्लास्टिक मानव जीवन के लिए जहर के समान है। इसलिए प्लास्टिक का प्रयोग नहीं करने का संकल्प लेने की जरूरत है। इस मौके पर हिंडाल्को के दीपनारायण सिंह, विद्यालय के प्रधानाध्यापक अशोक पाठक, अरुण तिवारी, ब्रजेश सिंह, सुहानी कुमारी, अनीता भगत, रेणू देवी, अंजय मेहता आदि थे।


वृक्षों पर रक्षाबंधन करते व पर्यावरण धर्म की शपथ दिलाते कौशल किशोर जायसवाल।

# बाल संसद के गठन से विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता का होता है विकास : कन्हैया प्रसाद

**हुसैनाबाद मध्य विद्यालय में बाल संसद का गठन**

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** शहर के राजकीय मध्य विद्यालय में सोमवार को बाल संसद का गठन किया गया। लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत आयोजित सभा की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाध्यापक कन्हैया प्रसाद और संचालन शिक्षिका सुषमा पांडे ने किया। आयोजित सभा में बाल संसद के गठन पर विस्तृत चर्चा की गई। इसके बाद सर्वसम्मति से अक्षय कुमार को प्रधानमंत्री, लवकुश कुमार को उप प्रधानमंत्री, शिवांश कुमार को शिक्षामंत्री, रवि किशन को स्वास्थ्य मंत्री, जूली कुमारी, आयशा खातून को कृषि एवं बागवानी मंत्री और इस विभाग के उपमंत्री, दिलीप कुमार को मध्याह्न भोजन प्रभारी मंत्री, प्रिंस कुमार को इसी विभाग के उपमंत्री बनाया गया है। जबकि वैष्णवी कुमारी को अनुशासन मंत्री बनाया गया है। इसी तरह सभी विभागों में उपमंत्री का पद भी दिया गया है, ताकि सक्षम मंत्री की अनुपस्थिति में उस विभाग का काम पूर्ववत चलता रहे। इस अवसर पर प्रधानाचार्य ने कहा कि बाल संसद का गठन विद्यार्थियों में लोकतंत्र की समझ को विकसित करने की सफल प्रायोगिक योजना है। इससे विद्यार्थियों में नेतृत्व करने, समस्या के समाधान ढूंढने, निर्णय लेने एवं सामुहिक एकता की भावना का विकास होता है। मौके पर शिक्षक राजेश कुमार गुप्ता, जुबैर अंसारी, राजेश सिंहा, पुष्पा कुमारी, आशा कुमारी, सुषमा पांडेय, रश्मि प्रकाश आदि उपस्थित थे।


बाल संसद का गठन करते विद्यालय प्रबंधन के लोग।

## ऐतिहासिक होगा वीडी राम का नामांकन: आनंद शंकर



आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** शहर के व्यवसायों ने एक ओर शहरी क्षेत्र में वोट का प्रतिशत बढ़ाने की तैयारी शुरू कर ली है, वहीं दूसरी ओर, व्यवसाईयों ने भाजपा प्रत्याशी विष्णुदयाल राम को भारी बहुमत से जिताकर तीसरी बार लोकसभा में भेजने का फैसला कर लिया है। इसे लेकर शहर के व्यवसाईयों के साथ बैठक कर चेंबर अध्यक्ष आनंद शंकर ने कहा कि देश के विकास के लिए प्रधानमंत्री के रूप में एक बार नरेंद्र मोदी जी के हाथों को मजबूत करना है। क्योंकि उनके नेतृत्व में ही देश सुरक्षित रहेगा। उनके हाथों को मजबूत करने के लिए पूरे देशवासियों ने भाजपा के 400 सांसदों से भी ज्यादा जीताने का संकल्प ले लिया है। आज हम शहरवासी एवं व्यवसायियों ने भी क्षेत्र के विकास के लिए पढ़े लिखे अनुभवी प्रतिनिधि वीडी राम जी को क्षेत्र के अधूरे कार्य पूरे करने के लिए भारी मतों से जीताने का संकल्प लिया। आनंद शंकर ने कहा कि 24 अप्रैल को वीडी राम जी का नामांकन ऐतिहासिक होने जा रहा है, जिसमें शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र के व्यवसाई प्रमुखता से हिस्सा लेंगे।

## प्राकृतिक संसाधनों के दोहन से हो रहा जलवायु परिवर्तन : अवस्थी

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** रेहला के ग्रासिम सामाजिक उत्तरदायित्व की ओर से कन्या उच्च विद्यालय में पृथ्वी दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि के रूप में ग्रासिम इंडस्ट्रीज लिमिटेड के इकाई प्रमुख हितेंद्र अवस्थी भी शामिल हुए। उन्होंने कहा कि वर्तमान में अनियंत्रित आधुनिकीकरण के चलते प्रकृति एवं प्राकृतिक संसाधनों का लगातार दोहन हो रहा है। धरती पर वृक्षों की संख्या दिन ब दिन कम होते जा रही है। धरती का तापमान निरंतर बढ़ता जा रहा है जिस कारण जलवायु परिवर्तन हो रहा है। मौसम का चक्र बदल रहा है। जिस कारण पर्याप्त बारिश नहीं हो पा रही है। अगर हम सचेत नहीं हुए तो इसके दुष्परिणामों से हमारे आने वाली पीढ़ी प्रभावित होगी। उन्होंने उपस्थित छात्राओं एवं आम लोगों से निवेदन किया कि अधिक से अधिक पौधे लगाए, ताकि पर्यावरण को सुरक्षित किया जा सके और धरती को सुरक्षित किया जा सके। हम प्लास्टिक का आज से उपयोग कम करना शुरू करें, जब भी घर से निकले तो कपड़े के थैले लेकर निकले। वैसा प्लास्टिक का उपयोग कभी ना करें जो केवल एक बार इस्तेमाल किया जा सकने वाला हो। उन्होंने बताया कि इस वर्ष की थीम जो उपग्रह परिणाम प्लास्टिक है उस पर हम सभी को साथ मिलकर काम करना चाहिए, ताकि लोगों में इसके प्रति जागरूकता हो और हम अपने एकमात्र ऐसा उपग्रह जिस पर जीव, जंतु, पानी, जीवन सब कुछ है उसको सुरक्षित रख सके। उन्होंने बताया कि जिस तरह जल संकट गहराता जा रहा है, इसके न्यूनतम इस्तेमाल एवं संरक्षण को विशेष बढ़ावा देना होगा। लोगों को इसके बारे में जागरूक करना पड़ेगा, ताकि आने वाली पीढ़ियों को इसके संकट से बचाया जा सके। इकाई प्रमुख ने कहा कि आप समाज का भविष्य हैं और इस मुहिम को आप अपने घरों के साथ समाज में आगे पहुंचाये, ताकि धरती को सुरक्षित करने की मुहिम को सभी तक पहुंचाया जा सके। कार्यक्रम में ग्रासिम सामाजिक उत्तरदायित्व के अनिल गिरि, प्राचार्य बृजनंदन तिवारी, सचिव चंचल शुक्ल, अध्यक्ष अशोक पटेल सहित सभी शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थे। संचालन वरीय शिक्षक नरेंद्र चौबे ने किया।

## धनबाद लोस की कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा का विरोध



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** लोकसभा सीट से आइएनडीआइ की ओर से अनुपमा सिंह को प्रत्याशी बनाये जाने के विरोध में सोमवार को आदिवासी, मूलनिवासी और स्थानीय लोगों ने झारखंड कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर और प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर का बिनोद बिहारी चौक के समीप पुतला दहन किया। लोगों ने कहा कि झारखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष और प्रदेश प्रभारी ने आलाकमान को धोखे में रखकर धनबाद से अनुपमा सिंह को टिकट दिलाया है जिसका वे लोग विरोध करते है। वहीं, उन्होंने गोड्डा की तर्ज पर धनबाद लोकसभा क्षेत्र से भी प्रत्यासी बदलने की मांग करते हुए धनबाद से स्थानीय व्यक्ति को प्रत्याशी बनाने की मांग की है।

## हुसैनाबाद नप ने शहर में शुरू करायी टैंकर से जलापूर्ति



आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** शहरी क्षेत्र में जल संकट शुरू हो गया है, जिससे कई मुहल्लों के लोग परेशान हैं। वहीं, देवरी स्थित सोननदी से होने वाले पानी सप्लाई भी शहर में विगत कई दिनों से बंद है। तेज धूप व तापमान में बढ़ोत्तरी के कारण भूजल स्तर तेजी से नीचे जा रहा है। इस वजह से नदी-नाले सूख रहे है। शहर के ड्राइजोन इलाके में रहने वाले लोगों की परेशानी अधिक है। ऐसी स्थिति से निपटने के लिए नगर पंचायत ने पहल शुरू कर दी है। लोगों को जल संकट से राहत दिलाने के लिए नगर प्रशासन की ओर से टैंकर से जलापूर्ति शुरू कर दी गयी है। फिलहाल शहर के दो वार्डो को चिन्हित कर जलापूर्ति शुरू करायी गयी है। नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी बिपुल सन्नी ने बताया कि शहर के खगड़िया और खलीफा मुहल्ला में फिलहाल टैंकर से पेयजल आपूर्ति शुरू कर दी गयी है। जरूरत पड़ने पर इसकी संख्या बढ़ायी जायेगी। नगर पंचायत प्रशासन का यह प्रयास है कि लोगों को जल संकट से राहत दिलाये। इसी उद्देश्य को लेकर जलापूर्ति व्यवस्था को दुरुस्त किया जा रहा है। वहीं खराब चापानलों की मरम्मत करायी जा रही है। उन्होंने बताया कि यथाशीघ्र देवरी स्थित पंप हाउस से भी पेयजल आपूर्ति शुरू कर दी जाएगी।

## ढुल्लू महतो के समर्थन में प्रचार करेगा जदयू

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के आह्वान पर कार्यकर्ताओं ने लोकसभा चुनाव में धनबाद लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो को जीतने का संकल्प लिया गया। सोमवार को हीरक रोड स्थित एक होटल में जदयू की बैठक हुई। जिसके बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए पार्टी के प्रदेश महासचिव सुशील कुमार सिंह ने सभी से अपील की कि इस बार लोकसभा चुनाव में एनडीए के घटक दल भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो को हर हाल में जितना है। उन्होंने कहा कि पार्टी के केंद्रीय कमेटी ने यह निर्णय लिया है कि धनबाद लोकसभा सीट से ढुल्लू महतो को हर हाल में जितना है। मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष हाजी हबीब खान, कार्यकारिणी सदस्य विजय सिंह कुशवाहा, सचिव राजू सिंह, धनबाद नगर अध्यक्ष धनलाल दूबे, सकलदेव राय आदि मौजूद थे।

## निकली भव्य कलश यात्रा, शामिल हुए पूर्व विधायक अरूप चटर्जी

**एग्यारकुंड (आजाद सिपाही)।** कृष्ण कांटा के जामबोनी गांव में सोमवार से 30 अप्रैल तक आयोजित होने वाले श्रीश्री 1008 महारूद्र हवनात्मक महायज्ञ सह शिव प्राण प्रतिष्ठा को लेकर भव्यकलश यात्रा निकाली गई। इसमें शामिल श्रद्धालु बराकर नदी से जल भरकर जय श्री राम के नारे लगाते हुए चल रहे हैं। जामबोनी गांव में कलश यात्रा के शुभ अवसर पर निरसा के पूर्व विधायक अरूप चटर्जी भी शामिल हुए। जिनका कमेटी की ओर से स्वागत किया गया। कलश यात्रा के दौरान पूर्व विधायक साथ चल रहे थे। हजारों संख्या में महिला व पुरुष कलश यात्रा में शामिल हुए। बराकर नदी से जल भर कर पैदल यात्रा करके जामबोनी गांव में पहुंचे ।

## शादी की नियत से नाबालिग को भगाने का आरोप, प्राथमिकी दर्ज

आजाद सिपाही संवाददाता




**हुसैनाबाद।** थाना क्षेत्र के एक गांव से नाबालिग लड़की के लापता होने का मामला सामने आया है। इस संबंध में लड़की के पिता ने हुसैनाबाद थाना में लिखित आवेदन दिया है। जिसमें पीड़ित पिता का कहना है कि वो अपना मवेशी लेकर खेत में चराने गया था। जब वापस घर लौटा तो उसकी बेटी घर पर नहीं थीं। जब उन्होंने अपनी पत्नी से बेटी के बारे में पूछा तो बताया कि गांव में कही गयी होगी। जब देर शाम तक वह घर नहीं लौटी तो, खुद काफी खोजबीन की पर उसकी कोई जानकारी नहीं मिली। इसी बीच उसी गांव की रहने वाली बेटी की एक सहेली ने बताया की वह मोबाइल पर किसी युवक से बात करती थीं। जब उस नंबर पर संपर्क किया तो युवक ने अपना नाम गौरव कुमार बताया, जो मेदिनीनगर के शाहपुर ग्राम का रहने वाला है। जब उसने अपनी लड़की के बारे में पूछने लगा तो उसने मोबाइल फोन बंद कर दिया। पीड़ित पिता का कहना है कि उसे पूरा विश्वास है कि उसकी बेटी को उसने ही गांव के बाहर से फोन कर बुलाकर शादी की नियत से भगा ले गया है। इस संबंध में हुसैनाबाद पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी अनिल कुमार सिंह ने बताया कि लड़की के पिता के लिखित आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# स्पोर्ट्स



बीसीसीआइ के पूर्व अध्यक्ष व टीम इंडिया (क्रिकेट) पूर्व कप्तान सौरव गांगुली का मानना है कि जून में होने वाले टी-20 क्रिकेट वर्ल्डकप में विराट कोहली को ओपनिंग करनी चाहिए।

### कहा- विराट 40 गेंदों में 100 रन बना सकते हैं, जून में खेला जायेगा टूर्नामेंट

# विराट कोहली को टी-20 वर्ल्डकप में रोहित शर्मा के साथ करनी चाहिए ओपनिंग: गांगुली

आजाद सिपाही संवाददाता

**कोलकाता।** बीसीसीआइ के पूर्व अध्यक्ष सौरव गांगुली का मानना है कि जून में होने वाले टी-20 वर्ल्ड कप में विराट कोहली को रोहित शर्मा के साथ ओपनिंग करनी चाहिए। आइपीएल में दिल्ली कैपिटल्स के निदेशक गांगुली ने सोमवार को एक मीडिया इवेंट में कहा कि इस साल के टी-20 वर्ल्ड कप में भारत के लिए विराट कोहली और रोहित शर्मा को ओपनिंग करनी चाहिए। विराट 40 गेंदों में 100 रन बना सकते हैं। बतातें चलें कि टी-20 वर्ल्ड कप जून में अमेरिका और वेस्टइंडीज में खेला जाएगा। वहीं एक मई तक इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आइसीसी) को संभावित खिलाड़ियों की सूची सौंपनी हैं। गौरतलब हो कि हाल ही में मीडिया रिपोर्ट में दावा किया गया था कि रोहित शर्मा और विराट कोहली टी-20 वर्ल्ड कप में ओपनिंग करेंगे। लेकिन, खबर के कुछ दिन बाद ही रोहित ने इस खबर का खंडन किया था।



### आइपीएल के मौजूदा सीजन में ओपनिंग करते हुए ऑरेंज कैप होल्डर

कोहली आइपीएल के पिछले कुछ सीजन में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के लिए ओपनिंग करते रहे हैं। वे इसी सीजन भी ओपनिंग करते हुए 8 मैचों में 150.39 की स्ट्राइक रेट से 379 रन के साथ ऑरेंज कैप होल्डर हैं। इस दौरान उन्होंने एक शतक भी लगाया है।

### इंटरनेशनल क्रिकेट में ओपनिंग कर चुके हैं

कोहली ने अपने इंटरनेशनल करियर की शुरूआत 2008 में श्रीलंका के खिलाफ वनडे में बतौर ओपनर बैट्मैन की थी। कुछ समय बाद वे नंबर 3 स्लॉट पर चले गए। कोहली का टी-20 इंटरनेशनल में बतौर ओपनर बैटर रिकॉर्ड काफी अच्छा है। पूर्व कप्तान ने 9 मैचों में 400 रन बनाए हैं।

### अंतराष्ट्रीय रेसलर रिंकू सिंह ने डब्ल्यूडब्ल्यूइ को कहा अलविदा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** डब्ल्यूडब्ल्यूई के रिंग में बड़े-बड़े विदेशी रेसलरों के छक्के छुड़ाने वाले गोपीगंज जिले के होलपुर निवासी रिंकू सिंह राजपूत 'वीर महान' का जलवा अब नहीं दिखेगा। अपनी विशिष्ट वेशभूषा और रिंग में दमदार उपस्थिति से अंतरराष्ट्रीय फलक पर भारत का झंडा बुलंद करने वाले रिंकू सिंह राजपूत ने डब्ल्यूडब्ल्यूई को गुड बॉय कह दिया है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स और फेसबुक पर पोस्ट कर इसकी जानकारी दी। हालांकि, इसके पीछे के स्पष्ट कारणों का पता नहीं चल पा रहा है। माथे पर त्रिपुंड, गले में रूद्राक्ष की माला और विशिष्ट भारतीय वेशभूषा और लंबे-चौड़े डीलडौल शरीर वाले वीर महान जब रिंग में उतरते थे तो विदेशी रेसलरों के पसीने छुट जाते थे।

## आइएनडीआइए गठबंधन की बैठक में आम आदमी पार्टी की उपेक्षा देख नाराजगी जता चले गये राकेश

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** आम आदमी पार्टी (आप) भले ही बहुत पुरानी राजनीतिक पार्टी नहीं है, पर देश भर में जनाधार में किसी भी दल से कमजोर नहीं है। बैठक में आप के सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल की तस्वीर तक नहीं है। जबकि आप की दो राज्यों में बहुमत की सरकार है। ये आइएनडीआइए गठबंधन के साथियों को मर्यादा भूलनी नहीं चाहिए। पलामू में भी आम आदमी पार्टी का झाड़ू सबका सूपड़ा साफ करने के लिए पर्याप्त है। ये नाराजगी भरे शब्द हैं आम आदमी पार्टी के कार्यकारी जिलाध्यक्ष राकेश तिवारी का, जिन्होंने पलामू लोकसभा प्रत्याशी ममता भूईंया के समर्थन में मेदिनीनगर के दो नंबर टाउन स्थित राजमहल मैरिज हॉल में बुलाई गई आइएनडीआइए गठबंधन की बैठक में आप के नेतृत्व का फोटो, बैनर में चुनाव चिन्ह छाप नहीं देखकर आक्रोशित हो गए। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी की जमीनी हकीकत इन सभी दलों से अलग है। बैठक में आने के सवाल पर राकेश तिवारी ने बताया कि गठबंधन धर्म का पालन कर लोकतंत्र की स्वतंत्रता छिनने वालों के खिलाफ हमारे नेता अरविंद केजरीवाल ने बिगूल फूंका है। हम सभी को एकजुट होकर देश से बेरोजगारी, महंगाई, भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ाने वालों को हराना है। लेकिन इस लड़ाई के शुभारंभ में आइएनडीआइए गठबंधन की मर्यादा को पलामू में तोड़ा जाना शर्मनाक है। जिससे केंद्रीय नेतृत्व को अवगत कराया जाएगा। आइएनडीआइए गठबंधन को जिताने के लिए आप अपना कर्तव्य जरूर निभाएगी।




### बीएलओ, पर्यवेक्षक और निर्वाचन कोषांग के नोडल पदाधिकारियों-कर्मियों के साथ बैठक

# मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक करें: बीडीओ

**लोकसभा चुनाव के दौरान सुविधाएं मुहैया कराने को लेकर की गई चर्चा**

आजाद सिपाही संवाददाता





लोकसभा चुनाव के दौरान मतदान के दिन मत प्रतिशत बढ़ाने को लेकर मतदाताओं को जागरूक करने को लेकर बैठक करती बीडीओ अमृता सिंह।

**पूर्वी टुंडी।** प्रखंड कार्यालय सभागार में बीएलओ, पर्यवेक्षक और निर्वाचन कोषांग के नोडल पदाधिकारी-कर्मियों की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता बीडीओ अमृता सिंह ने की। बैठक में निम्नलिखित बिंदुओं पर चर्चा की गई। लोकसभा चुनाव के दौरान मतदान दिवस के दिन मतदान केंद्रो पर आवश्यक सुविधा उपलब्ध कराने को लेकर सभी बीएलओ को एक हजार रुपए उपलब्ध कराया जा रहा है। जिससे मतदान केंद्र पर मतदाताओं की कतार के 200 मीटर की परिधि को चुना से मार्किंग की व्यवस्था, मध्याह्न भोजन बनाने वाले रसोईया के सहयोग से मतदान के लिए कतार में लगे मतदाताओं को डिस्पोजल गिलास में पानी और आवश्यकता अनुसार नींबू पानी पिलाने की व्यवस्था करनी है। इसके लिए रसोइया को 100 रुपए का मानदेय दिया जाएगा। शौचालय का नियमित अंतराल पर साफ-सफाई एवं सैनेटिरी आइटम की व्यवस्था, मतदान केंद्र पर तैनात किए गए वॉलिंटियर्स के लिए भोजन की व्यवस्था एवं स्थानीय रूप से उपलब्ध सामग्रियों का उपयोग कर मतदान केंद्र की सजावट की व्यवस्था करने का निर्देश सभी बीएलओ को दिया गया। राष्ट्रीय औसत से कम मतदान प्रतिशत वाले चिन्हित कुल नौ मतदान केंद्र के बीएलओ एवं पर्यवेक्षक को मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए स्वीप कार्यक्रम के तहत अधिक से अधिक रैली, पेटिंग, मेहंदी, रात्रि चौपाल आदि कार्यक्रम कराने का भी निर्देश दिया। सभी बीएलओ को पोस्टर, मतदाता प्रतिज्ञा, मतदाता मार्गदर्शिका एवं मतदाताओं के लिए इवीएम मार्गदर्शीका उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। प्रत्येक मतदाता के पास जाकर पोस्टर, मतदाता प्रतिज्ञा, मतदाता मार्गदर्शिका एवं मतदाताओं के लिए इवीएम मार्गदर्शिका पढ़कर या समझाते हुए बांटने का निर्देश दिया गया है।

# एसएसपी ने किया नक्सल प्रभावित मनियाडीह स्थित मतदान केंद्रों का निरीक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता




**धनबाद।** लोकसभा चुनाव को भयमुक्त व शांतिपूर्ण संपन्न कराने को लेकर धनबाद पुलिस निरंतर सुरक्षा व्यवस्था को दुरुस्त करने में जुटी है। इसी क्रम में सोमवार को वरीय पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) हृदीप पी जनार्दनन ने नक्सल प्रभावित मनियाडीह क्षेत्र स्थित मतदान केंद्रों का दौरा किया और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। भौतिक निरीक्षण के दौरान एसएसपी डंडाटांड और मनियाडीह पहुंचे। जहां उन्होंने हेलीपेड स्थल का निरीक्षण किया। चुनाव के दौरान केंद्रीय सुरक्षा बलों के आवासन के मद्देनजर उन्होंने डंडाटांड और मनियाडीह स्थित विद्यालय भवनों का भी जायजा लिया और सुरक्षा बलों के ठहराव को लेकर सारी मूलभूत सुविधाओं की जानकारी ली। इसके बाद मनियाडीह थाना अंतर्गत पड़ने वाले कई मतदान केंद्रों का भी निरीक्षण किया। उन्होंने मनियाडीह, प्राथमिक विद्यालय सर्रा, उत्क्रमित मध्य विद्यालय डंडाटांड़, प्राथमिक विद्यालय फतेहपुर, मध्य विद्यालय जाताखूंटी, प्राथमिक उर्दू विद्यालय भूस्की, मध्य विद्यालय चरककला, प्राथमिक विद्यालय चरकखुर्द का एरिया डोमेनेशन करते हुए नक्सल प्रभावित मतदान केंद्रों की सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा भी की। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से मुलाकात की और चुनाव में भय मुक्त होकर मतदान करने की अपील करते हुए मतदान प्रतिशत बढ़ाने की बात कही। इस मौके पर पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय 2) संदीप गुप्ता, अंचल निरीक्षक (टुंडी) मोहम्मद साजिद हुसैन आदि उपस्थित थे।

## कचरे के ढेर में लगी आग, अग्निशमन विभाग से आग पर काबू पाया

**धनसार (आजाद सिपाही)।** बस्ताकोला गोशाला मोड़ स्थित चौपड़ा विला परिसर में सोमवार को डेकोरेटर कंपनी के एक गोदाम के समीप रखें कचरे के ढेर में आग लग गई। देखते ही देखते आग की लपटे भयावह रूप लेने लगी। यह देख परिसर में रहने वाले लोगों ने आग पर काबू पानी का प्रयास किया। लगे हाथ तुरंग इसकी सूचना झरिया पुलिस एवं फायर ब्रिगेड को दिया। मौके पर पहुंचे अग्निशमन विभाग के इंजन की मदद से काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। वहीं, घटना के बाद से आवासीय परिसर में रहने वाले लोगों में आक्रोश हैं।

## महत्वपूर्ण न्यूज

## गिरिडीह में मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर किया गया व्यापक प्रचार-प्रसार



**गिरिडीह (आजाद सिपाही)।** लोकसभा व 31 गांडेय विधानसभा उप चुनाव के निमित्त गिरिडीह जिले में मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर एलईडी जागरूकता वाहन के माध्यम से विभिन्न प्रखंडों/पंचायतों में व्यापक प्रचार प्रसार किया जा रहा है। डिजिटल वैन के माध्यम से गांव, कस्बों, टोलों में जाकर लोगों को मतदान और चुनावी प्रक्रिया के संबंध में जागरूक किया जा रहा है। खासकर वैसे बूथों में जहां पूर्व में मतदान प्रतिशत कम रहा है। इस दौरान आमजनों को 20 और 25 मई को मतदान करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। इसके अलावा जिन्होंने अभी तक फॉर्म 6 नहीं भरा है वो अभी फॉर्म 6 से संबंधित जानकारी दी गई। इसके अलावा एलईडी वैन के माध्यम से सी विजिल ऐप, सुविधा ऐप, वोटर हेल्पलाइन ऐप, सक्षम ऐप आदि की भी जानकारी दी गई।

## बोकारो जनरल अस्पताल परिसर में परिवार कल्याण दिवस का आयोजन



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** बोकारो जनरल अस्पताल के स्त्री रोग और प्रसूति विभाग के परिसर में परिवार कल्याण दिवस का आयोजन डॉ वर्षा घनेकर के मार्ग दशन में किया गया। डॉ वर्षा घनेकर ने कहा कि प्रत्येक माह की 21 तारीख को परिवार कल्याण दिवस का आयोजन किया जायेगा जिससे अधिकाधिक लोग इस कार्यक्रम से लाभावित हो सकें। कार्यक्रम में डॉ जया अग्रवाल परिवार नियोजन प्रभारी बीजीएच की ओर से परिवार नियोजन के सभी संसाधनों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी। कार्यक्रम का संचालन स्त्री रोग और प्रसूति विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ अनिमा केरकेट्टा ने किया। उन्होंने यह संदेश भी दिया कि स्वस्थ एवं सुखमय जीवन के लिए प्रत्येक परिवार में परिवार नियोजन आवश्यक है क्योंकि सीमित परिवार में महिलाएं और बच्चों का लालन -पालन करना आसान होता है और पूरा परिवार खुशहाल रहता है।

## जरीडीह क्षेत्र में बालू की तस्करी जोरों पर



**जैनामोड़/बेरमो (आजाद सिपाही)।** जरीडीह थाना अंतर्गत अवैध खनन से बालू की तस्करी जोरों पर है। यह खनन खेतको, चलकरी और खांजो नदी तट से की जा रही है। इन स्थानों से बालू का लिज, टेंडर नहीं किया गया है। निरंतर प्रशासन की चौकसी की अनदेखी करते हुए बालू का अवैध धंधा बिचौलियों द्वारा बारू पंचायत के बारु मुस्लिम टोला के रास्ते, दांतू-मायापुर, खेतको के रास्ते, केंदुआडीह बस्ती, बहादुरडीह पोलिटेकनिक के सामने वाली रास्ते, जैना बस्ती वाले रास्ते से प्रतिदिन सैंकड़ों ट्रक एवं ट्रैक्टर के माध्यम से खुलेआम नियमों को ताक पर रखकर अवैध धंधा किया जा रहा है। इस कारण खनन विभाग को बड़ी क्षति हो रही है। दूसरी ओर, बाजार में बालू की मनमानी कीमत में बेची जा रही है। क्षेत्र के भवन निर्माण कार्य करने वाले लोगों ने कहा कि सरकार द्वारा बालू खनन को लीज कराकर रेट का निर्धारण कर दिया जाता तो तस्करी पर रोक लग जाएगी। इससे बालू का रेट में भी कमी आ जाएगी। बताया जा रहा कि इस संबंध में बोकारो खनन पदाधिकारी, सीओ और थाना प्रभारी को जानकारी होने के बावजूद तस्करों के खिलाफ प्रशासनिक कार्रवाई नहीं की जा रही है।

## हरहरी तालाब जीर्णोद्धार में विवाद

**बलियापुर (आजाद सिपाही)।** वीरसिंहपुर पंचायत अंतर्गत हरहरी तालाब जीर्णोद्धार कार्य को लेकर अभिकर्ता व बंदोबस्त करने वाले के बीच विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। अभिकर्ता ओम प्रकाश महतो व बंदोबस्त करने वाले संजय महतो ने अधिकारियों को आवेदन देकर एक-दूसरे पर कार्रवाई करने की मांग की है। अभिकर्ता ओम प्रकाश महतो व विनीत सिंह ने कहा कि वीरसिंहपुर पंचायत के हरहरी में तालाब का जीर्णोद्धार कार्यों के लिए धनबाद सिंचाई प्रमंडल से निविदा निकली गयी थी। नारायण उद्यम प्राइवेट लिमिटेड को इकरारनामा की गई है। 20 अप्रैल को जेसीबी लेकर गया भी था, लेकिन संजय महतो पानी निकासी करने में बाधा पहुंचाये।

# बाघमारा के समाजसेवियों, बुद्धिजीवियों और व्यवसायियों का ढुल्लू महतो को मिला

### कहा- ढुल्लू महतो को बदनाम करने के लिए लगाये जा रहे आरोप

आजाद सिपाही संवाददाता




**कतरास।** बाघमारा के समाजसेवियों, बुद्धिजीवियों व व्यवसाइयों ने धनबाद लोकसभा केंद्र के भाजपा प्रत्यासी व विधायक ढुल्लू महतो को अपना समर्थन देते हुए उनके पक्ष में प्रचार-प्रसार करने का संकल्प किया। इसे लेकर सोमवार को कतरास-हटिया के राजस्थानी समाज भवन में संवाददाता सम्मेलन कर कहा कि धनबाद लोस के प्रत्याशी ढुल्लू महतो अपने 15 वर्षो के कार्यकाल में किसी भी समाजसेवियों, बुद्धिजीवियों व व्यवसाइयों का शोषण नहीं किया है। वे हर समय इन वर्गों का सहयोग ही किया है। कुछ लोग उन्हें बदनाम करने की कोशिश कर रहे हैं। रही बात विधायक ढुल्लू महतो पर इतने केस का, तो हम सब का कहना है कि जो भी उनके उपर केस हुए है, वह अधिकांश जनहित में है और कुछ राजनीति षड्यंत्र के कारण हुआ है। वहीं, कुछ लोग व्यक्तिगत स्वार्थ के चलते केस किए हुए हैं। ढुल्लू महतो जनहित में हमेशा काम किए है। लोगों ने कहा कि क्षेत्र की जनता धनबाद प्रत्याशी ढुल्लू महतो व गिरीडीह लोकसभा क्षेत्र के एनडीए प्रत्याशी चंद्रप्रकाश चौधरी को अपना नैतिक समर्थन दे रही है। साथ ही हम धनबाद प्रत्याशी ढुल्लू महतो के पक्ष में प्रचार कर समर्थन करने की अपील करेंगे। ढुल्लू महतो के सांसद बनने पर धनबाद का चहुंमुखी विकास व भयमुक्त व्यावसायिक वातावरण होगा। व्यवसायिक और शैक्षणिक विस्तार होगा, जिससे हम सभी का विकास होगा। इस मौके पर धनंजय नंदन, अभिमन्यु सिंह, हरीश ताम्बी, महेश अग्रवाल, उदय वर्मा, शंकर वर्णवाल, समीर जयसवाल, रमेश विश्वकर्मा, प्रदीप गुप्ता, विष्णु चौरसिया, प्रहलाद चौरसिया, कृष्ण कन्हैया राय, संजय साव, मोइन प्रसाद लाल, भोला शर्मा, गौत्तम गोस्वामी दीपक चौरसिया, सरोज विश्वकर्मा, पिंटू दे आदि थे।

# जलापूर्ति की मांग को लेकर बीडीओ से मिली उप प्रमुख

आजाद सिपाही संवाददाता




**बलियापुर।** प्रचंड गर्मी और सूखते जलश्रोतो से क्षेत्र में जलसंकट गहराता जा रहा है। अरसे से निमार्णाधीन नल जल योजना भी दम तोड़ती नजर आ रही है। इसी को लेकर प्रखंड उप प्रमुख आशा देवी ने सोमवार को बीडीओ राजेश कुमार सिन्हा से मुलाकात की। उनसे नल जल योजना से जलापूर्ति, खराब पड़े जल मीनारों और चापाकलों की मरम्मत आदि समस्याओं के निराकरण को लेकर वार्ता की। इस संबंध में बीडीओ ने बताया कि जलापूर्ति योजना पर लगातार नजर रखें है। पेयजल की समस्या न हो इसे लेकर कोषांग भी बनाया गया है। खराब जल मीनारों की सूची मंगा ली गई है। पंचायतों को मरम्मती करने को कहा गया है। वहीं, उप प्रमुख ने बलियापुर पूर्वी पंचायत की समस्या को रखते हुए बलियापुर नीचे टोला, बोरमुड़ी, बाघजोबरा, सिंगियाटांड़, डांगापाड़ा कालोनी, और डांगापाड़ा रोड साइड के मकानों में जलापूर्ति और क्नेशन देने की मांग की। ताकि लोगों की समस्या का समाधान हो सके। इसके साथ ही बाघमारा पंचायत के कुंवरडीह और छाताटांड पंचायत के पाथरडीह टोला में भी जलापूर्ति की मांग की। सभी समस्याओं को सुनने के बाद बीडीओ ने जल्द ही समस्या का समाधान करने का आश्वासन दिया।

### सभी छह विस के बीएलओ, सुपरवाइजर का प्रशिक्षण संपन्न

# वोट डालने जाना है, अपना फर्ज निभाना है

आजाद सिपाही संवाददाता




**धनबाद।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी माधवी मिश्रा के निर्देश पर लोकसभा चुनाव को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के उद्देश्य से विगत तीन दिनों से न्यू टाउन हॉल में धनबाद, झरिया, बाघमारा, निरसा, टुंडी व सिंदरी विधानसभा के बीएलओ व सुपरवाइजरों का 14 बिंदुओं पर चल रहा प्रशिक्षण सोमवार को संपन्न हुआ। इसमें मुख्य रूप से फॉर्म 12 डी, होम वोटिंग, एएसडी लिस्ट, वोटर इन्फोर्मेशन स्वीप, एश्योर्ड मिनिमम फैसिलिटी, बूथ अवेयरनेस ग्रुप, स्वीप एक्टिविटी, वोटर फेसिलिटेशन पोस्टर, चुनाव से 2 दिन पहले, एक दिन पहले और चुनाव के दिन का दायित्व, वोटर हेल्पलाइन एप व सी-विजील एप, ईवीएम, चुनावी पाठशाला इत्यादि का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण सत्र में सभी विधानसभा के एआरओ व एईआरओ ने उपस्थित होकर उचित दिशा निर्देश दिए। दूसरी ओर, धनबाद जिले में मतदान का प्रतिशत बढ़े इसको लेकर सोमवार को एसएसएलएनटी महिला महाविद्यालय में शिक्षक व छात्राओं ने मतदान जागरूकता रैली निकाली। जिसके माध्यम से धनबाद की जनता से अपील की गई कि मतदान के दिन अपने मत का प्रयोग जरूर करें। रैली एसएसएलएनटी महाविद्यालय से शुरू होकर शहर के सिटी सेंटर तक गई और वहां से वापस महाविद्यालय लौटकर समाप्त हुई। प्राचार्य शर्मिला रानी ने बताया कि सत प्रतिशत मतदान करने को लेकर जागरूकता रैली निकाली गई थी जिसमें छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।


## जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त का कार्यालय, कोडरमा
(उत्पाद शाखा)

**-: आदेश :-**

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी–सह–सचिव, मंत्रिमंडल (निर्वाचन) विभाग, झारखण्ड, राँची के पत्रांक: 01/नि०वि०– 22–23(पार्ट–1) 2020/1186, दिनांक: 18.03.2024 एवं आयुक्त उत्पाद, झारखण्ड, रॉची के पत्रांक: 01/नीति–05–10/ 2022–651, दिनांक: 01.04.2024 एवं पत्रांक: 05/मु०स्था०–15–01/2019–814, दिनांक: 12.04.2024 के आलोक में लोकसभा आम चुनाव, 2024 के अवसर पर कोडरमा जिलान्तर्गत सभी प्रकार की मदिरा तथा मादक पेय पदार्थों की बिक्री को प्रतिबंधित करने के उद्देश्य से मैं **मेघा भारद्वाज** (भा०प्र०से०), जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त, कोडरमा लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा–135 (ग) एवं झारखण्ड उत्पाद अधिनियम, 1915 की धारा– 26 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए मतदान समाप्ति के लिये नियत समय के 48 घंटे पूर्व से लेकर मतदान की समाप्ति तक, मतगणना के दिन तथा यदि आवश्यक हुआ तो पुनर्मतदान के दिन को सम्पूर्ण कोडरमा जिलान्तर्गत सभी प्रकार की मदिरा एवं मादक पेय पदार्थों के बिक्री पर रोक से संबंधित शुष्क दिवस (DRY DAY) निम्न प्रकार घोषित करती हूँ रू– क्र० सं० लोकसभा क्षेत्र का नाम चरण मतदान की निर्धारित तिथि कोडरमा जिलान्तर्गत शुष्क दिवस (DRY DAY) निम्न प्रकार घोषित करती हूँ :–

| क्र० सं० | लोकसभा क्षेत्र का नाम | चरण | मतदान की निर्धारित तिथि | कोडरमा जिलान्तर्गत | शुष्क दिवस (DRY DAY) की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 14–हजारीबाग 05–कोडरमा | पंचम चरण | 20.05.2024 | सम्पूर्ण जिला | दिनांक: 18.05.2024 को अपराहन 5:00 बजे से दिनांक: 20.05.2024 को अपराहन 5:00 बजे तक |
| 2. | 06–गिरीडीह | शष्टम चरण | 25.05.2024 | सम्पूर्ण जिला | दिनांक: 23.05.2024 को अपराहन 5:00 बजे से दिनांक: 25.05.2024 को अपराहन 5:00 बजे तक |

मतगणना हेतु निर्धारित तिथि :–

| क्र० सं० | मतगणना हेतु निर्धारित तिथि | कोडरमा जिलान्तर्गत | शुष्क दिवस (DRY DAY) की अवधि |
|---|---|---|---|
| 3. | 04.06.2024 | सम्पूर्ण जिला | दिनांक: 04.06.2024 को |

उपरोक्त घोषित किये गये शुष्क दिवस (DRY DAY) की अवधि में कोडरमा जिले की सभी खुदरा उत्पाद दुकानें (होटल, रेस्तराँ एवं बार सहित) एवं अन्य सभी उत्पाद अनुज्ञप्ति प्राप्त परिसर पूर्णतः बंद रहेंगे एवं किसी होटल, बार एवं रेस्तराँ/क्लब या अन्य ऐसे प्रतिष्ठान में मदिरा की न तो बिक्री की जा सकेगी और ना ही उपलब्ध कराया जा सकेगा तथा भोजनालय, दुकान या किसी अन्य निजी अथवा सार्वजनिक स्थान में कोई भी स्प्रिटयुक्त, मादक लिकर या वैसी ही प्रकृति का कोई अन्य पदार्थ न तो विक्रय किया जायेगा और ना ही वितरित किया जायेगा। कोई भी व्यक्ति जो उक्त अधिनियम के उपबंधों एवं आयोग के निर्देश का उलंघन करेगा तो दोषी व्यक्ति को लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा– 135 (ग) एवं झारखण्ड उत्पाद अधिनियम के अंतर्गत दण्डित करने की कार्रवाई की जायेगी।

ह०/–
जिला निर्वाचन पदाधिकारी
–सह–उपायुक्त, कोडरमा

PR 323989 Election (24-25)_D



## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, झुमरीतिलैया
Email ID: eedwsd.jhumaritellaiya@gmail.com

**आम सूचना**

एतद द्वारा आम नागरिकों को सूचित किया जाता है कि आसन्न ग्रीष्म ऋतु को देखते हुए पेयजल समस्या के निदान एवं नलकूपों के साधारण मरम्मति हेतु पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, झुमरीतिलैया अंतर्गत प्रखण्डवार निम्न संवेदक एवं मिस्त्री है जिससे शिकायतकर्ता सीधे शिकायत दर्ज करा सकते है। जिनकी विवरणी निम्नवत है :–

| क्र0 स0 | प्रखंड | संवेदक का नाम | मोबाइल नम्बर | वाहन संख्या | मिस्त्री का नाम मोबाइल नम्बर | कनीय अभियंता का मोबाइल नम्बर |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | कोडरमा | श्री जीतेन्द्र सिंह, चतरा | 9546049421 | 3H12 F5600 | 1. जीतन यादव - 9631414138<br>2. अशोक यादव – 8002286149<br>3. कार्तिक यादव – 7763053867 | श्री विकास कुमार दास 9471329527 |
| 2 | डोमचाँच | श्री रंजीत कुमार, झुमरीतिलैया | 7479542474 | JH02B-4572 | 1. सुनील पासवान - 9939119291<br>2. पप्पु कुमार – 6202662974<br>3. जयराम प्रसाद रजक– 9955354247 | श्री देव आनंद 9891265309 |
| 3 | सतगावाँ | Sheetal Shakshi | 7004725390 | BR17E 3392 | 1. शंकर कुमार - 9934124809<br>2. राहुल कुमार – 7979967245<br>3. पिंटु कुमार – 9955795783 | श्री अमित कुमार– 7250105348 |
| 4 | जयनगर | श्री सुनील पासवान, जयनगर | 9939119291 | JH02B-4572 | 1. संतोष कुमार - 9939119291<br>2. पप्पु कुमार – 6202662974<br>3. जयराम प्रसाद रजक– 9955354247 | श्री ओम प्रकाश 7033773207 |
| 5 | मरकच्चो | श्री कमलेश कुमार शुक्ला झुमरीतिलैया | 7870051193 | JH12E-5311 | 1. राजकुमार ठाकुर- 9693260025<br>2. राजेश दास- 9955304999<br>3. छोटी राणा - | श्री– जहेन्द्र भगत 8084416065 |
| 6 | चंदवारा | Jharkhand Traders | 9934337802 | JH09AH-9799 | 1. विकास यादव- 8521655396<br>2. सुमन सिन्हा- 9776294176<br>3. रंजीत कुमार - | श्री प्रमोद कुमार सिन्हा – 6203658893 |

(2) पेयजल एवं स्वच्छता अवर प्रमंडल, झुमरीतिलैया एवं कोडरमा तथा सभी प्रखंड कार्यालय में शिकायत पंजी संधारित किया गया है। जिसमें चापाकल मरम्मति की शिकायत दर्ज करायी जा सकती है।,

(3) शिकायतकर्ता जिला नियंत्रण कक्ष/प्रखण्ड/संवेदक को निम्न सूचना के साथ शिकायत देना चाहेंगे ताकि साधारण मरम्मति कर चालू करने के उपरांत आपके मोबाइल पर सूचना दी जा सके :–
- (क) प्रखण्ड का नाम :– ..............................
- (ख) पंचायत का नाम :– ..............................
- (ग) ग्राम का नाम :– ..............................
- (घ) टोला/निकटवर्ती व्यक्ति का नाम :– ..............................
- (ङ) ग्रामीण जलापूर्ति योजना का नाम :– ..............................
- (च) शिकायतकर्ता का नाम :– ..............................
- (छ) मोबाईल नं0 / दूरभाष नं0 (यदि हो) :– ..............................

(4) ग्रामीण जनता को सूचित किया जाता है कि नलकूप मरम्मति के दौरान किसी भी नलकूप मिस्त्री द्वारा मरम्मति हेतु राशि की माँग की जाती है तो उक्त संबंधित प्रखण्ड के कनीय अभियंता/सहायक अभियंता एवं नियंत्रण कक्ष, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल के मोबाईल/दूरभाष पर तुरन्त सूचित करें।

(ई0 अभय टोप्पो)
कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल झुमरीतिलैया

PR 323996 Drinking Water and Sanitation (24-25)_D

## न्यूज रील्स

### बीजेडी ने 7वें चरण के लिए 6 उम्मीदवारों की सूची की घोषणा की



**भुवनेश्वर।** विधानसभा चुनाव के लिए बीजू जनता दल (बीजेडी) के सातवें चरण के उम्मीदवारों की सूची की घोषणा कर दी गयी है। सोमवार को बीजेडी सुप्रीमो नवीन पटनायक ने छह और विधानसभा उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की। हिंदोल से महेश साहू, रघुनाथपाली से अर्चना रेखा बेहेरा, काकटपुर से तुषारकांति बेहेरा, बालिकुदा एरसमा से सारदा जेना, बांगिरीपोषि से रंजीता मारांडी और बरी से विश्व रंजन मल्लिक है।

### कटक में सनस्ट्रोक से कॉलेज छात्रा की मौत

**भुवनेश्वर।** शनिवार को कथित तौर पर सनस्ट्रोक से एक कॉलेज छात्रा की मौत हो गई। 21 वर्षीय छात्रा की पहचान भुवनेश्वरी दास के रूप में हुई है, भुवनेश्वर कटक के सिटी कॉलेज में पढ़ रही थी। सूचना मुताबिक भुवनेश्वरी शनिवार दोपहर को कॉलेज से घर पहुंचने के बाद तबियत बिगड़ गयी। उसे तुरंत एससीबी मेडिकल कॉलेज के सनस्ट्रोक वार्ड में भर्ती कराया गया। बाद में उनकी हालत बिगड़ने पर उन्हें आईसीयू में स्थानांतरित कर दिया गया। हालांकि, आईसीयू में इलाज के दौरान उनकी मौत हो गयी। पिछले कुछ दिनों से शहर में 40 डिग्री सेल्सियस से अधिक तापमान देखा जा रहा है।

# रतन टाटा को कीस मानवतावादी सम्मान 2021 प्रदान किया गया

**किस के 40,000 छात्रों ने रतन टाटा के स्वस्थ, लंबे और रोग मुक्त जीवन की कामना की**

आजाद सिपाही संवाददाता



**मुंबई।** सोमवार को प्रसिद्ध उद्योगपति और परोपकारी, टाटा समूह के चेयरमैन एमेरिटस रतन टाटा को सोमवार को प्रतिष्ठित कीस मानवतावादी सम्मान 2021 से सम्मानित किया गया। मुंबई में उनके निजी आवास पर आयोजित किया गया था पुरस्कार समारोह जिसमें उन्हें कीट-कीस-कीम्स के प्रो अच्युत सामंत द्वारा सम्मानित किया गया। यह सामाजिक विकास और अनुकरणीय कॉर्पोरेट नेतृत्व के प्रति उनकी प्रतिबद्धता की एक महत्वपूर्ण मान्यता है। इस समारोह में टाटा समूह के अध्यक्ष एन चंद्रशेखरन और तीन बार के ग्रैमी पुरस्कार विजेता रिकी केज सहित अन्य लोग उपस्थित थे। यह पुरस्कार किट और किस के संस्थापक डॉ अच्युत सामंत द्वारा प्रदान किया गया। स्वास्थ्य कारणों से, टाटा सार्वजनिक उपस्थिति से बच रहे हैं, जिसके कारण उनके घर पर समारोह की निजी व्यवस्था की गयी है। आमतौर पर प्रशंसा स्वीकार करने में संकोच करने वाले रतन टाटा, किट मानवतावादी सम्मान के महत्व को पहचानते हुए, डॉ अच्युत सामंत के व्यक्तिगत अनुरोध के बाद इस पुरस्कार को स्वीकार करने के लिए सहमत हुए। इस पुरस्कार की घोषणा 2021 में की गयी थी, लेकिन तब कोविड महामारी के कारण यह पुरस्कार रतन टाटा प्राप्त करने में असमर्थ थे। अपनी स्वीकृति में टाटा ने किस और इसके संस्थापक डॉ सामंत के प्रति आभार व्यक्त किया। मैं यह सम्मान पाकर बेहद खुश हूं। यह मेरे जीवन का सबसे महत्वपूर्ण क्षण है, उन्होंने टिप्पणी की। डॉ सामंत ने कहा, रतन टाटा भारत में एक सम्मानित नाम है, और वह वास्तव में एक अच्छे इंसान हैं। आज उन्हें इस सम्मान से सम्मानित करना हमारे लिए सौभाग्य की बात है। रतन टाटा के सामाजिक कार्य और नेतृत्व ने मुझे बचपन से ही प्रभावित किया है।

मेरे पिता टाटा कंपनी के कर्मचारी थे। तब से, मैं रतन टाटा का सम्मान करता हूं और उन्हें पसंद करता हूं। इस प्रतिष्ठित सम्मान के पिछले प्राप्तकर्ताओं में वैश्विक नेताओं का एक विविध समूह, नोबेल पुरस्कार विजेता और विभिन्न क्षेत्रों के उल्लेखनीय व्यक्ति शामिल हैं, जो इस पुरस्कार की व्यापक अंतरराष्ट्रीय अपील और सम्मान को प्रदर्शित करते हैं। इस अवसर पर किस के लगभग 40,000 छात्रों ने रतन टाटा के स्वस्थ, लंबे और रोग मुक्त जीवन की कामना की।

## अमित शाह 25 मई को सुबर्णपुर में जनसभा को संबोधित करेंगे

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह इस महीने की 25 तारीख को ओड़िशा का दौरा करेंगे। अपराह्न में वे सुबर्णपुर में एक जनसभा को संबोधित करेंगे। प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष गोलक महापात्र ने बताया कि शाम को उनका भुवनेश्वर में राज्य कार्यालय में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ बातचीत करने का कार्यक्रम है। महापात्र ने कहा कि ओड़िशा में भाजपा ने मां, मिट्टी और मातृभाषा को लेकर लड़ाई शुरू कर दी है। लड़ाई की शुरूआत 25 तारीख की अपराह्न को सुबर्णपुर की मिट्टी से होगी। शाह वहां एक विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे। शाम को वह चुनावी रणनीति पर पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ बातचीत करेंगे और भुवनेश्वर में रात बितायेंगे।

## सोआ को तीन सीएसआर पुरस्कार प्राप्त हुए



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** शिक्षा और अनुसंधान (सोआ) को अंग्रेजी पत्रिका 'कॉम्पीटिशन सक्सेस रिव्यू' द्वारा 3 सीएसआर पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान रविवार को नयी दिल्ली में आयोजित सीएसआर संबर्धना समारोह में दिया गया। सोआ डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी को शिक्षा में उत्कृष्टता के लिए 2024 के लिए 'सीएसआर एक्सीलेंस इन एजुकेशन' से सम्मानित किया गया, जबकि सोआ फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी - इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्निकल एजुकेशन एंड रिसर्च (आईटीईआर) को भारत के सर्वश्रेष्ठ शैक्षणिक संस्थान के रूप में इसे 'सीएसआर टॉप लीडिंग इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया' के रूप में सम्मानित किया गया है। इसी तरह, सोआ के आतिथ्य और पर्यटन प्रबंधन संकाय-स्कूल ऑफ होटल मैनेजमेंट को 'सीएसआर टॉप होटल मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया' से सम्मानित किया गया है।

# अंतर विभागीय दिवा-रात्रि टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट का समापन

आजाद सिपाही संवाददाता




**भुवनेश्वर।** पूर्व तट रेलवे स्पोर्टस एसोसिएशन, खोरधारोड द्वारा आयोजित अंतर विभागीय दिवा-रात्रि टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट का समापन किया गया। फाइनल मैच विद्युत (सामान्य) और विद्युत (परिचालन) विभागों के बीच मुकाबला हुआ। अंत में विद्युत विभाग टूर्नामेंट का चैंपियन बना। दिनांक 10.04.2024 को रेलवे स्टैडियम, खोरधारोड में अंतर विभागीय दिवा-रात्रि टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन किया गया था। इस टूर्नामेंट में खोरधारोड मंडल के कुल 12 विभागों ने भाग लिए। टूर्नामेंट के दौरान कुल 30 लीग मैच और दो सेमी-फाइनल मैच का आयोजन किया गया था। फाइनल मैच विद्युतविभाग और विद्युत विभागके बीच मुकाबला हुआ, जिसमें विद्युत विभाग ने 59 से मैच जीत लिया। एच एस बाजवा, मंडल रेल प्रबंधक, खोरधारोड ने विजेता और उपविजेता टीमों को ट्रॉफी प्रदान की। इस अवसर पर बाजवा टूर्नामेंट के श्रेष्ठ खिलाड़ियों को ट्रॉफी प्रदान की और सभी विजेता खिलाड़ियों कोभी बधाई दी। विद्युत विभाग के प्रकाश चंद्र साहु ने श्रेष्ठ वोलर की ट्रॉफी, वाणिज्य विभाग के पी.रवि किरन ने श्रेष्ठ फिल्डर की ट्रॉफी और वित्त विभाग के अजीत पट्टनायक ने श्रेष्ठ बेट्समैन की ट्राफी जीती। फाइनल मैच में खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए कल्याण पट्टनायक, अपर मंडल रेल प्रबंधक पूतरे महिला कल्याण संगठन के सदस्य, मान्यता प्राप्त यूनियनों के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे। अंतर विभागीय दिवा-रात्रि टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन हिमाद्री भूषण विश्वाल, स्पोर्टस अधिकारी और मंडल वित्त प्रबंधक, खोरधारोड के नेतृत्व किया गया था। सचिव मो जकीरुद्दीन ने मैचों का संचालन किया गया था।

## विधायक पर आचार संहिता के उल्लंघन का आरोप

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** ढेंकानाल के बीजेडी विधायक सुधीर कुमार सामल अपने विवादित फेसबुक पोस्ट के कारण सुर्खियों में हैं। उन्होंने अपने फेसबुक आईडी पर लोगों को साइकिल वितरित करते हुए तस्वीर पोस्ट की। पिछले शनिवार की रात, सुधीर ने ढेंकानाल सदर ब्लॉक के तहत अऊखमा गांव में एक समारोह में भाग लिया और लोगों को साइकिलें वितरित कीं। सूचना मुताबिक रविवार को उन्होंने इसकी फोटो अपने फेसबुक पर अपलोड की। इस पोस्ट को लेकर स्थानीय अंचल में सुर्खियों में हैं।

आवश्यकता
रोजगार विज्ञापन: चुनाव प्रचार हेतु 4000 से 5000 संख्या में प्रचारक की आवश्यकता है। समाज सेवा करने के साथ-साथ रोजगार का अवसर भी है
संपर्क करें -
मनोज कुमार: 82981 57476, वरुण कुमार :8709161626
मोहशीन अंसारी:6203 921 912,
Shop No.: 7&8, 1st Floor Srishti Complex, Near Firayalal Chowk, Ranchi, Jh.

S M Toy & School Furniture
Everything From A to Z For School, Playground, Playschool Park Playzone, Mails, Backyard, Recreation Zone, Society & Anganwadis
एक बार जरूर पधारे
Old Bank Colony, RMCH Road, Near Sadhu Maidan Shop
Add.: Industrial Area Kokar, Ranchi- 834001 (Jharkhand)
Mob. 7503729696, 9205624569

# सम शीतलापल्ली परिसर में बांझपन उपचार शिविर

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** ब्रह्मपुर इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज एंड सम हॉस्पिटल के शीतलापल्ली परिसर में रविवार को एक निशुल्क बांझपन उपचार और परामर्श शिविर आयोजित किया गया है। दक्षिण ओडिशा के विभिन्न हिस्सों से कई निःसंतान दंपत्तियों ने शिविर में भाग लिया और चिकित्सा सलाह और उपचार प्राप्त किया। आइएमएस और सम हॉस्पिटल भुवनेश्वर के सेंटर फॉर ह्यूमन रिप्रोडक्शन (सीएचआर) की प्रमुख प्रोफेसर (डॉ) सुजाता प्रधान ने शिविर में आए जोड़ों को आवश्यक चिकित्सा सलाह प्रदान की। कई जोड़ों ने प्रसव क्षमता संबंधी विभिन्न मुद्दों पर परामर्श प्राप्त किया। प्रोफेसर प्रधान ने कहा कि इस शिविर का मुख्य उद्देश्य इस क्षेत्र में बांझपन से पीड़ित रोगियों की समस्याओं का सही निदान कैसे किया जाए और उन्हें उचित उपचार कैसे प्रदान किया जाए। उन्होंने कहा कि सबसे पहले बांझपन के कारण की पहचान करने के बाद दंपत्ति को प्रभावी उपचार के बारे में सलाह दी जायेगी। जहां इस तरह का शिविर मार्च के आखिरी महीने में आयोजित किया गया था, वहीं आने वाले दिनों में हर महीने के तीसरे रविवार को सीएचआर और शीतलापल्ली सम अस्पताल के संयुक्त प्रयास से इस तरह के बांझपन उपचार और परामर्श शिविर का आयोजन किया जायेगा। अस्पताल के निदेशक देवप्रसाद दास ने कहा। आईएमएस और सम अस्पताल फुलनखरा परिसर के चिकित्सा अधीक्षक प्रोफेसर (डॉ) राजेश कुमार लेंका, शीतलापल्ली सम मल्टी स्पेशलिटी अस्पताल के डॉ स्मृतिरंजन पटनायक, डॉ. शुभाशिशा पाणीग्राही, डॉ. रिशिक सेन, सम अस्पताल भुवनेश्वर के डॉ. शुभांगी जेना उपस्थित थे। इस शिविर में अर्चना प्रियदर्शिनी त्रिपाठी एएनएस, नर्सिंग प्रभारी इति श्राबनी और अन्य नर्सिंग, क्लिनिकल और गैर-क्लिनिकल स्टाफ ने शिविर का संचालन किया।

बोरिंग के लिए संपर्क करे
जल ही जीवन
993106883
9113754813
रांची के अंदर कहीं भी अच्छे रेट में
Contact for : Deep Boring, 405" 6" 8" Dia All Motor & Pump Fitting, Building Material

RAJHANS ACADEMY
IIT-JEE | NEET | FOUNDATION
Creating Path Towards Success
BOOST your IIT-JEE/NEET/ Boards Preparation
ADMISSION OPEN
Upto 100% SCHOLARSHIP
ENGINEERING 11th 12th & 12th Pass | MEDICAL 11th 12th & 12th Pass | FOUNDATION 9th & 10th Pass
Call Us : 6287842201 / 02 / 03 / 04, 0651-4658773
302, 3rd Floor, Pranami Height, Circular Road (Lalpur), Ranchi-01
Email: rajhansacademy7@gmail.com | www.rajhansacademy.in

वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
VERMA PRESS
Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

# मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने छह जिलों की चुनाव तैयारी की समीक्षा

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** मुख्य निर्वाचन अधिकारी निकुंज बिहारी धल ने आज भुवनेश्वर में गोपबंधु प्रशासनिक अकादमी में खुर्दा, पुरी, कटक, नयागढ़, जगतसिंहपुर और केंद्रापड़ा जिलों की चुनाव तैयारियों की समीक्षा की। इस समीक्षा बैठक में उक्त छह जिलों के अंतर्गत आने वाले सभी संसदीय चुनाव क्षेत्रों और विधानसभा चुनाव क्षेत्रों में चुनाव की तैयारी को लेकर व्यापक चर्चा हुई। समीक्षा बैठक के प्रारंभ में मुख्य निर्वाचन अधिकारी नें समवर्ती आम चुनाव-2024" को स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शी, अनुशासित, त्रुटि रहित बनाने के प्रति मुख्य निर्वाचन अधिकारी की प्रतिबद्धता पर स्पष्ट राय व्यक्त की. और देश में सभी की भागीदारी से भरपूर।

उन पर गहन चर्चा हुई। वहीं, इन छह जिलों के सुरक्षा अधीक्षकों ने भी पीपीटी प्रेजेंटेशन के माध्यम से अपने-अपने जिलों की कानून व्यवस्था की तैयारी, जब्ती व्यवस्था, निरीक्षण व्यवस्था के बारे में सारी जानकारी मुख्य निर्वाचन अधिकारी के समक्ष रखी। इन सभी तथ्यों का विश्लेषण करने के बाद मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों, सुरक्षा अधीक्षकों, अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेटों, उपजिला मजिस्ट्रेटों, वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों और रिटर्निंग अधिकारियों को बूथ से त्रुटि रहित चुनाव कराने का निर्देश दिया।

कृष्णा ज्वेलर्स
Mob : 9973853279, 9031249105
समस्या है तो ! समाधान भी है !
आचार्य प्रणव मिश्रा
प्रसिद्ध ज्योतिष रत्न गोल्डमेडलिस्ट, M.M (ज्योतिर्विज्ञान) टॉपर 2012 एवं (P.h.D) रांची, वि. वि. रांची
गांधी चौक, सोनार गली, बीण वस्त्रालय के सामने अपर बाजार, रांची

# एनटीपीसी बोंगाईगांव ने विश्व पृथ्वी दिवस पर 50 से अधिक पौधे लगाये

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** एनटीपीसी बोंगाईगांव ने विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर 50 पौधे लगाकर एक स्थायी ग्रह के लिए खुद को प्रतिबद्ध किया। एनटीपीसी बोंगाईगांव के सीजीएम और व्यवसाय इकाई प्रमुख केसी मुरलीधरन के नेतृत्व में एनटीपीसी बोंगाईगांव के वरिष्ठ प्रबंधन ने अपने संयंत्र परिसर में विभिन्न प्रकार के पौधे लगाये। एनटीपीसी बोंगाईगांव के बिजनेस यूनिट प्रमुख श्री के सी मुरलीधरन ने बताया कि कैसे एनटीपीसी एक समूह कंपनी के रूप में सरकारों, व्यवसायों और नागरिकों को जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए प्रेरित करने पर ध्यान केंद्रित कर रही है। मुरलीधरन ने अपने हितधारकों के लिए एक स्वस्थ ग्रह बनाने की दिशा में एनटीपीसी बोंगाईगांव के प्रयासों पर भी प्रकाश डाला। इंदुरी एस रेड्डी, जीएम (ओ एंड एम) आशुतोष विश्वास, जीएम (ऑपरेशन) के साथ-साथ सोमनाथ भट्टाचार्य, एजीएम (बीई और प्रभारी ईएमजी और ऐश यूटिलाइजेशन) और विभागों के प्रमुखों और कर्मचारियों ने भी वृक्षारोपण कार्यक्रम में भाग लिया।

कार्यक्रम का आयोजन ईएमजी विभाग द्वारा किया गया।

ALPHA INSTITUTE OF COMPUTER EDUCATION
Franchise Benefit
☑ All Computer Courses
☑ Vocational Courses
☑ Authorization Letter
☑ Authorization Certificate
☑ Web Login ID & Password
☑ Study Material Support
☑ PDF Certificate in 24 Hrs
☑ Hard Copy Certificate & Mark sheet
☑ Students Placement Support
☑ Marketing Support
☑ Online & Offline Certificate
☑ Yearly Career Guidance
☑ Seminar in your City
FREE FRANCHISE
Certified with
For More Details Visit Now
Just Call Us : 9835502908
Email - alphaeducational.center@gmail.com | www.alphaec08.com
Registered office : 262, Delta Bhawan, Adarsh Nagar, Khorha Toli, Kokar Ranchi - Mob. 9835502908
Cooperate office : Kokar Chowk, Kokar, Ranchi Mob.: 9631103045
Cooperate office : Noorsarai, Near Police Station Nalanda, Bihar - Mob.: 7488289546

!! श्री गणेशाय नमः !!
झारखण्ड में अब तक का सबसे बड़ा मेला
अंडर वाटर फिश टनल सह डिजनी लैण्ड मेला
Date : 08.04.2024 से
Time : 4 -10 PM
Venue : Shahid Maidan, Dhurva, Ranchi
विशेषताएं
• परिवार के सभी सदस्यों के खरीददारी के लिए देश के हर कोने से 125 स्टॉल
• छोटे बड़े सभी के लिए झूले का प्रबंध
• अंडरवाटर फिश टनल में देशी विदेशी मछलियां
• रांची के लिए अजूबा टनल के अंदर सेल्फी प्वाइंट
Book Now .: 7004494715
Organiser : Krishna Kumar Shaw

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**